राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 27
लखनऊ, बुधवार 25 नवम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा में लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी 10

बेटियों का सम्मान और गरीबों का कल्याण सरकार का संकल्पः केशव प्रसाद 03

संक्षिप्त समाचार

राष्ट्रपति प्रकाश पर्व पर देशवासियों को दी बधाई

एजेंसी,नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह समेत कई पक्ष-विपक्ष नेताओं ने मंगलवार को गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व के अवसर पर देश और विदेश में रह रहे सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। राष्ट्रपति मुर्मु ने एक्स पर लिखा, गुरु नानक देव का इक ओंकार का संदेश वस्तुतः समस्त मानवता की एकता का संदेश है। उन्होंने जाति-पांति, ऊंच-नीच और भेदभाव से मुक्त समाज की स्थापना पर बल दिया तथा प्रेम, करुणा और मानव सेवा को जीवन का आधार बनाने की शिक्षा दी।

सेना पर हमले की फिराक में था, संदिग्ध गिरफ्तार

एजेंसी, मेरठ। एक संदिग्ध को



गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने पाकिस्तानी गैंगस्टर और आतंकी हैंडलर शहजाद भट्टी से कनेक्शन मामले में मेरठ के रहने वाले उजेद को गिरफ्तार किया है. उसे कश्मीर से पिछले साल पकड़े गए संदिग्ध आतंकी से पूछताछ के बाद अरेस्ट किया गया है. जांच एजेंसियों के मुताबिक, वह पिछले करीब छह महीने से जम्मू-कश्मीर में गिरफ्तार किए गए संदिग्ध आतंकी मोहम्मद साजिद के ऑनलाइन संपर्क में था सूत्रों के मुताबिक, उजेद, फिदायीन हमले की बात सोशल मीडिया पर कर रहा था. वह कश्मीर के जिस संदिग्ध आतंकी साजिद से संपर्क में था वह सेना पर फिदायीन हमले की तैयारी कर रहा था. उजेद भी साजिद से कहता था कि वो भी फिदायीन हमला करने को तैयार है. इसे लेकर मेरठ पुलिस दोपहर 12 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस मामले पर आगे की जानकारी देगी।

भूकंप से कांपा उत्तर बंगाल दो बार महसूस हुए झटके

एजेंसी,कोलकाता। मंगलवार सुबह भूकंप के झटकों से उत्तर बंगाल कांप उठा। सुबह करीब सात बजे सिलीगुड़ी और इसके आसपास के इलाकों में दो बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस भूकंप का केंद्र पड़ोसी देश नेपाल में था। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) की ओर से भूकंप की आधिकारिक तीव्रता को लेकर कोई जानकारी साझा नहीं की गई । शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक रिक्टर पैमाने पर कंपन की तीव्रता 5.4 मापी गई है। बताया जा रहा है कि इस भूकंप की उत्पत्ति नेपाल के कोशी क्षेत्र में जमीन से लगभग नौ किलोमीटर की गहराई में हुई थी।

भारत ए ने यूएई को सात विकेट से हराया

एजेंसी, दोहा। 15 वर्षीय भारतीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ राइजिंग स्टार्स एशिया कप में ऐतिहासिक पारी खेलते हुए लिस्ट ए क्रिकेट के कई रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए। उन्होंने महज 53 गेंदों में 204 रन ठोक दिए। इस दौरान उनके बल्ले से रिकॉर्ड 28 छक्के निकले। उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर भारत ए ने 250 रन का लक्ष्य केवल 14.2 ओवर में तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया और सात विकेट से शानदार जीत दर्ज की। वैभव ने 384.90 के असाधारण स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए सात चौके और 28 छक्के लगाए।

पंजाब का कल्याण गठबंधन की सर्वोच्च प्राथमिकता

अकाली दल की राजग में वापसी, पंजाब के विकास को मिलेगी नई गति: प्रधानमंत्री

एजेंसी, नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिरोमणि अकाली दल की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में वापसी का स्वागत करते हुए मंगलवार को कहा कि पंजाब और पंजाबियों के कल्याण को सर्वोपरि रखने वाला यह स्वाभाविक गठबंधन राज्य में जनहितैषी शासन सुनिश्चित करेगा और उसे प्रगति की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। मोदी ने श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर अकाली दल की राजग में वापसी को विशेष बताते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने संदेश में कहा कि उन्हें बेहद खुशी है कि शिरोमणि अकाली दल राजग परिवार में लौट रहा है और वह भी श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के दिन।

प्रधानमंत्री ने कहा, हमारा गठबंधन स्वाभाविक है, जो यह सुनिश्चित करेगा कि पंजाब में जनहितैषी शासन हो और राज्य प्रगति की नई ऊंचाइयों को छुए। उन्होंने कहा कि पंजाब और पंजाबियों का कल्याण गठबंधन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मोदी ने अकाली दल और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पुराने गठबंधन का उल्लेख करते हुए कहा कि इस गठबंधन को पूर्व प्रधानमंत्री अटल



बिहारी वाजपेयी, वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और शिरोमणि अकाली दल के दिवंगत नेता सरदार प्रकाश सिंह बादल ने आगे बढ़ाया था। यह गठबंधन समय की कसौटी पर खरा उतरा है। उन्होंने विश्वास जताया कि अकाली दल और भाजपा का यह गठबंधन पंजाब के लोगों की पहली पसंद बनकर उभरेगा। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में अकाली दल और भाजपा के आधिकारिक सोशल मीडिया खातों को भी टैग किया।

उल्लेखनीय है कि शिरोमणि अकाली दल और भाजपा का लंबे समय तक राजनीतिक गठबंधन रहा है। कृषि कानूनों के विरोध में अकाली दल ने सितंबर 2020 में राजग से नाता तोड़ लिया था। अब दोनों दलों के फिर साथ आने को पंजाब की राजनीति में महत्वपूर्ण घटनाक्रम के रूप में देखा जा रहा है।

समाज की प्रगति में दिखना चाहिए शैक्षणिक उत्कृष्टता का लाभः उपराष्ट्रपति



एजेंसी, नई दिल्ली।

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने मंगलवार को उभरती आर्थिक और सामाजिक चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग और साझेदारी मजबूत करने का आह्वान करते हुए कहा कि शैक्षणिक उत्कृष्टता का वास्तविक लाभ समाज की प्रगति में दिखाई देना चाहिए। उपराष्ट्रपति भवन में लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस (एलएसई), दिल्ली विश्वविद्यालय के दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स और इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक ग्रोथ (आईईजी) के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) के आदान-प्रदान समारोह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने यह बात कही।

भिलाई के विकास के लिए 154 करोड़ की सौगात

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुत बिजली योजना के तहत पांच हितग्राहियों को प्रदान किया प्रशस्ति पत्र

एजेंसी, रायपुर।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मंगलवार को इस्पात नगरी खुर्सीपार भिलाईवासियों को कुल 154 करोड़ 66 लाख 86 हजार रुपये की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने लोकार्पण एवं भूमिपूजन समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि, पिछले तीन वर्षों में नगर निगम भिलाई के विकास के लिए 886 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके है। मुख्यमंत्री ने बीएसपी टाउनशिप में रहने वाले नागरिकों के रिटेंशन आवास के किराए में हुई 24 गुना वृद्धि को लेकर सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ चर्चा के बाद अधिकारियों से बात की गई। इसके बाद मासिक किराए में बढ़ोतरी को कम कर 6 रुपये किए जाने का निर्णय लिया गया, जिससे हजारों परिवारों को राहत मिली है। मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार के बीते तीन वर्षों के विकास कार्यों और योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया गया कि, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन 1600 आवास बनाए जा रहे हैं, वहीं शहरी विकास के तहत तीन वर्षों में 77 हजार से अधिक मकानों का निर्माण कराया गया है।

उपमुख्यमंत्री अरूण साव कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि, छत्तीसगढ़ में तेजी से हो रहे विकास कार्यों और नगरीय सुविधाओं के विस्तार पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री द्वारा 154 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी गई है। प्रदेश में सरकार बनने के बाद पिछले तीन वर्षों में गांवों और शहरों का तेज गति से विकास हुआ है और छत्तीसगढ़ आज विकास की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने राजस्व विभाग के अंतर्गत यश ड्रीम चिटफंड कंपनी के निवेशकों को उनकी जमा राशि वापस करने की प्रक्रिया के तहत 3000 निवेशकों को कुल 3 करोड़ 16 लाख 54 हजार 889 रुपये की राशि का हस्तांतरण बटन दबाकर संबंधित निवेशकों को किया गया। सीएसपीडीसीएल के अंतर्गत प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत पांच हितग्राहियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

श्रद्धा के माध्यम से ही होती है ज्ञान की प्राप्तिः योगी

557वां प्रकाश पर्व पर डीएवी पीजी कॉलेज में मुख्यमंत्री हुए शामिल

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

सिख धर्म के संस्थापक और प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी का 557वां प्रकाश पर्व लखनऊ में मनाया गया। इस अवसर पर डीएवी पीजी कॉलेज में विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए। कार्यक्रम में गुरु नानक देव जी के जन्मदिवस पर श्रद्धा और सम्मान व्यक्त किया गया। सिख धर्म के संस्थापक एवं प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाश पर्व (जन्मदिवस) के अवसर पर राजधानी के डीएवी पीजी कॉलेज में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रकाश पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं ने गुरु नानक देव जी को नमन किया। सीएम योगी ने कहा कि आज कार्तिक पूर्णिमा की



नाम जपने और कीर्तन करने से दूर होती है अज्ञानता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरु नानक देव जी के संदेश आज भी समाज को एकता और सद्भाव की राह दिखाते हैं। उनके बताए मार्ग पर चलते हुए नाम जपने और कीर्तन करने से अज्ञानता दूर होती है। कीर्तन से समाज में एक शक्ति जागृत होती है। श्रद्धावान व्यक्ति को ही ज्ञान प्राप्त होता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने नाम जपने यानी ईश्वर का स्मरण करने का संदेश दिया। उनके अनुसार, ईश्वर का नाम लेने और कीर्तन करने से व्यक्ति अज्ञानता से दूर होता है। मन में नास्तिकता का भाव उत्पन्न नहीं होता और श्रद्धा के माध्यम से ज्ञान की प्राप्ति होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह गुरु नानक देव जी के मंत्रों और सिद्धांतों को मानते हैं। उन्होंने लंगर की परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि लोगों को एक साथ पंगत में बैठकर भोजन करते देखना समाज में समानता और एकता का संदेश देता है।

संध्या पर काशी में लाखों दीपक जलेंगे। ये मान्यता है कि भगवान शिव ने आज के दिन राक्षस त्रिपुरासुर का वध किया था। इसलिए ये आयोजन हर जगह उत्साह के साथ मनाया जाता है।गुरु नानक जी का एक ही उद्देश्य था कि धर्म पर धर्म की विजय हो। सत्य पर सत्य की विजय हो। याद करिए वो दौर जब बिखरा हुआ समाज था। मुख्यमंत्री ने गोस्वामी तुलसीदास जी की पंक्ति श्रद्धावान् लभते ज्ञान का उल्लेख करते हुए कहा कि श्रद्धा के माध्यम से ही ज्ञान की प्राप्ति होती है।

गुरु नानक देव जी महाराज भी कीर्तन के माध्यम से मनुष्य के भीतर श्रद्धा और सद्भाव का भाव जागृत करने की प्रेरणा देते हैं। मुख्यमंत्री ने लंगर की परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि सबको एक साथ लंगर चखते हुए देखना उन्हें बहुत अच्छा लगता है, जिसकी शुरुआत गुरु नानक जी ने की थी। उन्होंने गुरु नानक जी की बातों को याद करते हुए कहा कि उनकी शिक्षाएं हमें अन्याय के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणा देती हैं।

प्रयागराज और फर्रूखाबाद में भी भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं। अयोध्या और काशी में लाखों श्रद्धालु गंगा स्नान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर काशी की विश्वप्रसिद्ध देव दीपावली का आयोजन भी होना है, जिसमें लाखों दीप प्रज्ज्वलित होंगे। मान्यता है कि भगवान शिव ने इसी दिन त्रिपुरासुर का वध कर धरती को आतंक से मुक्त कराया था।

विस चुनावः सपा ने कांग्रेस को 26 सीटों का दिया प्रस्ताव

एजेंसी, नई दिल्ली।

कांग्रेस अध्यक्ष ने बातचीत को सकारात्मक व सार्थक बताया

उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे को लेकर दूसरे दौर की बातचीत मंगलवार को भी जारी रही। करीब साढ़े तीन घंटे चली बैठक में दोनों दलों ने सीट-दर-सीट चर्चा की लेकिन अभी कोई अंतिम सहमति नहीं बनी है। सपा ने कांग्रेस को शुरुआती तौर पर 26 सीटों का प्रस्ताव दिया है, जबकि कांग्रेस 100 से 140 सीटों के बीच चुनाव लड़ने की मांग कर रही है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा 'मोना' ने बैठक के बाद बातचीत को सकारात्मक और सार्थक बताया। उन्होंने कहा कि जल्द ही दोनों दल अगले दौर की बैठक की



तारीख तय करेंगे। आराधना मिश्रा ने कहा कि आज गठबंधन के बीच सीट-दर-सीट सकारात्मक चर्चा हुई है। सभी सीटों पर एक-एक कर बातचीत की गई है और यह प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों का मत है कि सभी सीटों पर चर्चा होनी चाहिए। गठबंधन को मजबूती से आगे बढ़ाया जाएगा और जल्द ही इसकी घोषणा कर चुनाव की तैयारियां शुरू की जाएंगी। उन्होंने कहा कि साढ़े तीन घंटे चली बैठक में सीटों पर चर्चा हुई है और अभी बातचीत समाप्त नहीं हुई है। अगली बैठक की तारीख जल्द तय की जाएगी।

यूपी में कांग्रेस का अस्तित्व नहीं : अपर्णा

प्रदेश में एक बार फिर भाजपा का कमल खिलेगा और जनता अपना जवाब देगी



समृद्धि न्यूज, श्रावस्ती।

नेशनल मेडिकोज ऑर्गनाइजेशन एवं श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को भिनगा स्थित जूनियर हाईस्कूल परिसर में गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 7.0 के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव शामिल हुईं। आयोजन समिति की ओर से बुके भेंटकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान अपर्णा यादव ने स्वास्थ्य मेले का जायजा लिया और चिकित्सा सेवाओं की जानकारी ली। मेले में एम्स, पीजीआई, मेडिकल कॉलेज, लोहिया संस्थान और विजयलक्ष्मी आई हॉस्पिटल सहित विभिन्न चिकित्सा संस्थानों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर और रक्त संबंधी जांच निःशुल्क की गईं। चिकित्सकों ने मरीजों को आवश्यक परामर्श देने के साथ मुफ्त दवाओं का वितरण भी किया। पत्रकारों से

महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करने वालों को दी नसीहत

एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के बयान को लेकर पूछे गए सवाल पर अपर्णा यादव ने कहा कि महिलाओं के प्रति निम्न स्तर की टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने रावण का उदाहरण देते हुए कहा कि जब इतना ज्ञानी रावण नहीं बचा तो ये लोग क्या हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अपनी नेतागिरी चमकाने के लिए महिलाओं के बारे में इस तरह की टिप्पणियां करते हैं, जो उचित नहीं है।

बातचीत के दौरान अपर्णा यादव ने राजनीतिक सवालों पर बेबाकी से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ दोबारा सरकार बनाएगी। प्रदेश में एक बार फिर भाजपा का कमल खिलेगा और जनता अपना जवाब देगी।

तलाशना होगा शहरी कचरा प्रबंधन का स्थायी समाधानः मुख्यमंत्री



एजेंसी, ओसाका जापान।

कर्नाटक के शहरों में कचरा प्रबंधन की समस्या का स्थायी समाधान तलाशने और कचरे से बिजली उत्पादन की आधुनिक तकनीकों का अध्ययन करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के नेतृत्व में राज्य का प्रतिनिधिमंडल जापान दौरे पर है। प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को ओसाका स्थित मैशिमा कचरा दहन संयंत्र का दौरा कर वहां की आधुनिक कचरा प्रबंधन व्यवस्था, प्रसंस्करण तकनीक और बिजली उत्पादन प्रणाली का जायजा लिया। मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने कहा कि जापान यात्रा का मुख्य उद्देश्य कर्नाटक के शहरों में कचरा प्रबंधन की समस्या का प्रभावी समाधान तलाशना और कचरे से ऊर्जा उत्पादन की वैश्विक तकनीकों को समझना है। उन्होंने कहा कि शहरी नियोजन, बुनियादी ढांचे और पर्यावरण प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक पहचान रखने वाले ऐसे मॉडलों का अध्ययन कर उन्हें कर्नाटक में अपनाने की संभावनाएं तलाशना सरकार का लक्ष्य है।

चार स्कूली बच्चों की मौत, 24 की हालत नाजुक

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर बड़ा हादसा,बस को ट्रक ने मारी टक्कर



समृद्धि न्यूज, कन्नौज।

लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार सुबह एक सड़क हादसे में चार स्कूली बच्चों की मौत हो गई, जबकि 25 बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा ठठिया थाना क्षेत्र में माइलस्टोन 210 के पास सुबह करीब 6:30 बजे हुआ। आगरा से पिकनिक मनाकर लौट रही कौशांबी के ओरिएंटल पब्लिक स्कूल की बस को पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे बस का पिछला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और कई सीटें उखड़ गईं।

बस में सवार बच्चे अंदर ही फंस गए। बताया गया कि बच्चों को टॉयलेट कराने के लिए चालक ने बस एक्सप्रेस-वे किनारे खड़ी की थी। इसी दौरान पीछे से आए ट्रक ने बस में टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से राहत एवं बचाव अभियान चलाया। काफी मशक्कत के बाद बच्चों को बस से बाहर निकालकर एंबुलेंस से तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने चार बच्चों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान आर्यन चौरसिया (14), रजिउल्लाह (16), जैद मिर्जा (17) और अरमान (17) के रूप में हुई है। आर्यन और रजिउल्लाह कौशांबी के अफजलपुरवारी मोहब्बतपुर के निवासी थे, जबकि जैद फतेहपुर के निदौरा और अरमान गौरे खकरेड़ के रहने वाले थे।

अधिवक्ता हिमांशु शेखर 28 नवंबर तक ईडी के रिमांड पर

एजेंसी,रायपुर। महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली के अधिवक्ता हिमांशु शेखर उर्फ मोहित को गिरफ्तार किया है। रायपुर की विशेष पीएमएलए अदालत ने इस हाई-प्रोफाइल मामले में पहली बार आधी रात तक सुनवाई करते हुए आरोपित अधिवक्ता को 28 नवंबर तक ईडी की कस्टोडियल रिमांड पर भेज दिया है। जांच एजेंसी के मुताबिक, महादेव ऐप के मुख्य प्रमोटर सौरभ चंद्राकर को 13 से 19 नवंबर के बीच रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई थी, जिसमें हिमांशु शेखर की भूमिका सामने आई। आरोप है कि हिमांशु पिछले तीन सालों में कई बार दुबई गया और वहां सौरभ चंद्राकर से मुलाकात की। उसने महादेव ऐप और उसके प्रमोटरों के खिलाफ चल रहे सभी आपराधिक मामलों को रफा-दफा कराने का भरोसा दिलाया था। हिमांशु के देश छोड़कर भागने की आशंका पर ईडी ने लुकआउट सर्कुलरजारी किया था।

परियोजनाओं की प्रगति के लिए होगा ऋण का इस्तेमाल

ऋण सुविधा

भारत से नेपाल को मिलेगा 56 अरब रूपये का अनुदान वित्त मंत्री वाग्ले

एजेंसी, काठमांडू।

नेपाल के वित्त मंत्री डॉ. स्वर्णिम वाग्ले ने कहा है कि भारत से रियायती ऋण के रूप में मिलने वाले 184 अरब नेपाली रुपये का इस्तेमाल जरूरत और परियोजनाओं के निर्माण की प्रगति के आधार पर किया जाएगा। इसके लिए भारत की ओर से उपलब्ध कराई गई राशि 'लाइन ऑफ क्रेडिट' (ऋण सुविधा) के रूप में होगी।

प्रतिनिधि सभा की अर्थ समिति की बैठक में मंगलवार को भारत यात्रा के दौरान हुए समझौतों और सहमतियों



को लेकर सांसदों के सवालों का जवाब देते हुए वित्त मंत्री वाग्ले ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नेपाल को भारत से 56 अरब रुपये अनुदान और 184 अरब रुपये की लाइन ऑफ क्रेडिट के रूप में वित्तीय सहायता मिलेगी। इससे नेपाल के बुनियादी ढांचे और ऊर्जा क्षेत्र के विकास के लिए वित्तीय संसाधनों की कमी नहीं होगी। वाग्ले के मुताबिक नेपाल में करीब 40 हजार मेगावाट बिजली उत्पादन की क्षमता है। इस संभावना को साकार करने के लिए बड़े निवेश की आवश्यकता होगी। इसी को ध्यान में रखते हुए भारत के साथ 184 अरब रुपये की ऋण सुविधा का प्रावधान किया गया है।

भैरहवा एयरपोर्ट के लिए दोतरफा हवाई मार्ग बड़ी उपलब्धि

वित्त मंत्री वाग्ले ने भारत के साथ भैरहवा स्थित गौतम बुद्ध अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए दोतरफा हवाई मार्ग उपलब्ध कराने पर बनी सहमति को नेपाल की महत्वपूर्ण कूटनीतिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि नेपाल पिछले 10 से 12 वर्षों से इस सुविधा की मांग करता आ रहा था। अब तक हवाई मार्ग एकतरफा था, लेकिन भारत के साथ हुई सहमति के बाद इसे दोतरफा बनाने का रास्ता खुल गया है। सरकार का मानना है कि इससे नेपाल के नागरिक उड्डयन क्षेत्र में सुधार और अंतरराष्ट्रीय हवाई संपर्क के विस्तार में मदद मिलेगी।

अकाली दल की राजग में वापसी पंजाब के लिए जरुरी : शाह

एजेंसी, नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शिरोमणि अकाली दल की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में वापसी का स्वागत करते हुए मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और अकाली दल का गठबंधन केवल राजनीतिक गठबंधन नहीं बल्कि साझा विरासत और संकल्प पर आधारित स्वाभाविक साझेदारी है, जिसने हमेशा पंजाब में शांति और प्रगति को प्राथमिकता दी है। शाह ने श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी संदेश में अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल और उनके सभी साथियों का राजग में वापसी पर हृदय से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि दोनों दलों का फिर एक मंच पर आना स्वाभाविक भी है और पंजाब के लिए आवश्यक भी है। गृह मंत्री ने कहा कि नशामुक्त पंजाब का निर्माण, गैंगस्टरों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के लिए सख्त कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करना, राज्य का आर्थिक विकास और किसानों की समस्याओं का समाधान राजग की प्रमुख प्राथमिकताएं हैं।

संक्षिप्त खबरें

पांच ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

मसौली बाराबंकी। शादी के 3 वर्ष बीत जाने के बाद भी दहेज मे एक लाख रुपये सहित सोने की चेन वाशिंग मशीन कूलर एव फ्रिज की मांग पर अड़े ससुराली जनो पर पीड़ति विवाहिता की तहरीर पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा पति सहित 5 लोगो पर दर्ज किया गया है। देवा थाना क्षेत्र के ग्राम टीप निवासी रामलखन की पीड़ति पुत्री आरती देवी ने थाना मसौली मे तहरीर देते हुए बताया कि 3 वर्ष पूर्व मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम मलौली निवासी दीपू पुत्र माताप्रसाद के साथ हिंदू रीति रिवाज के अनुसार विवाह हुआ था विवाह के बाद से ही पति दीपू दहेज में एक लाख रुपये सोने की चेन वाशिंग मशीन कूलर और फ्रिज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने तथा मारपीट करते थे पीड़ति के एक वर्ष की पुत्री पीड़िता के अनुसार उसका विवाह करीब तीन वर्ष पूर्व ग्राम मलौली निवासी दीपू कुमार पुत्र स्वर्गीय माता प्रसाद के साथ हिंदू रीति रिवाज से हुआ था। दंपति की एक वर्षीय पुत्री आरोही भी है। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही पति और ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की जाती थी। प्रताड़ना के चलते उसे अधिकांश समय मायके में गुजारना पड़ा। पीड़िता ने आरोप लगाया कि 22 नवंबर की रात करीब 10 बजे, जब गांव में पड़ोस के यहां श्रीमद्भागवत कथा चल रही थी तभी पति दीपू कुमार, सास फूलमती, ननद मीना कुमारी, देवर इंद्रजीत और जेठ विक्रम ने घर का बाहरी दरवाजा बंद कर दहेज की मांग करते हुए उसके साथ लात घूंसों से मारपीट की। आरोप है कि ससुरालीजनों ने जान से मारने और जलाकर खत्म करने की धमकी देते हुए उसे घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता का आरोप है कि सास और ननद उसके पति की दूसरी शादी कराने की धमकी भी दे रही हैं। घटना के बाद से पीड़िता और उसके मायके पक्ष के लोग भयभीत हैं। थाना प्रभारी छोटेलाल ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

पुलिस अधीक्षक ने गुरू नानक जयन्ती के पर्व पर गुरूद्वारा में जाकर अर्पित किए गए श्रृद्धा सुमन



बाराबंकी। गुरू नानक जयन्ती के पावन पर्व के अवसर पर पुलिस अधीक्षक रवीना त्यागी द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्र स्थित गुरूद्वारा में जाकर गुरू ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेका गया एवं श्रृद्धा सुमन अर्पित किए गए। इसके पश्चात एसपी ने गुरूद्वारा परिसर में आयोजित लंगर में सहभागिता करते हुए श्रद्धालुओं को लंगर भी वितरित किया गया । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त जनपदवासियों एवं सिख समाज के लोगों को गुरू नानक जयन्ती की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं तथा पर्व को आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गई। साथ ही, त्यौहार के दृष्टिगत गुरूद्वारा व आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था का जायजा लेते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

कार्तिक पूर्णिमा पर कोटवाधाम में लगा श्रद्धालुओं का मेला

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। कोटवाधाम में कार्तिक पूर्णिमा पर बड़े बाबा समर्थ साहेब जगजीवन दास के मंदिर में श्रद्धालु पहुंचे।मंगलवार को सीतापुर, बहराइच, श्रावस्ती, गोंडा, अयोध्या, अंबेडकरनगर और लखीमपुर समेत कई जिलों से लोग रात में ही आ गए।श्रद्धालुओं ने कतार में लगकर दर्शन किए और प्रसाद चढ़ाया।सुरक्षा के लिए कोतवाली बदोसराय की पुलिस के साथ बाहर से भी पुलिस और पीएसी तैनात की गई।मंदिर परिसर में महिला और पुरुष पुलिसकर्मी मौजूद रहे।मंदिर से बाहर तक लाइन और बैरिकेडिंग लगाई गई।इससे श्रद्धालुओं को कतार में प्रसाद चढ़ाने में आसानी हुई।मेले में पुलिस चौकी और खोया-पाया केंद्र बनाया गया।अभरण सरोवर में श्रद्धालुओं ने स्नान किया।सुरक्षा पर नजर रखने के लिए मेला परिसर में जगह-जगह कैमरे लगाए गए।उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर अनिल कुमार सरोज ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के मेले में प्रशासन लगातार तैनात है।मेला परिसर में तीन बड़ी पार्किंग बनाई गई हैं।बदोसराय से कोटवाधाम की ओर जाने वाले बड़े वाहनों को कोटवाधाम जाने से रोका जा रहा है ताकि श्रद्धालुओं को परेशानी न हो।

नाबालिग से अप्राकृतिक दुष्कर्म के अभियुक्त को आजीवन कारावास, एक लाख का जुर्माना

बाराबंकी। ऑपरेशन कनविक्शन के तहत चिन्हित अभियोग की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप न्यायालय द्वारा अप्राकृतिक दुष्कर्म की घटना से सम्बन्धित अभियुक्त को आजीवन कारावास व एक लाख रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ द्वारा दिये गये आदेशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक रवीना त्यागी के निर्देशन में जघन्य अपराधों में लिप्त अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वैज्ञानिक विधि से साक्ष्य संकलन एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए न्यायालय में प्रभावी पैरवी व साक्ष्य हेतु महत्वपूर्ण गवाहों को प्रस्तुत कराकर न्यूनतम समय में अधिकतम सजा दिलाये जाने की कार्यवाही की जा रही है । इसी क्रम में थाना मसौली पर नाबालिक के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0-284/2022 धारा-377 भादवि व 5डी/6 पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त इमामुदीन उर्फ बौरा पुत्र मैनुदीन निवासी ग्राम करसण्डा मजरे नेवला थाना मसौली जनपद बाराबंकी को उपरोक्त धाराओं में मा0 अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) कोर्ट न-46 बाराबंकी द्वारा दोषसिद्ध करते हुए अभियुक्त आजीवन कारावास व 100,000/- रू0 के अर्थदण्ड* से दण्डित किया गया । उक्त कार्यवाही से जनता में न्याय के प्रति विश्वास बढा तथा पुलिस पैरवी के इस प्रयास की जनता द्वारा भूरि भूरि प्रशंसा की गयी।

माँ पीतांबरा एचपी पेट्रोल पंप पर हैप्पी बाईट शॉप का भव्य शुभारंभ

हैदरगढ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। लखनऊ-सुल्तानपुर रोड स्थित माँ पीतांबरा एचपी पेट्रोल पंप परिसर में आज हैप्पी बाईट शॉप का भव्य शुभारंभ किया गया। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, लखनऊ के रीजनल मैनेजर विवेक कुमार सिंह ने फीता काटकर शॉप का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर एचपीसीएल के सीनियर मैनेजर एनएफवी राजेश यादव, सीनियर सेल्स ऑफिसर अयोध्या रोचक कुमार, सीनियर सेल्स ऑफिसर लखनऊ ईस्ट अनुराग ठाकुर एवं जितेंद्र मिश्रा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेमनारायण दीक्षित 'पप्पू दीक्षित', अवधेश सिंह चंदेल, प्रधान जरौली भानु बाजपेयी, प्रधान बेलहरी अजय प्रताप सिंह चौहान, प्रधान मोहम्मदपुर अभय प्रताप सिंह 'गुड्डू', पत्रकार संदीप प्रताप सिंह, सचिन सिंह प्रधान ककरी, पूर्व प्रधान गौरी नीरज सिंह, अमरेंद्र प्रताप सिंह 'प्रिंशू', गप्पू वर्मा, मनोज सिंह 'चिलूला', धर्मेंद्र सिंह 'अन्नू' एवं विष्णु बहादुर सिंह 'अन्नू' सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं शुभचिंतक मौजूद रहे। शॉप के शुभारंभ पर उपस्थित लोगों ने प्रतिष्ठान के संचालक को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस नई पहल से पेट्रोल पंप पर आने वाले ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया गया है।

एक सशक्त बूथ ही चुनाव में जीत की नींव रखता है: दिनेश प्रताप सिंह

- आगामी चुनावों की तैयारियों को लेकर प्रभारी मंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ की महत्वपूर्ण बैठक
- प्रभारी मंत्री ने आगामी चुनावों के मद्देनजर संगठन की तैयारियों की समीक्षा



समृद्धि न्यूज़

बहराइच भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जनपद के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी चुनावों के मद्देनजर संगठन की तैयारियों की समीक्षा करना और मतदाता सूची में नए वोट बढ़ाने के अभियान को गति देना रहा। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर पात्र युवाओं और छूटे हुए नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर करें। प्रभारी मंत्री ने कहा कि एक सशक्त बूथ ही चुनाव में जीत की नींव रखता है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभानी होगी। इस दौरान उन्होंने जमीनी स्तर पर चल रही चुनावी तैयारियों का फीडबैक भी लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आगामी चुनावों के लिए कमर कसने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जिले का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत करने तथा मतदाता पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने में जुटा हुआ है। श्री पांडे ने विश्वास दिलाया कि जिला संगठन प्रभारी मंत्री के मार्गदर्शन में बूथ स्तर तक अपनी तैयारियों को और धार देगा और आगामी चुनावों में पार्टी की बड़ी जीत सुनिश्चित करेगा। बैठक में सांसद आनंद गौड़,विधायक सुरेश्वर सिंह,सुभाष त्रिपाठी,अनुपमा जायसवाल, सरोज सोनकर, एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी,पदम सेन चौधरी,पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा,पूर्व विधायक माधुरी वर्मा,अरुणवीर सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष संचित सिंह , जिला महामंत्री रणविजय सिंह सुनील श्रीवास्तव सुबेद वर्मा, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बकरी के छत पर जाने के विवाद में मारपीट, घायल की मौत; तीन गिरफ्तार, बाल अपचारी हिरासत में

- गेहूं खाने को लेकर पड़ोसियों में हुआ था विवाद, उपचार के लिए ले जाते समय हुई अलमदार हुसैन की मौत



समृद्धि न्यूज़

बलरामपुर। उतरौला कोतवाली क्षेत्र के गांधी नगर, बरदही बाजार में बकरी के दूसरे पक्ष की छत पर चले जाने और वहां सुखाने के लिए रखे गेहूं खाने को लेकर हुए विवाद में मारपीट के दौरान घायल एक व्यक्ति की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया गया है। पुलिस के अनुसार, 21 नवंबर को नाजमा बानो पत्नी अलमदार हुसैन निवासी मोहल्ला गांधी नगर, बरदही बाजार ने उतरौला कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनकी बकरी पड़ोसियों की छत पर चली गई थी। इसी बात को लेकर अरुन कुमार वर्मा, अजय कुमार वर्मा, अध्यान्त पटेल उर्फ कुल्लू और एक बाल अपचारी ने एकराय होकर उनके साथ, उनके पति अलमदार हुसैन तथा पुत्र मोहम्मद आलिम के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चारों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 351(3) और 352 के तहत मुकदमा दर्ज किया था। मारपीट में घायल अलमदार हुसैन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उच्च चिकित्सा केंद्र के लिए रेफर कर दिया। हालांकि, उपचार के लिए ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। शव का पंचनामा और पोस्टमार्टम कराने के बाद मुकदमे में भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 की बढ़ोतरी की गई।

शोध निर्देशक आवंटन पर शोधार्थियों में असंतोष

बलरामपुर। माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय में पीएच.डी. शोधार्थियों को शोध निर्देशक आवंटित किए जाने के बाद असंतोष सामने आया है। विभिन्न विषयों के शोधार्थियों ने कुलसचिव को ई-मेल और लिखित पत्र भेजकर आवंटन प्रक्रिया की पुनर्समीक्षा की मांग की है। शोधार्थियों का आरोप है कि आवेदन के समय दिए गए शोध निर्देशक संबंधी विकल्पों को पर्याप्त महत्व नहीं दिया गया। कई शोधार्थियों को ऐसे निर्देशक आवंटित किए गए हैं, जिनकी विषयगत विशेषज्ञता और उनकी शोध रुचि में उचित सामंजस्य नहीं है। वहीं, कुछ शोध केंद्र निवास स्थान से काफी दूर होने के कारण नियमित आवागमन में भी परेशानी हो रही है। शोधार्थियों ने मांग की है कि उपलब्ध सीटों, उनकी प्राथमिकताओं और शोध निर्देशकों की विशेषज्ञता को ध्यान में रखते हुए आवंटन सूची की दोबारा समीक्षा की जाए।

स्वास्थ्य यात्रा में 17,890 मरीजों का उपचार

समृद्धि न्यूज़

बलरामपुर। गुरु गोरक्षनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 7.0 के तहत नेपाल सीमा से सटे क्षेत्रों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का शुभारंभ हुआ। पहले दिन जिले के पचपेड़वा, गैसड़ी, तुलसीपुर और हरैया सतघरवा विकासखंडों के 37 गांवों में शिविर लगाए गए, जिनमें विभिन्न प्रांतों से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 17,890 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें उपचार और चिकित्सकीय परामर्श दिया। गढ़वा, सोंगड़ा, नवलगढ़, हेमपुर गणेशपुर, पिपरहवा चौराहा, लक्ष्मीनगर, जनकपुर, दूदवालिया, कुष्महार, प्रेमनगर, पिपरादुर्गानगर और बघेलखंड सहित विभिन्न गांवों में आयोजित शिविरों में चिकित्सकों ने सेवाएं दीं। इनमें डॉ. शिवम, डॉ. तावसी, डॉ. अर्पित, डॉ. अमूल्य, डॉ. अनीता, डॉ. अमित कुमार, डॉ. सौरभ, डॉ. विनोद शुक्ला, डॉ. अखिल, डॉ. सूर्यांशु, डॉ. राहुल, डॉ. गुरुतेज और डॉ. डीएन सिंह शामिल रहे। शिविरों में खून की कमी, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, त्वचा, दांत, आंख और पेट संबंधी बीमारियों से पीड़ित मरीज पहुंचे। इसके साथ ही सर्दी, जुकाम, बुखार और खांसी के मरीजों की भी जांच की गई। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मुकेश रस्तोगी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने यात्रा में सहयोग प्रदान किया। राष्ट्रीय चिकित्सा संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ. शरद सिंह, सचिव डॉ. विकल्प मिश्रा, प्रांत सचिव डॉ. शिवम मिश्रा, प्रांत प्रवास प्रमुख डॉ. तावसी और विभाग सेवा प्रमुख श्याम सुंदर सहित अन्य पदाधिकारियों ने हेमपुर गणेशपुर, पिपरहवा चौराहा, गढ़वा, जमुनी कला और प्रेमनगर के शिविरों का निरीक्षण किया। यात्रा संयोजक राम कृपाल शुक्ला ने बताया कि इस वर्ष जिले के 72 गांवों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पहले दिन 37 गांवों में शिविर लगाए गए, जबकि 23 नवंबर को शेष 35 गांवों में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री का बलरामपुर में स्वागत, चारों विधानसभा क्षेत्रों में बैठक

- संगठन की मजबूती और जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर दिया जोर



समृद्धि न्यूज़

बलरामपुर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी के जनपद बलरामपुर में प्रथम आगमन पर बिजलीपुर मंदिर के पास पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत किया। जनपद प्रवास के दौरान हरीश द्विवेदी ने उतरौला, गैसड़ी, तुलसीपुर और बलरामपुर सदर विधानसभा क्षेत्रों में अलग-अलग संगठनात्मक बैठकें कीं। बैठकों में पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, मंडल अध्यक्षों, बूथ अध्यक्षों तथा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से संवाद कर संगठन की गतिविधियों, कार्यप्रणाली और आगामी कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने। बैठकों में जनपद के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सतीश शर्मा भी शामिल हुए। राष्ट्रीय महामंत्री और प्रभारी मंत्री ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए नियमित बैठकें आयोजित करने, पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को लगातार क्षेत्र में प्रवास करने तथा बूथ स्तर तक संगठनात्मक गतिविधियों को सक्रिय रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती आपसी समन्वय, संवाद और कार्यकर्ताओं की निरंतर सक्रियता से सुनिश्चित होती है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। इसके लिए जनसंपर्क अभियान चलाकर योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाई जाए। बैठकों में कार्यकर्ताओं द्वारा उठाई गई समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके समाधान के लिए आवश्यक पहल का आश्वासन भी दिया गया।

प्रभारी मंत्री ने विकास कार्यों की समीक्षा कर दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज़

बलरामपुर। जनपद के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को जनपदीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में संचालित विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि शासन की मंशा के अनुरूप पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समय से उपलब्ध कराया जाए। सभी विकास कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए विकास कार्यों, आधारभूत सुविधाओं और जनसमस्याओं से जुड़े विषयों पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि आमजन की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप विभागीय योजनाओं और विकास कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाने पर भी जोर दिया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, बलरामपुर सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, निवर्तमान विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू, नगर पालिका परिषद बलरामपुर के अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक मार्तंड प्रकाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

रिहाना किस अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट पर करे विश्वास...

- दो अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट में बताया एक बच्चा, प्रसव के दौरान जुड़वां बच्चों ने लिया जन्म



समृद्धि न्यूज़

बहराइच। जिले में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही का असर आम लोगों पर दिख रहा है। स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली और अल्ट्रासाउंड जांच की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा करने वाला मामला सामने आया है। जनपद के ग्राम सिंहपुर घिसयौना, थाना हुजूरपुर निवासी रीहाना पत्नी यासीन ने दो अलग-अलग अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर गलत रिपोर्ट देने का आरोप लगाया है। रीहाना के मुताबिक, उन्होंने पहली बार 9 मई 2026 को चिरैयाटांड़ स्थित वर्मा अल्ट्रासाउंड और दूसरी बार 11 अगस्त 2026 को कैसरगंज स्थित राज पैथोलॉजी में अल्ट्रासाउंड जांच कराई थी। दोनों जांच रिपोर्ट में गर्भ में एक ही बच्चे की जानकारी दर्शाई गई थी। इसके बाद 3 अक्टूबर 2026 को चिरैयाटांड़ स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के दौरान उन्होंने जुड़वां बच्चों को जन्म दिया। खास बात यह रही कि दोनों बच्चों का जन्म महज 15 मिनट के अंतराल पर हुआ। महिला के पास दोनों बच्चों के जन्म प्रमाणपत्र भी मौजूद हैं।महिला ने वीडियो के माध्यम से अपनी पीड़ा जाहिर करते हुए जिलाधिकारी बहराइच, मुख्य चिकित्सा अधिकारी और मुख्यमंत्री से शिकायत कर मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि जांच में लापरवाही अनियमितता सामने आई है तो इनके संबंधित खिलाफ दोनो अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।उन्होंने नियमों का उल्लंघन करने वाले केंद्रों पर भी कार्रवाई की मांग उठाई है, ताकि भविष्य में किसी अन्य गर्भवती महिला को ऐसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से दंपती की दर्दनाक मौत, पोता गंभीर

बहराइच। समृद्धि न्यूज़ जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र में सोमवार शाम तेज रफ्तार ईंट लदी ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार दंपती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका पोता गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, केवलपुर भड़का गांव निवासी गया प्रसाद (58) अपनी पत्नी बितानी देवी (55) और पोते रोहित के साथ सोमवार शाम करीब चार बजे मोटरसाइकिल से रायपुर की तरफ जा रहे थे। भवानीपुर महजीदिया मोड़ के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही ईंट लदी ट्रैक्टर-ट्राली के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गया प्रसाद और उनकी पत्नी बितानी देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया।

भाजपा कार्यालय पहुंचे प्रदेश सह-प्रभारी डॉ. प्रदीप वर्मा

- आगामी चुनाव व अभियानों को लेकर कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र



समृद्धि न्यूज़

बहराइच। भारतीय जनता पार्टी के आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों और चुनाव की तैयारियों को लेकर मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय मंत्री /उत्तर प्रदेश भाजपा के सह-प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा का आगमन हुआ। पार्टी कार्यालय पहुंचने पर जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय के नेतृत्व में जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा डॉ. प्रदीप वर्मा का भव्य स्वागत किया गया। बैठक के दौरान उन्होंने आगामी चुनाव और पार्टी के विभिन्न अभियानों के मद्देनजर तैयार की गई रणनीति को कार्यकर्ताओं के साथ साझा किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डॉ. प्रदीप वर्मा ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया और कहा कि आगामी चुनाव में जीत के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर काम करना होगा। उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। अध्यक्षीय संबोधन में जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि जिले का संगठन पूरी मजबूती के साथ आगामी कार्यक्रमों और चुनावी लक्ष्यों को पूरा करने के लिए तैयार है। बैठक में सांसद आनंद गौड़,विधायक सुरेश्वर सिंह,सुभाष त्रिपाठी,अनुपमा जायसवाल, सरोज सोनकर, एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी,पदम सेन चौधरी,पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा,पूर्व विधायक माधुरी वर्मा,अरुणवीर सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष संचित सिंह , जिला महामंत्री रणविजय सिंह सुनील श्रीवास्तव सुबेद वर्मा, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोरी) एवं मातृ-पितृ सदन वृद्धाश्रम का न्यायाधीशों ने किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज़



बाराबंकी। उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्देशों के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव के नेतृत्व में राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोरी), बाराबंकी का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान भावना सिंह, डिप्टी कलेक्टर एवं आफताब आलम, क्षेत्राधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्रीमती शाम्भवी यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्री उज्ज्वल उपाध्याय, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीमती नेहा चौधरी, प्रधान मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड तथा सूरज सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा सम्प्रेक्षण गृह में निरुद्ध किशोरियों से उनके मुकदमों की स्थिति एवं न्यायालय में पैरवी के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। जिन किशोरियों के मुकदमों में पैरवी हेतु अधिवक्ता उपलब्ध नहीं हैं, उनके लिए निःशुल्क विधिक सहायता के अन्तर्गत अधिवक्ता उपलब्ध कराए जाने हेतु संबंधित किशोरियों के प्रार्थना पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में उपलब्ध कराए जाने के निर्देश अधीक्षिका, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह को दिए गए। इसके अतिरिक्त सम्प्रेक्षण गृह में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाए रखने तथा किशोरियों को निर्धारित मीनू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण नाश्ता एवं भोजन उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए। किशोरियों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए चिकित्सकों की टीम द्वारा समय-समय पर नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराए जाने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान कुछ किशोरियों द्वारा अवगत कराया गया कि काफी समय से उनकी अपने परिजनों से दूरभाष के माध्यम से वार्ता नहीं हो पा रही है।

राष्ट्रीय लोकदल में संगठनात्मक नियुक्तियों का ऐलान, अमन पांडेय छात्र इकाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष

राजस्थान के अरुण चौधरी युवा लोकदल व जाहिद हुसैन अंसारी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के बने अध्यक्ष

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के केंद्रीय कार्यालय की ओर से संगठन को विस्तार देते हुए विभिन्न प्रमुख इकाइयों के नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई है। इसके तहत लखनऊ निवासी अमन पांडेय को पार्टी की छात्र इकाई छात्र लोकदल का राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इसी क्रम में राजस्थान के अरुण चौधरी को युवा लोकदल का राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा मुरादाबाद के पूर्व विधायक जाहिद हुसैन अंसारी को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केंद्रीय नेतृत्व द्वारा की गई इन नियुक्तियों से पार्टी संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। मयंक त्रिवेदी ने सभी नवमनोनीत राष्ट्रीय अध्यक्षों के सफल कार्यकाल की कामना करते हुए विश्वास जताया कि वे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में अपने-अपने प्रकोष्ठों को सशक्त बनाएंगे तथा दल की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

बेटियों का सम्मान और गरीबों का कल्याण डबल इंजन सरकार का संकल्प : केशव प्रसाद मौर्य

मूसानगर स्थित अखंड परमधाम आश्रम में इक्यावन नवविवाहित जोड़ों को उप मुख्यमंत्री ने दिया आशीर्वाद

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मंगलवार को कानपुर देहात के मूसानगर स्थित अखंड परमधाम आश्रम में आयोजित सामूहिक विवाह एवं धार्मिक समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व भक्ति योग वेदांत संत सम्मेलन, श्रीमद्भागवत कथा, शतचंडी महायज्ञ और सामूहिक विवाह कार्यक्रम में उन्होंने इक्यावन नवदंपतियों को सुखद वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भारतीय संस्कृति में ईश्वर की भक्ति से लेकर बेटियों के जीवन को संवारने तक हर कार्य में लोकमंगल का भाव समाहित है। सामूहिक विवाह जैसे आयोजन सेवा, संस्कार, सामाजिक समरसता और आपसी सहयोग की परंपरा को आगे बढ़ाते हैं। उन्होंने साध्वी निरंजन ज्योति के सामाजिक व धार्मिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा मिला, जिससे पिछड़े वर्गों के हितों की रक्षा को नई शक्ति मिली है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार गरीबों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह हेतु प्रति जोड़ा एक लाख एक हजार रुपये की सहायता राशि निर्धारित की गई है, जो बेटियों के सम्मान के प्रति सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि आवास, शौचालय, हर घर नल से जल, मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत के तहत पांच लाख रुपये तक का उपचार और सौभाग्य योजना से बिजली पहुंचाकर गरीब व अमीर के बीच सुविधाओं के अंतर को पाटा जा रहा है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना, युवाओं को रोजगार देना तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना सरकार की प्राथमिकता है। आज प्रदेश में कानून का राज होने से बेटियां निर्भय होकर शिक्षा ग्रहण कर रही हैं और वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में उत्तर प्रदेश अग्रणी भूमिका निभाएगा। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों से आपसी प्रेम, विश्वास और संस्कारों के साथ जीवन की नई शुरुआत करने का आह्वान करते हुए भरोसा दिलाया कि प्रदेश के पच्चीस करोड़ नागरिक उनके परिवार के सदस्य हैं।

परंपरा की रसोई से कुपोषण पर वार

परंपरा और विज्ञान को जोडक़र तैयार की पोषण किट

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। योगी सरकार प्रदेश में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और कुपोषण के खिलाफ लड़ाई को प्रभावी बनाने के लिए प्रयास कर रही है। देवीपाटन मंडल ने एक अनूठी पहल करते हुए कुपोषण से लड़ाई को स्थानीय परंपराओं और आधुनिक पोषण व्यवस्था से जोडऩे का अभिनव प्रयास किया है। देवीपाटन मंडलायुक्त द्वारा श्परंपरा से पोषणश नाम से शुरू पहल के तहत पारंपरिक खानपान, आयु के अनुसार पोषाहार और स्वास्थ्य संबंधी जरूरी सामग्रियों को एक विशेष पोषण किट में शामिल किया गया है। अनूठी पहल करने वाला देवीपाटन प्रदेश का पहला मंडल बना है। पहल का उद्देश्य केवल कुपोषित बच्चों को पोषण सामग्री उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि उनकी नियमित निगरानी कर उन्हें स्वस्थ विकास की दिशा में आगे बढ़ाना है।देवीपाटन मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण जागरूकता और कुपोषण उन्मूलन पर जोर है। ऐसे में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप देवीपाटन मंडल में पहल के तहत स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों, पारंपरिक खानपान और विभिन्न विभागों के समन्वय को एक साथ लाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि देवीपाटन मंडल के गोण्डा, बहराइच, बलरामपुर और श्रावस्ती जिलों में अभियान को लागू किया जा रहा है। इसके तहत 1 से 6 वर्ष तक के 10,842 पंजीकृत गंभीर तीव्र कुपोषित और मध्यम तीव्र कुपोषित बच्चों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस पहल के लिए सीएसआर फंड से करीब 55 लाख रुपये खर्च किये जाएंगे। अभियान के तहत प्रत्येक पोषण किट पर 500 रुपये का सीएसआर सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है। श्परंपरा से पोषणश पहल की सबसे खास बात यह है कि इसमें भारतीय पारंपरिक रसोई के ज्ञान को आधुनिक पोषण जरूरतों के साथ जोड़ा गया है। अभियान की मूल भावना श्अन्नं ब्रह्मश पर आधारित है। इसके तहत पोषण किट में लोहे की कढ़ाई, सत्तू और गुड़ जैसी पारंपरिक खाद्य सामग्रियों को शामिल किया गया है। लोहे की कढ़ाई में भोजन पकाने से खाने में आयरन की मात्रा बढ़ाने में मदद मिलती है। ऐसे में पारंपरिक रसोई के इस ज्ञान को एनीमिया और पोषण संबंधी समस्याओं से लड़ाई का हिस्सा बनाया गया है। पोषण किट को तीन प्रमुख भागों में तैयार किया गया है। पहले भाग में पारंपरिक खाद्य सामग्री के रूप में लोहे की कढ़ाई, एक किलोग्राम सत्तू और एक किलोग्राम गुड़ दिया जा रहा। दूसरे भाग में बाल विकास सेवा के माध्यम से आयु के अनुसार फोर्टिफाइड टेक होम राशन प्रीमिक्स उपलब्ध कराया जा रहा।

जब तक सिख गुरुओं के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव रहेगा, दुनिया की कोई ताकत भारत का बाल बांका नहीं कर पाएगी- योगी

गुरु नानक देव के 557वें प्रकाश पर्व पर मुख्यमंत्री ने किया नमन

मानवता को अंधकार से प्रकाश, अज्ञान से ज्ञान और अधर्म से धर्म की ओर ले जाने वाली हैं गुरु साहिब की शिक्षाये

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब तक भारत सिख गुरुओं के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव रखेगा, दुनिया की कोई ताकत उसका बाल बांका नहीं कर पाएगी। सिख गुरुओं का त्याग, तपस्या, बलिदान और उनकी आध्यात्मिक चेतना भारत की राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक गौरव की अमूल्य धरोहर है। गुरु नानक देव ने श्एक ओंकारश के माध्यम से संपूर्ण मानवता को एक सूत्र में पिरोने का संदेश दिया। उनकी शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं, जितनी उस समय थीं। हमें इन शिक्षाओं को केवल आयोजनों तक सीमित न रखकर अपने जीवन में आत्मसात करना होगा और नई पीढ़ी को भी इनसे निरंतर परिचित कराना होगा।मुख्यमंत्री मंगलवार को साहिब गुरु नानक देव के 557वें पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत प्रसन्नता और सौभाग्य का अवसर है कि हम सभी इतने भव्य और उत्साहपूर्ण वातावरण में गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व मना रहे हैं।मुख्यमंत्री ने कार्तिक पूर्णिमा के आध्यात्मिक और धार्मिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि आज का दिन पूरे प्रदेश के लिए अत्यंत पवित्र है। वह प्रातः चार बजे से ही प्रदेश के विभिन्न धार्मिक स्थलों से श्रद्धालुओं की संख्या और व्यवस्थाओं की जानकारी ले रहे थे। मुजफ्फरनगर के शुकतीर्थ में लाखों श्रद्धालु मां गंगा में स्नान कर रहे हैं। हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर में प्रातःकाल से अब तक लगभग 15 लाख श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं, जबकि अमरोहा के तिगरी में भी 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई है। प्रयागराज और फर्रुखाबाद में भी भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं। अयोध्या और काशी में लाखों श्रद्धालु गंगा स्नान कर रहे हैं। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर काशी की विश्वप्रसिद्ध देव दीपावली का आयोजन भी होना है, जिसमें लाखों दीप प्रज्ज्वलित होंगे। मान्यता है कि भगवान शिव ने इसी दिन त्रिपुरासुर का वध कर धरती को आतंक से मुक्त कराया था। इसी परंपरा और धार्मिक आस्था के अनुरूप गढ़मुक्तेश्वर, काशी सहित प्रदेश के विभिन्न तीर्थस्थलों पर कार्तिक पूर्णिमा के आयोजन हर्षोल्लास के साथ होते हैं। यह दिन इसलिए भी विशेष है, क्योंकि मानवता को अज्ञान के अंधकार से निकालकर ज्ञान और प्रकाश का मार्ग दिखाने वाले गुरु नानक देव का पावन प्रकाश पर्व भी इसी दिन मनाया जाता है।मुख्यमंत्री योगी ने गुरु नानक देव की यात्राओं और उनके समय की सामाजिक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि जब उन्होंने मानवता को एकता का संदेश दिया, उस समय समाज अनेक प्रकार की विसंगतियों और विभाजनों से जूझ रहा था। जाति, छुआछूत और अस्पृश्यता के नाम पर समाज बिखरा हुआ था। दूसरी ओर विदेशी आक्रमण और बाहरी हमलों की चुनौतियां भी थीं।

बिजली बिलों में ओवरबिलिंग जांच और सुधार के लिए डिस्कॉम चलाएं विशेष अभियानः अवधेश कुमार वर्मा

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की पांचों बिजली कंपनियों में 1 अप्रैल से 18 नवंबर 2026 तक प्राप्त शिकायतों के विश्लेषण में बिजली आपूर्ति से संबंधित 78 लाख 96 हजार 614 शिकायतें तथा बिल संशोधन से संबंधित 7 लाख 46 हजार 347 शिकायतें सामने आई हैं। बिजली आपूर्ति की शिकायतें एक सतत प्रक्रिया का हिस्सा हैं, जिनके समाधान के लिए बिजली कंपनियां लगातार प्रयास करती रहती हैं। लेकिन उपभोक्ताओं के पुराने बिजली बिलों में ओवरबिलिंग और गलत बिलिंग की शिकायतों का समाधान विशेष प्राथमिकता पर किया जाना चाहिए, क्योंकि गलत बिल का बोझ उपभोक्ताओं को लंबे समय तक परेशान कर सकता है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि पावर कॉरपोरेशन द्वारा डबल स्टेज ऑडिट व्यवस्था लागू करने के बाद सही बिलिंग की दिशा में सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। यह एक सराहनीय पहल है। अब इसी पहल को आगे बढ़ाते हुए सभी डिस्कॉम पुराने बिजली बिलों की भी विशेष समीक्षा करें और जहां कहीं ओवरबिलिंग, गलत मीटर रीडिंग अथवा बिलिंग संबंधी त्रुटियां पाई जाएं, वहां तत्काल सुधार कर उपभोक्ताओं को राहत दी जाए। विशेष रूप से लंबे समय से लंबित बिल संशोधन प्रकरणों और पुराने गलत बिलों की पहचान के लिए अभियान चलाया जाना चाहिए। अवधेश कुमार वर्मा ने प्रमुख सचिव ऊर्जा एवं सभी बिजली कंपनियों के प्रबंधन से अपील की कि पुराने बिलों में ओवरबिलिंग की जांच और सुधार को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विशेष अभियान चलाएं। इसके लिए डिस्कॉमवार लक्ष्य निर्धारित हों, लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा की जाए और सही पाए जाने वाले बिलों का शीघ्र संशोधन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि डबल स्टेज ऑडिट के सकारात्मक परिणामों को पुराने बिलों के सुधार अभियान से जोडऩे पर प्रदेश के 3 करोड़ 82 लाख बिजली उपभोक्ताओं को वास्तविक राहत मिलेगी और बिजली कंपनियों के प्रति उनका विश्वास और मजबूत होगा।

106वें स्थापना दिवस पर एलयू में 13 पूर्व छात्रों का सम्मान

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय एलयू के 106वें स्थापना दिवस और पूर्व छात्र मिलन समारोह का आगाज हुआ। एलयू कैंपस के मालवीय सभागार में दोपहर साढ़े तीन बजे से भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो.जय प्रकाश सैनी ने किया। सुप्रसिद्ध लोक गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। पूर्व छात्रों ने विश्वविद्यालय की पुरानी यादों को साझा किया। इस अवसर पर शिक्षा और पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विश्वविद्यालय के 13 प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले शिक्षाविदों में पूर्व कुलपति प्रो. पूनम टंडन, प्रो. मनोज दीक्षित, प्रो. अनिल शुक्ल, प्रो. डीपी तिवारी, प्रो. बिंदा प्रसाद मिश्र, प्रो. सीपी बर्थवाल और प्रो. बलराज चौहान शामिल हैं। इनके अलावा पत्रकारिता विभाग के छात्र रहे आशुतोष शुक्ला, मनीष श्रीवास्तव, प्रांशु मिश्रा, प्रवीण कुमार, भूपेंद्र पांडेय और राजन परिहार का सम्मान किया गया है। प्रो.सीपी बर्थवाल ने अपने शुरुआती नौकरी के दिनों को याद करते हुए बताया कि लेक्चरर के तौर पर उन्हें 400 रुपये वेतन मिलता था, लेकिन हाथ में 399 रुपये 90 पैसे ही आते थे। 10 पैसे रसीदी टिकट के कट जाते थे। उन्होंने कहा कि वह दौर बिल्कुल अलग था और विश्वविद्यालय की कुछ यादें आज भी उनके लिए बेहद खास हैं। प्रो. बर्थवाल ने नरेंद्र हॉस्टल में बिताए दिनों का किस्सा भी सुनाया। कहा कि उस समय नरेंद्र हॉस्टल का मेस बहुत अच्छा था। वहीं उन्होंने टेबल मैनर्स सीखे कि खाने की मेज पर कैसे बैठना है और किस तरह खाना खाना है। हॉस्टल में बीमार होने पर डॉक्टर की सलाह से स्पेशल डाइट मिलने का नियम था। डॉक्टर के लिखने पर शाम को एक गिलास दूध, दो ब्रेड-बटर और आमलेट मिलता था।

डॉ. पल्लवी पटेल के नेतृत्व में निकलेगी रोजगार एवं भागीदारी यात्रा

लखनऊ। अपना दल कमेरावादी के बैनर तले पार्टी नेत्री डॉ. पल्लवी पटेल के नेतृत्व में आगामी छब्बीस नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर सारनाथ वाराणसी से ₹रोजगार एवं भागीदारी यात्रा₹ का शुभारंभ किया जाएगा, जो राज्य के विभिन्न जनपदों से गुजरते हुए राजधानी लखनऊ पहुंचेगी। ₹रोजगार नहीं तो सरकार नहीं₹ तथा ₹भागीदारी नहीं तो सरकार नहीं₹ के उद्घोष के साथ आठ दिसंबर को लखनऊ में एक विशाल महाआंदोलन का आयोजन तय किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत डॉ. पल्लवी पटेल चिह्नित विधानसभा क्षेत्रों के गांवों तक स्वयं मोटरसाइकिल चलाते हुए युवा कार्यकर्ताओं के जुलूस के साथ पहुंचेंगी और रास्ते भर विभिन्न स्थानों पर जनसभाओं को संबोधित करेंगी।

मैक्स हॉस्पिटल, लखनऊ के डोक्टरों ने रोबोटिक सर्जरी से 30-वर्षीय मरीज के पैंक्रियाज का दुर्लभ ट्यूमर निकाला

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ के डॉक्टरों ने रोबोटिक सर्जरी की मदद से 30-वर्षीय मरीज के पैंक्रियाज में मौजूद दुर्लभ ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकाला। मरीज उत्तर प्रदेश के बलरामपुर के पास सराय खास का निवासी है।मरीज, मुश्ताक अली, पिछले करीब 4 महीनों से रुक-रुककर पेट में दर्द और भूख कम लगने की समस्या से परेशान थे। कई डॉक्टरों से सलाह लेने के बाद उन्होंने डॉ. वलीउल्लाह सिद्दीकी, डायरेक्टर, हेपेटो-पैंक्रियाटो-बिलियरी और लिवर ट्रांसप्लांट सर्जरी, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ से संपर्क किया। जांच और जरूरी मेडिकल टेस्ट के बाद पता चला कि उनके पैंक्रियाज के निचले हिस्से में करीब 3 म 3 सेंटीमीटर का ट्यूमर है, जिसका आकार टेनिस बॉल जैसा था।डॉ. वलीउल्लाह सिद्दीकी, डायरेक्टर, हेपेटो-पैंक्रियाटो-बिलियरी और लिवर ट्रांसप्लांट सर्जरी, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने रोबोटिक सर्जरी के जरिए पैंक्रियाज के प्रभावित हिस्से के साथ स्प्लीन (तिल्ली) को भी निकालने का फैसला किया। जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी हुई और ऑपरेशन के दौरान कोई बड़ी परेशानी नहीं आई। सर्जरी के बाद मरीज की हालत में लगातार सुधार हुआ। उन्होंने धीरे-धीरे खाना शुरू कर दिया और 7 दिन बाद उन्हें स्थिर हालत में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।इस मामले पर बात करते हुए डॉ. वलीउल्लाह सिद्दीकी, डायरेक्टर, हेपेटो-पैंक्रियाटो-बिलियरी और लिवर ट्रांसप्लांट सर्जरी,

रामकृष्ण मठ में श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ रास पूर्णिमा का आयोजन

स्वामी मुक्तिनाथानन्दजी महाराज ने श्रीमद्भागवतम् पाठ एवं रासलीला के आध्यात्मिक महत्व पर दिया सारगर्भित प्रवचन

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। रास पूर्णिमा के पावन अवसर पर मंगलवार को रामकृष्ण मठ, निराला नगर, लखनऊ में विविध धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर रामकृष्ण मठ, लखनऊ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानन्दजी महाराज ने श्रीमद्भागवतम् का पाठ करते हुए रासलीला का आध्यात्मिक महत्व'* विषय पर सारगर्भित प्रवचन दिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रातः 5 बजे शंखनाद एवं मंगल आरती के साथ हुआ।स्वामी इष्टकृपानन्द के नेतृत्व में भक्तों द्वारा सामूहिक रूप से श्रीमद्भगवद्गीता एवं 'श्रीश्री मदनमोहनाष्टकम्' का पाठ किया गया। सायंकाल मुख्य मंदिर में संध्यारति के उपरान्त स्वामी इष्टकृपानन्दजी के नेतृत्व में 'मधुराष्टकम्' का भक्तिपूर्ण पाठ किया गया। तत्पश्चात स्वामी मुक्तिनाथानन्दजी महाराज ने श्रीमद्भागवतम् का पाठ किया तथा रासलीला के आध्यात्मिक एवं दार्शनिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर स्वामी मुक्तिनाथानन्दजी ने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण के दशम स्कंध में वर्णित भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला भारतीय आध्यात्मिक परंपरा का अत्यंत गूढ़, अलौकिक और दिव्य प्रसंग है। यह केवल नृत्य अथवा प्रेम की कोई सांसारिक कथा नहीं, बल्कि जीवात्मा और परमात्मा के बीच अनन्य प्रेम, पूर्ण समर्पण और आध्यात्मिक आनंद की सर्वोच्च अभिव्यक्ति है। रासलीला के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण ने संसार को प्रेम की उस पवित्र भावना का संदेश दिया है, जहाँ व्यक्तिगत स्वार्थ, अहंकार और भौतिक कामनाओं का कोई स्थान नहीं रह जाता। संस्कृत में 'रस' का अर्थ आनंद, सार और दिव्य अनुभूति है। तैत्तिरीय उपनिषद् का प्रसिद्ध वचन रसो वै सः' यह उद्घोष करता है कि परमात्मा स्वयं रसस्वरूप हैं। अर्थात भगवान केवल परम सत्य ही नहीं, बल्कि अनंत आनंद के स्रोत भी हैं। इसी दिव्य आनंद की अभिव्यक्ति रासलीला में दिखाई देती है। भगवान श्रीकृष्ण पूर्ण आनंदस्वरूप हैं और उनकी लीलाएँ जीवात्मा को उसी दिव्य आनंद से जोड़ने का माध्यम बनती हैं। रासलीला में भगवान श्रीकृष्ण प्रत्येक गोपी के साथ अलग-अलग स्वरूप में प्रकट होते हैं। प्रत्येक गोपी को ऐसा अनुभव होता है कि भगवान केवल उसी के साथ हैं। यह प्रसंग भगवान की अनंत सत्ता और प्रत्येक भक्त के साथ उनके व्यक्तिगत संबंध को प्रकट करता है। गोपियों का प्रेम किसी सांसारिक आकर्षण या स्वार्थ पर आधारित नहीं था, बल्कि पूर्ण समर्पण और निःस्वार्थ भक्ति का प्रतीक था। उनके लिए अपनी प्रसन्नता से अधिक श्रीकृष्ण की प्रसन्नता महत्वपूर्ण थी। यही प्रेम की सर्वोच्च अवस्था है, जहाँ भक्त अपने अहंकार और व्यक्तिगत इच्छाओं को भगवान के चरणों में समर्पित कर देता है। रासलीला का एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रसंग तब आता है, जब गोपियों के मन में अपने सौभाग्य का क्षणिक अभिमान उत्पन्न होता है और भगवान श्रीकृष्ण अंतर्ध्यान हो जाते हैं। यह घटना भक्ति मार्ग की एक गहरी शिक्षा देती है कि आध्यात्मिक जीवन में अहंकार सबसे बड़ी बाधा है भगवान का विरह गोपियों के प्रेम को और अधिक गहरा तथा निर्मल बनाता है।

ढाईघाट मेला: दो लाख श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

- कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा तट पर उमड़ा आस्था का सैलाब
- पूरे दिन जाम में फंसी रही एंबुलेंस, स्वास्थ्य कैंप करता रहा इंतजार

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर/फर्रुखाबाद।







कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर शाहजहांपुर और फर्रुखाबाद की सीमा स्थित ढाईघाट गंगा तट पर श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। मंगलवार को तड़के से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला गंगा तट पर शुरू हो गया। अनुमानित दो लाख श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। सुबह से देर रात तक गंगा तट पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही और पूरा मेला क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर नजर आया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मेले में सीसीटीवी कैमरों व पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहा। मेला प्रशासन की व्यवस्था जिला पंचायत शाहजहांपुर, जबकि प्रशासनिक व्यवस्था जिला फरुखाबाद द्वारा कराई गयी थी।

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते मेले में दिनभर रौनक बनी रही। प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिसकर्मी लगातार निगरानी करते रहे। वहीं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य व्यवस्थाओं के इंतजाम किए गए। हालांकि पेयजल के लिए लगाए गए कई नल खराब मिलने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। मेले में सरकारी और निजी स्वास्थ्य सेवाओं के साथ दवाओं की व्यवस्था भी की गई थी।

> उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध ढाई घाट पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मेले का आयोजन किया गया। हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचे और मां गंगा में स्नान कर आशीर्वाद लिया जिला पंचायत की ओर से श्रद्धालुओं के लिए सभी व्यवस्थाएं कराई गई थीं। सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं ने स्नान कर मां गंगा का आशीर्वाद प्राप्त किया।
>
> -महावीर सिंह यादव
> अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, शाहजहांपुर

खोया-पाया केंद्र बिछड़ों के लिए बना मददगार: मेले में खोया-पाया केंद्र ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भीड़ के बीच अपनों से बिछड़े लगभग 54 लोगों की सूचना दर्ज की गई, जिनमें से 17-18 लोगों को उनके परिजनों से मिलवाया गया। इस कार्य में कांस्टेबल डौली चौधरी और हेमलता चौधरी सहित पुलिसकर्मियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। कांस्टेबल डौली ने बताया कि खोया पाया केन्द्र पर अधिकांश बच्चे बुजुर्ग बिछडे हुए आए। जिनको मिलवाने का कार्य कर परिजनों को खुशी देखकर अच्छा लगा।

जाम में फंसी एंबुलेंस, स्वास्थ्य केंद्र तक नहीं पहुंच सकी: मेले में सबसे गंभीर स्थिति यातायात व्यवस्था को लेकर देखने को मिली। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते कई मार्गों पर जाम की स्थिति बनी रही। इसका असर आपातकालीन सेवाओं पर भी पड़ा। सहायता केंद्र और स्वास्थ्य केंद्र के लिए लगाई गई एंबुलेंस जाम में फंसी रही और समय से निर्धारित केंद्र तक नहीं पहुंच सकी। इससे आपात स्थिति में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को लेकर सवाल खड़े हुए। जाम के कारण श्रद्धालुओं और राहगीरों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। आस्था के इस बड़े आयोजन में जहां श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था, वहीं यातायात और पेयजल जैसी व्यवस्थाओं में कमियां भी सामने आईं।

मेले में दिखी सांस्कृतिक विरासत: मेले में पौराणिक मान्यताओं व सांस्कृतिक विरासत की धरोहर देखने को मिली। जिसमें गांव के दूर दराज के लोग परिवारों के साथ मेला पहुंचे और गंगा मईया में डुबकी लगाकर सुख समृद्धि की कामना की। मेले खानेपीने की वस्तुएं, पशु, घरेलू वस्तुएं आदि की लोगों ने जमकर खरीदारी की।

कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

सेहरामऊ दक्षिणी, शाहजहांपुर। कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व पर क्षेत्र के गाँव नागरपाल और भरगवां के पास से निकली देवाहुति गर्रा नदी तट पर विगत वर्षों की भांति लगने वाले मेले में पहुँचे श्रद्धांलुओं ने नदी में डुबकी लगाई और प्रसाद चढ़ाया। इस मौके पर मेले में पहुँचे बच्चों, महिलाओं और पुरषों ने बच्चों के मनपसंद खेल खिलौने झूलों का मजा लिया वहीं महिलाओं ने घरेलू उपयोग में आने वाले मिट्टी के बर्तन आदि के साथ श्रंगार सामग्री की जमकर खरीदारी की। इसके अलावा गर्रा नदी के किनारे पड़ने वाले गाँव सरौरा, चांदा पुर, इटोरा, चौहनापुर, गुर्रा आदि गाँवो में रहने वाले लोगों ने भी गर्रा नदी में हर हर गंगे का जयकारा लगाते हुए डुबकी लगाई।

खबरें एक नजर में

कथा व्यास ने सुनाया भक्त प्रहलाद का प्रसंग

सेहरामऊ दक्षिणी, शाहजहांपुर। कस्बे से थोड़ी दूर स्थित देवी माँ जालिपा, भैरो बाबा मन्दिर प्रांगण में होने वाली श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन व्यास ब्रजबिहारी ने भक्त प्रहलाद के जन्म से लेकर भगवान विष्णु के नरसिंह अवतार की कथा सुनाकर श्रोताओं को कथा के मध्य होने वाले भजनों पर झूमने लगे। कथा व्यास ने भक्त प्रहलाद की कथा में बताया कि हिरणाकश्यप ने ब्रम्हा जी की घोर तपस्या करके बृम्हा जी से वरदान में न दिन में न रात में, न आकाश न पाताल न धरती न मनुष्य न किसी जीव जन्तु से मृत्यु न होने का वरदान माँगा और वरदान मिलने के बाद अत्याचार करने लगा। हिरणाकश्यप के घर विष्णु भक्त प्रहलाद का जन्म हुआ। जोकि बचपन से ही हरि भजन में लीन रहने लगा जिसे मारने के कई प्रयास करने के वावजूद मौत नहीं होने पर आग से तपते खम्बे से बाँधने से पहले भगवान विष्णु के नरसिंह रूप में प्रकट होकर हिरणाकश्यप के मृत्यु की कथा सुनाकर भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर आयोजक ध्रुव सिंह, शरद सिंह, रुद्र सिंह उर्फ बैभव सिंह, अभिराम त्रिवेदी, मुनेश्वर दयाल मिश्रा का व्यवस्था में योगदान रहा।

जलालाबाद में रोडवेज बस चालकों की मनमानी से राहगीर परेशान, मेन चौराहे पर फल विक्रेता के ठेले में मारी टक्कर

परशुरामपुरी, शाहजहांपुर। क्षेत्र में रोडवेज बस चालकों की मनमानी के चलते आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। आरोप है कि रोडवेज बस चालक सड़क पर ही बसों को रोक देते हैं, जिससे राहगीरों और स्थानीय दुकानदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।आज मेन चौराहे पर शाहजहांपुर डिपो की रोडवेज बस ने एक फल विक्रेता के ठेले में टक्कर मार दी। गनीमत रही कि इस घटना में कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, लेकिन फल विक्रेता के फल सड़क पर बिखर गए। घटना के बाद मौके पर अन्य फल विक्रेता भी एकत्रित हो गए और रोडवेज बस चालक से बहस करने लगे। देखते ही देखते मौके पर माहौल गर्म हो गया। मौके पर तैनात पुलिस ने सूझबूझ का परिचय देते हुए दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया। स्थानीय लोगों का कहना है कि परशुरामपुरी जलालाबाद में रोडवेज बसों के सड़क पर अनियमित तरीके से रुकने से आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है। लोगों ने संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि बस चालकों की मनमानी पर अंकुश लगाया जाए और बसों के रुकने के लिए उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

माय भारत पोर्टल पर युवा मंडल गठन-पंजीकरण की दी जानकारी

शाहजहांपुर। गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र में चल रहे छह दिवसीय राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन माय भारत पोर्टल के माध्यम से युवा मंडल गठन व पंजीकरण की जानकारी दी गई। हाथरस, अमरोहा, लखीमपुर खीरी व संभल से आए स्वयंसेवकों ने भाग लिया। जिला युवा अधिकारी संकल्प शुक्ला ने पोर्टल की कार्यप्रणाली, मंडल बनाने व सदस्यों के पंजीकरण की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने कहा कि युवा मंडलों से स्वच्छता, पर्यावरण, नशामुक्ति व मतदाता जागरूकता जैसे कार्यों में जनभागीदारी बढ़ेगी। उप निदेशक माहे आलम ने कहा कि स्वयंसेवक युवाओं को नेतृत्व दें और उन्हें राष्ट्र निर्माण से जोड़ें।



विश्व हिंदू परिषद के हिंदू हितचिंतक अभियान का शुभारंभ, घर-घर जाकर सनातनियों को जोड़ा

शाहजहांपुर। विश्व हिंदू परिषद शाहजीपुर महानगर द्वारा हिंदू हितचिंतक अभियान का शुभारंभ हनुमत नगर रोशनगंज से किया गया। अभियान 22 नवंबर से 6 दिसंबर तक चलेगा। अभियान के तहत कार्यकर्ताओं ने घर-घर और दुकान-दुकान जाकर सनातनी दुकानदारों से संपर्क किया और उन्हें हिंदू हितचिंतक अभियान से जोड़ा। सनातनी भाइयों ने उत्साहपूर्वक अभियान से जुड़कर हिंदू समाज को संगठित और मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि हिंदू हितचिंतक अभियान का उद्देश्य हर हिंदू परिवार तक पहुंचना,धर्म, संस्कृति और समाज की रक्षा के लिए सभी को जोड़ना है। हितचिंतक अभियान में हर्षित गुप्ता महानगर संयोजक बजरंगदल, अनुज यादव महानगर सुरक्षा प्रमुख बजरंगदल, प्रखंड अध्यक्ष लालमन वर्मा,मोहित कनौजिया, सुनील वर्मा, गोपाल प्रजापति सहित प्रखंड के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



तंत्र-मंत्र के जाल में फंसाकर अंधे की हत्या, कुएं में फेंका सिरकटा शव, पुलिस ने खोला राज

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



थाना कलान क्षेत्र में 17 नवंबर को सूखे कुएं में मिले सिरकटे शव की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। सर्विलांस सेल और थाना कलान पुलिस की संयुक्त टीम ने हत्या का सनसनीखेज खुलासा करते हुए तांत्रिक समेत तीन हत्यारोपियों को आलाकत्ल सहित गिरफ्तार कर लिया है। 17 नवंबर को गांव सिउडी के पास सतीश के खेत में बने सूखे कुएं में सिरकटा शव मिलने से हड़कंप मच गया था। मौके पर पहुंची पूजा पत्नी विनोद कुमार ने शव के पास मिले आधार कार्ड के आधार पर शव की पहचान अपने पति विनोद कुमार के रूप में की थी। पूजा ने गांव के ही नौ लोगों पर हत्या कर सिर गायब करने का आरोप लगाते हुए थाना कलान में मुकदमा दर्ज कराया था।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित टीम ने भौतिक और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य जुटाए तो कहानी ही पलट गई। जांच में सामने आया कि मृतक विनोद कुमार नहीं, बल्कि थाना निगोही के गांव ऐठापुर निवासी अंधा व्यक्ति राजपाल था। पुलिस के मुताबिक, विनोद उर्फ बाबा तंत्र-मंत्र का काम करता है। अपने ऊपर दर्ज मुकदमों से बचने और गांव के राजेश आदि को फंसाने के लिए उसने परिजनों के साथ मिलकर साजिश रची। उसने तंत्र-मंत्र के जाल में फंसाकर राजपाल को अपने पास बुलाया और अपने दो साथियों के साथ मिलकर उसका गला काटकर हत्या कर दी।आरोपियों ने धड़ को कुएं में और सिर को अटैना घाट पर गंगा में फेंक दिया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 23 नवंबर की रात करीब 8ः16 बजे अटैना से कलान रोड पर नौसना मडैया के पास से तीनों को दबोच लिया। विनोद उर्फ बाबा पुत्र राजाराम, निवासी सिउडी, थाना कलान, विकास पुत्र जीवाराम, निवासी कटरा, थाना उसहैत, बदायूं ओमपाल पुत्र रामस्वरूप, निवासी मुडिया खेड़ा, थाना मूसाझाग, बदायूं को जेल भेजा गया। हत्या में प्रयुक्त गडासा, आधा ईंट का टुकड़ा, घड़ी, ब्लूटूथ, विकलांगता कार्ड, 3002 रुपये नकद, 15 पीले सिक्के, माचिस की डिब्बी और हुंडई औरा कार बरामद हुई है। पुलिस ने मुकदमे से पहले नामजद किए गए नौ लोगों के नाम हटा दिए हैं, जबकि विनोद सहित 10 लोगों के नाम बढ़ाए गए हैं। मुकदमे में धारा 61(2) बीएनएस और 4/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोतरी की गई है। तीनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

मेडिकल कॉलेज में व्याप्त भ्रष्टाचार व अव्यवस्थाओं के खिलाफ लड़ाई अब जनआंदोलन बनेगी: रामजी अवस्थी

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



रामजी अवस्थी एड जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस ने कहा कि शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज से जुड़े जनहित के प्रकरण में जिस तरह आम जनमानस, सामाजिक संगठनों और साथियों का सहयोग एवं समर्थन मिल रहा है, उसके लिए मैं सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि यह आवाज किसी एक व्यक्ति या संगठन की नहीं, बल्कि मेडिकल कॉलेज आने वाले हर उस गरीब, जरूरतमंद मरीज और तीमारदार की आवाज है, जिसे समय पर इलाज नहीं मिलता। जहां डॉक्टरों और कर्मचारियों की मनमानी का सामना करना पड़ता है, मरीजों के हक की दवाएं बाजार में बिकने की शिकायतें सामने आती हैं और मरीजों एवं तीमारदारों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता बेहद खराब रहती है या उन्हें भोजन तक उपलब्ध नहीं कराया जाता। ये ऐसी समस्याएं हैं, जिनसे आम जनता प्रतिदिन जूझ रही है। राम जी अवस्थी ने कहा कि जब इन अव्यवस्थाओं और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने पर न्याय की मांग कर रहे तीमारदार के बेटे को ही मुकदमे में जेल भेज दिया जाता है, तो यह बेहद गंभीर विषय है और लोकतंत्र तथा कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अब यह लड़ाई किसी राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि जनता के अधिकार, सम्मान और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की लड़ाई है। भ्रष्टाचार और मनमानी के खिलाफ यह संघर्ष अभी लंबा चलेगा। जनसमर्थन और साथियों के सहयोग से इस लड़ाई को और मजबूती के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। न हम झुकेंगे, न रुकेंगे और न ही जनता की आवाज को दबने देंगे।

स्वामी शुकदेवानंद विवि में उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन

शाहजहांपुर। स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के नवीन सभागार में बुधवार को प्रातः 11 बजे से 5बजे के मध्य उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें नया उद्यम लगाने तथा विद्यमान उद्यम का विस्तार करने हेतु सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया जाएगा तथा बैंक से ऋण लेने की प्रक्रिया से परिचित कराया जाएगा। इसमें विश्वविद्यालय परिसर के अतिरिक्त संबद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थी भी प्रतिभाग करेंगे। शिविर के समापन पर कुलपति प्रोफेसर पी.बी. सिंह द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए जाएंगे । कार्यक्रम का संयोजन डॉ देवेन्द्र सिंह तथा डॉ अंकित अवस्थी द्वारा किया जाएगा जबकि डॉ रूपक श्रीवास्तव द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया जाएगा।

गलत तथ्यों के आधार पर जारी आय प्रमाण पत्र जांच में त्रुटिपूर्ण पाया गया, निरस्तीकरण की कार्रवाई शुरू, एफआईआर दर्ज

आंगनवाड़ी कार्यकत्री चयन से जुड़े शिकायत प्रकरण में जिलाधिकारी के निर्देश पर हुई जांच में परिवार की आय 1.55 लाख वार्षिक पाई गई

शाहजहांपुर। ग्राम अकबरपुर में आंगनबाड़ी कार्यकत्री पद पर चयन से संबंधित शिकायत के मामले में जिलाधिकारी के निर्देश पर कराई गई स्थलीय एवं अभिलेखीय जांच में आय प्रमाण पत्र जारी कराने के दौरान महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाए जाने का मामला सामने आया है। जांच में संबंधित परिवार की वार्षिक आय 1,55,320 पाई गई, जबकि पूर्व में 42,000 वार्षिक आय का प्रमाण पत्र जारी किया गया था। जांच में प्रमाण पत्र त्रुटिपूर्ण पाए जाने पर इसके निरस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की गई तथा संबंधित लेखपाल की तहरीर पर थाना सेहरामऊ दक्षिणी में एफआईआर दर्ज की गई है। प्रकरण ग्राम नौसिया गौटिया निवासी अंकिता यादव पत्नी यतेन्द्र सिंह की शिकायत से संबंधित है। शिकायतकर्ता ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया था कि उन्होंने ग्राम अकबरपुर से आंगनबाड़ी कार्यकत्री पद के लिए आवेदन किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि चयन प्रक्रिया में आकांक्षा यादव पुत्री अहिवरन सिंह के आय संबंधी अभिलेखों में वास्तविक तथ्यों को छिपाया गया है। शिकायत में आकांक्षा यादव की माता के गांव में कोटेदार होने, परिवार के पास कृषि भूमि एवं मकान होने तथा परिवार की आर्थिक स्थिति निर्धारित आय से अधिक होने की बात उठाई गई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी द्वारा प्रकरण की जांच के निर्देश दिए गए। जांच के दौरान ग्राम नौसिया के पंचायत घर में दोनों पक्षों एवं अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति में बयान लिए गए तथा संबंधित अभिलेखों का परीक्षण किया गया। जांच में पाया गया कि आकांक्षा यादव की माता गीता यादव ग्राम नौसिया की कोटेदार हैं। पूर्ति विभाग से प्राप्त विवरण के अनुसार उन्हें माह अप्रैल, मई एवं जून में राशन वितरण के कमीशन के रूप में क्रमशः 9,142, 9,110 एवं 9,125 प्राप्त हुए। इस आधार पर कोटे से उनकी अनुमानित वार्षिक आय 1,09,320 आकलित की गई। इसके अतिरिक्त आकांक्षा यादव के पिता अहिवरन सिंह के पास ग्राम नौसिया में लगभग 7 बीघा कृषि भूमि पाई गई, जिससे वार्षिक आय लगभग 46,000 आकलित की गई। परिवार के एक सदस्य के पंचायत सहायक होने की जानकारी भी जांच में सामने आई। इस प्रकार जांच के अनुसार परिवार की कुल वार्षिक आय 1,55,320 आकलित की गई, जो पूर्व में जारी 42,000 वार्षिक आय प्रमाण पत्र से काफी अधिक है। जांच में आय प्रमाण पत्र संख्या 261520010097644, जारी दिनांक 15 जुलाई 2026, त्रुटिपूर्ण पाया गया। संबंधित आय प्रमाण पत्र के निरस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। प्रकरण में लेखपाल सुधा सिंह की तहरीर पर आरोप लगाया गया है कि आय प्रमाण पत्र के आवेदन के साथ प्रस्तुत स्वघोषणा पत्र में पत्नी के कोटेदार होने तथा उससे प्राप्त आय का उल्लेख नहीं किया गया, जिससे परिवार की वास्तविक आय से कम आय दर्शाकर प्रमाण पत्र जारी कराया गया। इस संबंध में सरकारी कर्मचारी को गलत जानकारी देकर आय प्रमाण पत्र प्राप्त करने के आरोप में थाना सेहरामऊ दक्षिणी में अभियोग पंजीकृत किया गया है। प्रशासन द्वारा प्रकरण में अभिलेखीय साक्ष्यों, आय के स्रोतों तथा संबंधित तथ्यों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

खंडित मूर्तियों व पुराने धार्मिक कैलेंडरों को नहीं होने दिया बेकद्री का शिकार, सेवा भारती ने चलाया विशेष अभियान

- गोमती तट पन्नाघाट पर जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर धार्मिक सामग्री का कराया विधि-विधान से निस्तारण, आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।



धार्मिक आस्था के सम्मान और पर्यावरण संरक्षण को लेकर सेवा भारती के कार्यकर्ताओं ने सराहनीय पहल की। नगर पुवायां और ग्रामीण क्षेत्रों में घरों में रखी पुरानी एवं खंडित देवी-देवताओं की मूर्तियों, धार्मिक कैलेंडरों, पूजन सामग्री और अन्य धार्मिक वस्तुओं को एकत्रित कर उनका सम्मानजनक तरीके से निस्तारण कराया गया। सोमवार को सेवा भारती के कार्यकर्ताओं और समाज के प्रबुद्धजनों ने एकत्रित धार्मिक सामग्री को गोमती नदी के तट स्थित पन्नाघाट पहुंचाया। यहां जेसीबी से गड्ढा खुदवाया गया और सभी धार्मिक वस्तुओं को विधि-विधान के साथ उसमें रखकर भूमि में विसर्जित किया गया। इस पहल के जरिए लोगों को संदेश दिया गया कि आस्था से जुड़ी पुरानी और खंडित मूर्तियों व धार्मिक सामग्री को कूड़े में फेंकने या नदियों में प्रवाहित करने के बजाय सम्मानजनक तरीके से निस्तारित किया जाना चाहिए। अभियान का उद्देश्य धार्मिक भावनाओं की रक्षा के साथ नदियों और सार्वजनिक स्थलों को प्रदूषण से बचाना भी रहा। कार्यकर्ताओं ने लोगों से अपील की कि वे घरों में रखी पुरानी धार्मिक सामग्री को इधर-उधर न फेंकें और उसके उचित निस्तारण में सहयोग करें। सेवा भारती की इस पहल ने समाज को संदेश दिया कि धर्म और पर्यावरण की रक्षा एक-दूसरे के पूरक हैं।

सीडीओ ने खाद वितरण रजिस्टर किया चेक

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड ददरौल का सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारी समितियां, खण्ड विकास अधिकारी ददरौल, अपर जिला सहकारी अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता, ददरौल, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, ददरौल, सचिव, सहकारी समिति, पंचायत सहायक आदि उपस्थित रहे। सीडीओ ने बहुउ?देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति ददरौल में खाद-बीज वितरण कार्य को देखा। समिति पर उपलब्ध अभिलेखो के निरीक्षण में पाया गया कि 23 नवम्बर को समिति पर 16 बोरी यूरिया खाद का वितरण किया गया।इनमें रामसरन, महिपाल आदि किसानों को खाद का वितरण किया गया। समिति पर स्व-गणना का कार्य भी किया जा रहा था। कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि 14 व्यक्तियों का स्व-गणना का कार्य पूर्ण किया गया है। सीडीओ ने निर्देशित किया कि खाद एवं बीज वितरण के कार्य को नियमानुसार कराने के साथ ही शेष व्यक्तियों के स्व-गणना के कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराये।

सिटी पार्क में जनगणना जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

- प्रशासन व निवासियों के बीच हुआ आत्मीय संवाद

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



जनगणना के प्रति जागरूकता एवं नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सिटी पार्क रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से सिटी पार्क के सेंट्रल पार्क में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एडीएम वित्त अरविंद कुमार, अतिरिक्त एसडीएम नीलिमा यादव, सहायक नगर आयुक्त तरुण प्रताप, स्टेट मास्टर ट्रेनर अनूप वर्णवाल टीम के साथ उपस्थित रहे।अधिकारियों ने निवासियों से सीधे संवाद करते हुए जनगणना के महत्व, प्रक्रिया एवं प्रत्येक नागरिक की सहभागिता पर महत्वपूर्ण जानकारी और मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि जनगणना देश की विकास योजनाओं, सरकारी नीतियों तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के बेहतर नियोजन का महत्वपूर्ण आधार है। कार्यक्रम अध्यक्षता हरिओम सिंह ने तथा संचालन हरिशंकर कनौजिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मनिल बाजपेई, अनिल मिश्रा, अरुण खंडेलवाल, दीपक सक्सेना, अरुण गुप्ता, अरुण दीक्षित, संदेश गुप्ता, अमित गुप्ता, नवनीत प्रभाकर, राजवीर गौतम, सुचित पाण्डेय,राकेश सक्सेना आदि मौजूद रहे।

मजदूरों से भरी वैन को ट्रक ने रौंदा, पिता-पुत्र समेत 4 की मौत, 6 घायल

धमाके से खुली आंख तो सीटों में फंसे थे सब, 11 फीट की वैन रह गई 7-8 फीट की, चालक ट्रक छोड़कर भागा

समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।



सदर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार देर रात करीब 12.30 बजे खंभारखेड़ा चीनी मिल के पास दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। सामने से आ रहे बेकाबू ट्रक ने मजदूरों से भरी ओमनी कार (UP32GB8808) को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन के परखच्चे उड़ गए। हादसे में पिता-पुत्र समेत 4 लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया कि वैन में कुल 11 लोग सवार थे। सभी दिनभर लखीमपुर में मजदूरी करने के बाद देर रात अपने-अपने घर लौट रहे थे। सभी ने मिलकर ओमनी कार किराए पर की थी। खंभारखेड़ा चीनी मिल के पास पहुंचते ही सामने से आ रहे ट्रक से भिड़ंत हो गई।

धमाके जैसी आवाज से खुली आंख: हादसे में घायल अदलाबाद निवासी राजकिशोर (18) ने बताया कि हादसे के वक्त कई लोग सो रहे थे। धमाके जैसी आवाज के साथ आंख खुली तो हम सब सीटों के बीच में फंसे हुए थे। आगे बैठे लोगों की मौत हो चुकी थी। चीख-पुकार मच गई।

11 फीट की वैन सिमटकर रह गई 7-8 फीट: टक्कर का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 11 फीट की वैन सिमटकर 7-8 फीट रह गई। ड्राइवर का केबिन चूर-चूर हो गया। सीट तक उखड़ गई। लोग वैन के अंदर ही फंस गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद गेट काटकर घायलों को बाहर निकाला और एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया।

मृतक और घायल: मृतकों में जगन्नाथ (59) और उनका बेटा पप्पू (30) निवासी कटहा, अजय निवासी अदलाबाद (थाना निघासन) और बहादुर निवासी बिछुवा (थाना पढुआ) शामिल हैं।घायलों में शारदानगर निवासी अतुल कुमार (18), कटहा निवासी सनोज (36), पढुआ निवासी प्रेम कुमार (28) और अदलाबाद निवासी राजकिशोर (18) समेत 6 लोग शामिल हैं। सभी का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पुलिस का बयान: महेवागंज चौकी प्रभारी भारत सिंह ने बताया कि वैन में क्षमता से ज्यादा लोग सवार थे। पुलिस आसपास के सीसीटीवी खंगाल रही है। फिलहाल हादसे की वजह वैन चालक को नींद की झपकी आना लग रही है। हालांकि असली वजह जांच के बाद ही सामने आएगी।हादसे के बाद ट्रक चालक गाड़ी छोड़कर मौके से भाग गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। फरार चालक की तलाश की जा रही है। एक ही परिवार के पिता-पुत्र की मौत से गांव में मातम पसर गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह भी जिला अस्पताल पहुंचे और उचित चिकित्सा के निर्देश दिए।

घायलों का हाल जानने जिला अस्पताल पहुंचे डीएम, बेहतर इलाज के दिए निर्देश

लखीमपुर खीरी। तहसील सदर के खंभारखेड़ा के पास हुए सड़क हादसे के बाद जिला प्रशासन ने घायलों के बेहतर उपचार और प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में तत्परता दिखाई। डीएम अंजनी कुमार सिंह जिला चिकित्सालय ओयल पहुंचे। यहां उन्होंने घायलों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और चिकित्सकों से स्वास्थ्य स्थिति एवं उपचार की प्रगति के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। डीएम ने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि सभी घायलों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उपचार में किसी प्रकार की कमी न रहे और आवश्यकतानुरूप विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में इलाज सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि घायलों के बेहतर उपचार के लिए प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। गंभीर रूप से घायलों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा के लिए लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। इस दौरान डीएम ने दुर्घटना में हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की। उन्होंने अधिकारियों को पीड़ित परिवारों से निरंतर संपर्क बनाए रखने तथा उन्हें नियमानुसार अनुमन्य सहायता शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रशासन इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा है और उनकी हरसंभव मदद सुनिश्चित की जाएगी। गौरतलब है कि खंभारखेड़ा के पास वैन और ट्रक की टक्कर में चार लोगों की मृत्यु हुई है। हादसे में घायल दो लोगों को लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। डीएम ने मृतकों के परिजनों को नियमानुसार अविलंब सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान एसडीएम सदर एवं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट चलुवाराजू आर, तहसीलदार सदर मुकेश कुमार वर्मा, प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज डॉ. वाणी गुप्ता तथा सीएमएस डॉ. आरके कोली मौजूद रहे।

चिकित्सकों से ली उपचार की जानकारी, बोले- घायलों के इलाज में न हो कोई लापरवाही

इंस्टा पर हुई मोहब्बत के बाद सोनभद्र की युवती पहुंची प्रेमी के पास

तिलहर-शाहजहांपुर। सोशल मीडिया इंस्टा प्लेटफार्म पर हुई मोहब्बत का ऐसा भूत सवार हुआ कि युवती सोनभद्र से चलकर यहां प्रेमी के पास आ धमकी। मामला प्रकाश में आने पर प्रेमी युगल को डायल 112 ने कोतवाली पहुंचा दिया। जहां प्रेमी हवालात में तो युवती को महिला डेस्क कक्ष में बैठा दी गई। हुआ यूं कि कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी यादव युवक से सोनभद्र की एक गैर हिन्दू युवती का इंस्टा चैट के चलते मोहब्बत हो गई। युवती पर

112 ने दोनों को पहुंचाया कोतवाली, प्रेमी हवालात में

प्यार का भूत इस कदर सवार हुआ कि युवती सोमवार को यहां हाइवे स्थित एक धार्मिक स्थल पर आ पहुंची। चूंकि युवक ने उसे वहीं रुकने को कहा और कुछ देर बाद वह भी वहीं पहुंच गया। प्यार मोहब्बत की पेंग बढ़ने पर कुछ लोगों ने इश्क में पागल युगल की सूचना डायल 112 को दे दी। फिर क्या था पुलिस टीम ने दोनो को कोतवाली पहुंचा दिया। कोतवाली में दोनों ने परस्पर इश्क का इजहार किया। सूचना पर युवती के परिजन कोतवाली पहुंचे। लेकिन युवती ने उनकी एक न सुनी और इसी युवक के साथ शादी करने की बात कद दी। अंततः परिजन वापस लौट गए। उधर युवक के पिता कोतवाली पहुंचे। लेकिन बेटे के इस कृत्य से नाखुश हो उसका साथ देने से साफ इनकार कर दिया। चूंकि प्रेमी युगल बालिग हैं। सो ऐसे में पुलिस युवक के परिजन आने पर उनकी सुपुर्दगी में देना चाहती है। मंगलवार को समाचार भेजे जाने तक युवक के परिजन नहीं पहुंचे थे। और युवक हवालात में है। जबकि युवती महिला डेस्क कक्ष में बैठी है। चर्चा है कि युवक इससे पूर्व कई लड़कियों को अपने प्यार के चंगुल में फंसा चुका है। मंगलवार को दिन भर इस अंधे प्यार की चर्चा गरम रही।

महिला ने खाया विषाक्त, जिला अस्पताल रेफर

तिलहर-शाहजहांपुर। संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला ने विषाक्त खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया।जानकारी के मुताबिक मंगलवार सुबह करीब साढ़े दस बजे ग्राम टाई निवासी 32 वर्षीय सालनी देवी पत्नी रोहित कुमार ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन तत्काल उसे सीएचसी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

करबला की गलियां बनी वृन्दावन की कुंज गलियां, लड्डू गोपाल की जय-जयकार

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर कृष्णानगर कॉलोनी से प्रतिदिन निकलने वाली प्रभातफेरी के क्रम मेंलड्डू गोपाल व राधारानी को सिंहासन पर विराजमान कर कमेटी सदस्यों व कॉलोनी के लोगों द्वारा ढोल नगाड़ों के साथ करबला की कुंज गलियों में भ्रमण कराया। गलियों में क्षेत्रवासियों ने अपने अपने दरबाजे पर बहुत श्रद्धा व विश्वास के साथ हर्षोल्लास से पुष्प वर्षा करके स्वागत किया और आरती व अरदास भी कराई। कार्यवाहक प्रधान हरीश बजाज, गौरव अरोरा, देवेन्द्र खुराना आदि सदस्य राधा नाम की रटन करते हुए साथ में चल रहे थे तथा छोटे छोटे बच्चों की कीर्तन मण्डली माइक पर भजन गाते हुए व नृत्य करते हुए चल रहे थे। रवि सचदेव ठाकुर जी को पूरी संगत के साथ अपने आवास पर लेकर गए और पूजन अर्चना व आरती अरदास के बाद प्रसाद वितरित किया फिर युवा सेवा समिति के प्रधान संजीव सचदेव भी ठाकुर जी को अपने आवास पर लेकर गए जहां पूजन अर्चना की और आरती अरदास के बाद प्रसाद वितरित किया।उक्त अवसर पर नवीन सचदेव,दीप गुप्ता मीडिया प्रभारी, मनमोहन अरोरा, संदीप अरोरा, विनोद सचदेव, ज्योति स्वरूप सचदेव,आशीष मेहरोत्रा, जसवन्त जयसिंह, जगदीश गोगिया, गौरव कुमार, मनीष गोगिया, हिमांशु शर्मा,ममता सचदेव,वीना सचदेवा,प्रीति सचदेवा, ज्योति सचदेवा, निधि सचदेवा,प्रिया मेहरोत्रा, राजीव मिश्रा एडवोकेट एवं अन्य कई भक्त उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी दीप गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि आज बुधवार को प्रभातफेरी का स्वागत अभिषेक गुप्ता, आशीष गुप्ता के परिवार की तरफ से श्रीकृष्ण मंदिर कृष्णानगर में ही होगा और शाम को 4 बजे मेहंदी व 8 बजे मना नाच होगा और गुरुवार को तुलसी शालिग्राम विवाह शोभा यात्रा दिन में व विवाह समारोह व सात कन्याओं का विवाह रात में संपन्न होगा।

रोजा में मंदिरों व घरों में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई गई देव दीपावली



रोजा (शाहजहांपुर)। कार्तिक पूर्णिमा पर देव दीपावली का पर्व रोजा क्षेत्र के मंदिरों और घरों में श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में दीप प्रज्ज्वलित कर भगवान शिव, विष्णु और लक्ष्मी-नारायण की आराधना की। शाम होते ही मंदिर परिसर और घर दीपों की रोशनी से जगमगा उठे। रोजा अड्डे स्थित आस्था मंदिर, बल्लियां स्थित मनकामेश्वर मंदिर, आदर्श नगर कॉलोनी स्थित शिव भोलेश्वर नाथ मंदिर, मालगोदाम स्थित आदर्श नाथ मंदिर, चर्च कॉलोनी स्थित तुरंतेश्वर नाथ मंदिर, निवाजपुर स्थित राधा जानकी मंदिर और मंडी स्थित बेल बाबा मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं ने दीप जलाए। घरों में भी लोगों ने दीप प्रज्ज्वलित कर देव दीपावली मनाई। बड़े शिव मंदिर में महंत नवल किशोर शर्मा के सानिध्य में शिव भक्तों ने घी के दीपक जलाए। इससे मंदिर परिसर दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। लक्ष्मी नारायण भगवान एवं भगवान शिव की विधिवत पूजा-अर्चना के बाद आरती हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। महंत नवल किशोर शर्मा ने बताया कि देव दीपावली का विशेष धार्मिक महत्व है। मान्यता है कि भगवान विष्णु चार माह की योग निद्रा से जागते हैं, तो देवता प्रसन्नता में दीप प्रज्ज्वलित कर उनका स्वागत करते हैं। इसी परंपरा के चलते कार्तिक पूर्णिमा पर देव दीपावली मनाई जाती है। इस पर्व पर दीपदान करने से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की जाती है।

मेडिकल कॉलेज प्रकरण: डीएम ने लिया संज्ञान, तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित

जूनियर डॉक्टरों, तीमारदारों व अन्य लोगों के बीच हुए विवाद की होगी जांच, 15 दिन में मांगी रिपोर्ट



शाहजहांपुर। राजकीय मेडिकल कॉलेज में हुए विवाद के मामले में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने संज्ञान लेते हुए तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है। कमेटी में एडीएम वित्त एवं राजस्व को अध्यक्ष, सीओ सदर और सीएमओ को सदस्य बनाया गया है। डीएम ने समिति को निर्देश दिए हैं कि प्रकरण से जुड़े सभी पक्षों को सुनकर उनके बयान दर्ज किए जाएं। साथ ही सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच कर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए। कमेटी को 15 दिन के अंदर जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। डीएम ने कहा कि मेडिकल कॉलेज प्रकरण में किसी तरह की कोताही नहीं बरती जाएगी। सीसीटीवी फुटेज और पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर पूरे घटनाक्रम की वास्तविकता सामने आएगी। इधर, जांच कमेटी गठित होने के बाद अब सभी की निगाहें जांच रिपोर्ट और आगे होने वाली कार्रवाई पर टिकी हैं।

मतदाता जोड़ो अभियान के तहत मंजू आनंद ने विभिन्न बूथों पर किया जनसंपर्क, नए मतदाता बनवाने की अपील की

समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।



भारतीय जनता पार्टी की ओर से संचालित मतदाता जोड़ो अभियान के तहत भाजपा जिला मंत्री मंजू आनंद ने विधानसभा पुवायां क्षेत्र के विभिन्न बूथों पर पहुंचकर जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जाकर लोगों से संपर्क किया और पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया।

मंजू आनंद ने विशेष रूप से उन युवाओं से संवाद किया, जिन्होंने 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली है, लेकिन अभी तक उनका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हुआ है। उन्होंने ऐसे युवाओं के साथ ही छूटे हुए अन्य पात्र नागरिकों से भी नए वोट बनवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम होना बेहद जरूरी है। मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति नागरिकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है।

उन्होंने कहा कि भाजपा का मतदाता जोड़ो अभियान अधिक से अधिक पात्र लोगों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने का प्रयास है। अभियान के माध्यम से ऐसे लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य है, जो किसी कारणवश अभी तक मतदाता नहीं बन पाए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भी अभियान को गंभीरता से लेते हुए प्रत्येक बूथ पर पात्र लोगों की पहचान करने और उनके मतदाता पहचान पत्र बनवाने में सहयोग करने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने देवतुल्य जनता जनार्दन से अपील की कि वे अपने परिवार, आसपास और गांव-मोहल्ले के उन सभी युवाओं एवं पात्र लोगों के वोट अवश्य बनवाएं, जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता से ही लोकतंत्र मजबूत होगा और मतदाता जोड़ो अभियान को सफलता मिलेगी।

प्रभारी ने पुलिस टीम के साथ की पैदल गश्त, लोगों से जाना हालचाल

जनता से संवाद कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा, शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील

समृद्धि न्यूज़, खुदागंज, शाहजहांपुर।



क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और आमजन में सुरक्षा का विश्वास कायम करने के उद्देश्य से थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य ने पुलिस टीम के साथ पैदल गश्त की। गश्त के दौरान उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर लोगों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और स्थानीय लोगों से बातचीत कर क्षेत्र की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। पैदल गश्त के दौरान थाना प्रभारी ने लोगों से सीधे संवाद स्थापित किया तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उनकी बातों और समस्याओं को सुना। उन्होंने नागरिकों से आपसी भाईचारा, शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि पुलिस क्षेत्र में सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार प्रयासरत है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या समस्या की जानकारी मिलने पर पुलिस को तत्काल सूचित करें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। पैदल गश्त का उद्देश्य क्षेत्र में पुलिस की सक्रिय मौजूदगी बनाए रखना, लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत करना तथा पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा। थाना प्रभारी की अगुवाई में पुलिस टीम ने भ्रमण कर लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया और भरोसा दिलाया कि पुलिस जनसेवा के लिए सदैव तत्पर है। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य, उपनिरीक्षक राजकुमार गौतम, उपनिरीक्षक प्रशांत चौधरी, कांस्टेबल आलोक कुमार, सोनवीर, सागर आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

चेयरमैन संजय गुप्ता को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा में जिला महामंत्री की जिम्मेदारी



पुवायां, शाहजहांपुर। पुवायां नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष संजय गुप्ता उर्फ संजू भैया को भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा में जिला महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नई संगठनात्मक जिम्मेदारी मिलने के बाद उनके समर्थकों और शुभचिंतकों में उत्साह का माहौल है।

नगर पालिका अध्यक्ष के रूप में स्थानीय राजनीति में सक्रिय संजय गुप्ता अब भाजपा संगठन में भी जिला स्तर पर अपनी भूमिका निभाएंगे। उनकी इस नियुक्ति को जिले की भाजपा राजनीति में एक नए घटनाक्रम के रूप में देखा जा रहा है। गौरतलब है कि संजय गुप्ता की तिलहर विधानसभा सीट से भाजपा टिकट की दावेदारी को लेकर भी क्षेत्र में चर्चाएं हैं। जगह-जगह लगाए गए उनके होर्डिंग उनकी राजनीतिक सक्रियता को दर्शा रहे हैं। ऐसे में पिछड़ा वर्ग मोर्चा में मिली नई जिम्मेदारी को उनके राजनीतिक सफर के अगले पड़ाव के रूप में देखा जा रहा है। अब संजय गुप्ता संगठन में मिली इस जिम्मेदारी के तहत किस तरह सक्रिय भूमिका निभाते हैं, इस पर राजनीतिक हलकों की नजर रहेगी।

अनूप को जिला कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी



शाहजहांपुर। भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा की ओर से अनूप चौधरी को पिछड़ा मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अनूप चौधरी पुवायां के मोहल्ला शास्त्री नगर निगोही रोड के रहने वाले हैं। इन्होंने राजनीति में सक्रियता 2011 से 2017 तक जिला मंत्री युवा मोर्चा 2017 से 2026 तक युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पद संभाला है। नवीन दायित्व के साथ जिला कोषाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अनूप को नये दायित्व की जिम्मेदारी मिलने पर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं दीं।

रानी लक्ष्मीबाई की जयंती को शौर्य दिवस के रूप में मनाया गया

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



रानी लक्ष्मीबाई महिला विंग ने रानी लक्ष्मीबाई के जयंती को शौर्य दिवस के रूप में मनाया। जिसमें उन्होंने जिसमें सदस्यों को सम्मानित किया। संस्थापक डा. नमिता सिंह ने बताया कि हमारा यह कार्यक्रम हर साल बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है,जोकि हमारे प्रेरणा स्रोत लक्ष्मीबाई जी के जयंती के रूप में मनाया जाता है। इसमें हमने अपने सदस्यों को सम्मानित किया है। क्योंकि हमारे सभी सदस्य चाहे शिक्षा के क्षेत्र में हो, मेडिकल के क्षेत्र में हो। हेलमेट वितरण हो, ब्लड डोनेशन हो। हर जगह बहुत ही अच्छे कार्य समाज में करते हैं। अध्यक्ष स्तुति गुप्ता ने कहा कि हमारी विंग ने अपने 14 वर्ष पूर्ण होने पर अपने सदस्यों को सम्मानित किया है। जिससे वह आगे और अच्छे कार्य समाज में कर सके। संरक्षक मीरा सेठ, नीतू कुमरा, वीणा सिंह, सरोज सिंह, प्रियंका कपूर, अर्चना अग्रवाल ने सदस्यों को शॉल व पगड़ी पहनकर उनका सम्मान किया तथा उन्हें स्मृति चिन्ह भी प्रदान किए। रितु नीरज सिंह, तृप्ति सक्सेना, अर्चना अग्रवाल, रचना सिंह को शिक्षा के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए सम्मानित किया गया। दीपशिखा, रितु सिंह ,तान्या गुप्ता ,गीता त्रिवेदी ,ममता वर्मा को रोड सेफ्टी जागरूकता कार्यक्रमों के लिए सम्मानित किया गया। अर्चना गुप्ता, पूनम मिश्रा, विभा सिंह ,महिमा शुक्ला, गीता सिंह को ब्लड डोनेशन के लिए सम्मानित किया गया। सुनीता सिंह, सपना सिंह, यज्ञा, रिचा गुप्ता, नैना आनंद को कन्या विवाह में योगदान करने के लिए सम्मानित किया गया। अलका वर्मा, कोमल अग्निहोत्री, सुगंध अनीता सिंह, राधिका, शिवानी को मेडिकल कैंप में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया।साक्षी, संगीता यादव ,मोहिनी यादव, काजल शर्मा को समाज में जागरूकता के कार्यक्रम चलाने के लिए सम्मानित किया गया। इसके साथ ही रानी लक्ष्मीबाई महिला विंग की टीम ने एक नई साउथ सिटी टीम का भी गठन किया। जिसमें नैना आनंद को अध्यक्ष, रिचा गुप्ता को सचिव ,यज्ञा अग्निहोत्री को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई।जिन्हें संस्थापक डा. नमिता सिंह, मीरा सेठ, नीतू कुमरा, वीणा सिंह ,प्रियंका कपूर, अर्चना अग्रवाल, रचना सिंह,स्तुति गुप्ता ,शुभा शर्मा, सुनीता सिंह ने फूलमाला पहनाकर जिम्मेदारी प्रदान की। नई टीम ने निरंतर अच्छे कार्य करने की शपथ ली व सभी को आश्वासन दिया। टीम का विस्तार किया गया। जिसमें विमी सैनी, नीतू कुमरा, वीणा सिंह, अर्चना अग्रवाल, प्रियंका कपूर को डायरेक्टर्स की जिम्मेदारी सौंप गई। रचना सिंह, महिमा शुक्ला, प्रतिमा शुक्ला को उपाध्यक्ष, रचना अवस्थी को जॉइंट सेक्रेटरी, ममता गुप्ता, गीता त्रिवेदी को सह-कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंप गई। संस्थापक डा. नमिता सिंह ने मीरा सेठ को विशेष सम्मान प्रदान किया। नीतू कुमरा को भी विशेष सम्मानित किया। अध्यक्ष स्तुति गुप्ता को लगातार 18 बार ब्लड डोनेशन करने पर सम्मानित किया गया। कुमुद गुप्ता को लायंस क्लब अध्यक्ष के रूप में सम्मानित किया गया। रचना सिंह को लायंस क्लब सहेली के सचिव की जिम्मेदारी के साथ ही डॉक्टरेट पूर्ण करने पर विशेष सम्मान प्रदान किया गया। साक्षी को महिला उद्यमी सम्मान से नवाजा किया।

सम्बन्ध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र अभिषेक पांडेय व उसकी पत्नी दीपा पांडेय को गलत व्यवहार के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होगा। **राजेश्वरी देवी पत्नी हरीश चंद्र पांडेय नि.मो. परशुराम नगर मो. गढ़ी थाना पुवायां, शाहजहांपुर।**

सूचना

मैं PUSHPA EKKA आधार नं0-287303268671 मेरे पति JC-563713H Rank-NB/SUB, JAITUN TOPPO VILL-KURRA, POST-CHAINPUR, P.S-GIDDI 'A' TEHSIL-HAZARIBAGH, DIST-HAZARIBAGH PIN No-825330 (JHARKHAND) के सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम PUSHPA TOPPO त्रुटिवश गलत अंकित हो गया है, जबकि वास्तविक सही नाम PUSHPA EKKA है। भविष्य में इसी नाम से मुझे पहचाना जाये।

विश्व पटल पर भारत की बढ़ती धमक



मृत्युंजय दीक्षित

विश्व पटल पर भारत का दबदबा लगातार बढ़ रहा है, ऐसा आस्ट्रेलिया के प्रतिष्ठित थिंक टैक लोवी इंस्टीट्यूट के एशिया पावर इंडेक्स- 2026 की रिपोर्ट कह रही है। रिपोर्ट में भारत को प्रमुख शक्ति का दर्जा दिया गया है। भारत को इस सूचकांक में 100 में से 40.5 अंक मिले हैं जो पिछले वर्ष की तुलना में 0.5 अधिक है। लोवी इंस्टीट्यूट (Lowy Institute) के एशिया पावर इंडेक्स 2026 में भारत तीसरे स्थान पर है, जो अमेरिका और चीन के बाद आता है। जापान 38.6 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है जबकि रूस 32.2 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है। रिपोर्ट के अनुसार भारत ने वर्ष 2026 में आर्थिक और घरेलू चुनौतियों के बाद भी एशिया में अपना प्रभाव बढ़ाया है। क्षेत्रीय रक्षा सहयोग, कूटनीतिक सक्रियता और सांस्कृतिक पहुँच ने भारत की स्थिति मजबूत करने में सहयोग दिया है।

लोवी इंस्टीट्यूट एशिया पावर इंडेक्स इस क्षेत्र में देशों की शक्ति और प्रभाव का आकलन करता है। इसमें आर्थिक क्षमता, सैन्य ताकत, लचीलापन, भविष्य के संसाधन, आर्थिक संबंध, रक्षा नेटवर्क, कूटनीतिक प्रभाव और सांस्कृतिक प्रभाव जैसे पहलुओं को शामिल किया जाता है। लोवी की रिपोर्ट के अनुसार भारत और चीन के बीच समग्र शक्ति का अंतर 2018 में इस सूचकांक की शुरुआत के बाद सबसे कम स्तर पर पहुँच गया है। चीन की कुल शक्ति अब भी भारत से करीब 80 प्रतिशत अधिक आंकी गई है। भारत की सबसे मजबूत स्थिति भविष्य के संसाधनों के क्षेत्र में रही जहां उसे तीसरा स्थान मिला है इस श्रेणी में भारत को 56.2 अंक प्राप्त हुए। आर्थिक क्षमता में भी भारत तीसरे स्थान पर बना हुआ है। रिपोर्ट में भारत के कूटनीतिक प्रभाव को उसकी प्रमुख ताकत बताया गया है इस श्रेणी में भारत को 70.3 अंक मिले हैं और यह चौथे स्थान पर है। रक्षा नेटवर्क के मामले में भारत ने दो अंकों की छलांग लगाई है और नौवें स्थान पर पहुंच गया है। दक्षिण -पूर्व एशियाई देशों के साथ बढ़ते रक्षा सहयोग और ब्रह्मोस मिसाइलों की ऐतिहासिक मांग व बिक्री को इस सुधार का प्रमुख कारण बताया गया है। आर्थिक संबंधों के मामलों में भी भारत की स्थिति बेहतर हुई है और इस श्रेणी में भारत दो स्थान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंचा है। क्षेत्रीय व्यापार और निवेश संबंधों में अपेक्षाकृत स्थिरता ने इसमें योगदान दिया है। रिपोर्ट में भारत की आर्थिक स्थिति को मिला-जुला बताया गया है और आर्थिक क्षमता का स्कोर थोड़ा घटकर 26.4 अंक रह गया। रिपोर्ट में रुपए की कमजोरी और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की अर्थव्यवस्थाओं के आकलन की पद्धति में बदलाव का असर भारत की सापेक्ष जीडीपी स्थिति पर पड़ा।

रिपोर्ट में भारत के सांस्कृतिक प्रभाव में भी बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। संस्कृति सूचना के आदान-प्रदान और लोगों के संपर्क में सुधार हुआ है। रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि भारत ने क्षेत्रीय प्रभाव बढ़ाने की दिशा में प्रगति की है। वैश्विक उथल-पुथल आर्थिक और कूटनीतिक मोर्चे में चुनौतियों के बावजूद रक्षा सहयोग, क्षेत्रीय संबंधों और भविष्य की संभावनाओं ने एशिया में भारत की स्थिति मजबूत की है। रिपोर्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एशिया का दूसरा सबसे शक्तिशाली व लोकप्रिय नेता बताया गया है जबकि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग पहले स्थान पर कायम हैं। अमेरिका के मध्यावधि चुनावों में भारी पराजय के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के स्वर भी भारत के प्रति बदल रहे हैं। कुछ समय पूर्व ही उन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था को ÷डेड इकोनामी÷ कहकर भारत का मजाक बनाया था और राहुल गांधी के नेतृत्व वाले विपक्ष ने उसे लपक लिया था। अब ट्रम्प भारत की आर्थिक प्रगति की सराहना करते हुए अपनी फेडरल बैंक को भारत से सीखने की सलाह दे रहे हैं क्योंकि भारत की ब्याज दरें बहुत कम हैं तथा जीडीपी 7 प्रतिशत है। वर्तमान में वैश्विक उथल-पुथल के भयावह दौर में भी भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। अप्रैल जून 2026 में भारत की जीडीपी विकास दर 7.8 दर्ज की गई थी। 2014 के बाद भारत में हर क्षेत्र में व्यापक स्तर पर उन्नति देखने को मिल रही है। वर्तमान समय में वैश्विक अस्थिरता के समय में भी भारत की स्थिति बेहतर हो रही है। इस रिपोर्ट पर विपक्ष मौन है। जब विश्व के किसी कोने से भारत विरोधी कोई बयान या रिपोर्ट आ जाती है तब भारत का विपक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व सरकार कोसने लगता है किंतु जब भारत के पक्ष में कोई रिपोर्ट आती है तब बगलें झांकने लग जाता है।

क्या गुरु नानक देव अफ्रीका भी गए थे? अफ्रीका के एक गांव में आज भी जीवित है उनकी स्मृति



विवेक शुक्ला



क्या सिख धर्म के संस्थापक और प्रथम गुरु, गुरु नानक देव जी अपने जीवनकाल में पूर्वी अफ्रीका तक गए थे? युगांडा में रहने वाले हजारों सिखों और वहां के स्थानीय अफ्रीकी समुदाय के अनेक लोगों को पूरा विश्वास है कि गुरु नानक देव जी वहां पहुंचे थे। वे युगांडा की राजधानी कंपाला के निकट स्थित एक छोटे-से गांव बामुनानिका, जिसे बामू नानिका भी कहा जाता है, को गुरु नानक देव जी की यात्रा से जोड़कर देखते हैं। स्थानीय लोगों के बीच सदियों से यह मान्यता चली आ रही है कि बहुत पहले एक पहुंचे हुए संत इस स्थान पर आए थे और उन्होंने यहां बैठकर ध्यान लगाया था।

स्थानीय अफ्रीकी समुदाय के लिए उस संत की पहचान आज भी श्रद्धा का विषय है। वहीं, सिख समुदाय का दृढ़ विश्वास है कि वे संत कोई और नहीं बल्कि बाबा नानक थे। दिलचस्प बात यह है कि अलग-अलग संस्कृति और धर्म से जुड़े दो समुदायों ने इस स्थान से जुड़ी एक ही मान्यता को पीढ़ियों से संजोकर रखा है। चार ओलंपिक खेलों में केन्या की ओर से हॉकी खेलने वाले अवतार सिंह सोहल तारी बताते हैं कि पूर्वी अफ्रीका के सिख समुदाय में इस स्थान के प्रति गहरी आस्था है। वे कहते हैं, ÷गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर पूर्वी अफ्रीका के अलग-अलग हिस्सों से बड़ी संख्या में सिख यहां पहुंचते हैं। दिलचस्प बात यह है कि हमें सबसे पहले इस स्थान के बारे में अफ्रीकी लोगों ने ही बताया था। उनका कहना था कि वह संत उनके समुदाय के नहीं थे। उनमें असाधारण आध्यात्मिक शक्तियां थीं और वे कई सदियों पहले इस धरती पर आए थे। युगांडा के लुवेरो जिले में स्थित बामुनानिका राजधानी कंपाला के पास है। इसे एक पवित्र तीर्थस्थल के रूप में देखा जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सदियों पहले एक ऐसे संत यहां आए थे, जो उनके समुदाय से नहीं थे। उन्होंने एक विशेष स्थान पर बैठकर ध्यान लगाया था। माना जाता है कि उस संत की आध्यात्मिक उपस्थिति का यहां के लोगों पर गहरा प्रभाव पड़ा। इस स्थान से जुड़ी एक और दिलचस्प बात है। आसपास का काफी इलाका सूखा है और यहां मीठे पानी के स्रोत आसानी से उपलब्ध नहीं हैं। लेकिन जिस स्थान पर उस संत के ध्यान लगाने की मान्यता है, वहां से कुछ ही मीटर की दूरी पर मीठे पानी का एक छोटा-सा प्राकृतिक झरना है। इस झरने के पानी को पवित्र माना जाता है। श्रद्धालुओं को यह पानी अमृत के रूप में दिया जाता है।

पूर्वी अफ्रीका में भारतीयों, खासकर पंजाबियों के पहुंचने के बाद सिख समुदाय को इस स्थान के बारे में जानकारी मिली। ब्रिटिश शासन के दौरान बड़ी संख्या में सिखों को युगांडा रेलवे के निर्माण कार्य के लिए पूर्वी अफ्रीका लाया गया था। इस रेलवे का निर्माण 1896 में शुरू हुआ था। इसने वर्तमान केन्या के मोम्बासा बंदरगाह को पूर्वी अफ्रीका के अंदरूनी इलाकों से जोड़ा और आखिरकार 1931 में यह कंपाला तक पहुंच गया।

युगांडा में सिख समुदाय के पूर्व सांसद परमजीत सिंह मारवाह भी गुरु नानक देव जी की इस यात्रा से जुड़ी स्थानीय मान्यता का उल्लेख कर चुके हैं। यहां आने वाले अनेक श्रद्धालुओं के लिए यह आस्था का विषय है। उनके लिए इस यात्रा को साबित करने के लिए ऐतिहासिक दस्तावेजों की तलाश से ज्यादा महत्वपूर्ण पीढ़ियों से चली आ रही यह मान्यता है। इतिहास क्या कहता है? गुरु नानक देव जी ने गुरबाणी और मानवता का संदेश फैलाने के लिए अपने जीवन में अनेक लंबी यात्राएं की थीं। उनकी इन यात्राओं को उदासियां कहा जाता है। इन यात्राओं के दौरान उन्होंने भारतीय उपमहाद्वीप के बड़े हिस्से के अलावा दूसरे देशों की भी यात्रा की। उनके जीवन और यात्राओं का वर्णन कई सिख धार्मिक और ऐतिहासिक ग्रंथों में मिलता है। इनमें पुरातन जनमसाखी भी शामिल है, जिसे उनके जीवन से जुड़े सबसे पुराने पारंपरिक विवरणों में से एक माना जाता है। अवतार सिंह सोहल कहते हैं कि युगांडा और केन्या के सिखों तथा हिंदुओं में इस स्थान को लेकर गहरी आस्था है। वे कहते हैं, ÷युगांडा और केन्या के सिखों के साथ-साथ अनेक हिंदुओं के लिए भी बामुनानिका जाना आस्था का विषय है। वे नियमित रूप से यहां आते हैं। उन्हें बाबा जी की यात्रा के दस्तावेजी प्रमाणों की जरूरत महसूस नहीं होती।

उनका पूरा विश्वास है कि गुरु नानक देव जी दुनिया के इस हिस्से में भी आए थे। युगांडा में भारतीय मूल के लोगों की अच्छी-खासी आबादी है। इनमें पंजाबी परिवार भी शामिल हैं। युगांडा में भारतीयों का इतिहास मेहनत, उद्यम और संघर्ष की एक उल्लेखनीय कहानी भी है। ब्रिटिश शासन के दौरान अनेक भारतीय रेलवे के निर्माण कार्य के लिए यहां पहुंचे थे। समय के साथ उन्होंने कारोबार शुरू किए, सार्वजनिक जीवन में अपनी जगह बनाई और देश के आर्थिक तथा सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इनमें से कुछ लोग सांसद भी बने।

गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के करीब आते ही बामुनानिका एक बार फिर श्रद्धा और आस्था का केंद्र बन जाता है। गुरु नानक देव जी वास्तव में पूर्वी अफ्रीका गए थे या नहीं, यह सवाल इतिहासकारों और शोधकर्ताओं के बीच आगे भी चर्चा का विषय बना रह सकता है। इस यात्रा के निर्णायक दस्तावेजी प्रमाणों की प्रतीक्षा अभी बाकी है। इसके बावजूद अफ्रीकी, सिख और हिंदू समुदायों में यह मान्यता पीढ़ी-दर-पीढ़ी जीवित रही है। इसी ने इस छोटे से गांव को एक विशेष सांस्कृतिक पहचान दी है। आखिरकार, गुरु नानक देव जी का संदेश किसी एक समुदाय या भौगोलिक सीमा तक सीमित नहीं था। समानता, मानवता, करुणा और भाईचारे की उनकी शिक्षाएं आज भी दुनिया भर में लोगों को प्रेरित करती हैं। बामुनानिका को चाहे इतिहास की दृष्टि से देखें या आस्था की नजर से, यह स्थान गुरु नानक देव जी के सार्वभौमिक संदेश की व्यापक पहुंच की एक अनूठी झलक प्रस्तुत करता है।

पहले पानी का संकट, फिर बाजार और अब कैंसर का खतरा!

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

तपती दोपहर में रेलवे स्टेशन पर प्यास से बेहाल बच्चे के लिए जब मां 20 रुपये की पानी की बोतल खरीदती है, तो उसका भरोसा होता है कि कम से कम यह पानी तो शुद्ध होगा। वह बोतल की कीमत से अपने बच्चे की सेहत की सुरक्षा खरीद रही होती है, किंतु जब देश के प्रमुख बोतलबंद पानी ब्रांड बिसलेरी के नमूने में संभावित कैंसरकारी रसायनों की मौजूदगी का मामला सामने आता है और भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) मुकदमे की मंजूरी देता है, तब सवाल एक कंपनी से आगे बढ़कर पूरे पैकेज्ड वाटर उद्योग की विश्वसनीयता पर पहुंच जाता है।

आखिर जिस पानी को शुद्धता और सुरक्षा का पर्याय बनाकर बेचा गया, वही हमारी सेहत के लिए खतरा बन जाए तो आम आदमी किस पर भरोसा करे? वस्तुत- यह घटनाक्रम बताता है कि पानी के कारोबार में ब्रांड की प्रतिष्ठा और विज्ञापनों से कहीं अधिक महत्वपूर्ण उसकी वास्तविक गुणवत्ता है। बोतलबंद पानी के इस विशाल बाजार की कहानी लगभग तीन दशक पुरानी है। 1990 के दशक के बाद पानी के निजीकरण और वस्तुकरण का वैश्विक विमर्श तेज हुआ। 1995 में विश्व बैंक के तत्कालीन उपाध्यक्ष इस्माइल सेरागेल्डिन का चर्चित कथन था कि बीसवीं सदी के युद्ध तेल के लिए हुए, इक्कीसवीं सदी के युद्ध पानी के लिए होंगे। इसने पानी को भविष्य के सबसे मूल्यवान संसाधनों में स्थापित किया।भारत में जल संकट की वास्तविकता भी इस बाजार के विस्तार का आधार बनी।

दुनिया की लगभग 18 प्रतिशत आबादी भारत में रहती है, जबकि मीठे जल संसाधनों में उसकी हिस्सेदारी करीब चार प्रतिशत है। भूजल का अनियंत्रित दोहन, नदियों का प्रदूषण और पारंपरिक जल स्रोतों की उपेक्षा ने सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता को चुनौतीपूर्ण बनाया। इसी परिस्थिति में सार्वजनिक जल व्यवस्था की कमजोरियों के बीच निजी कंपनियों ने शुद्ध पानी का बाजार खड़ा कर दिया। आईएमएआरसी ग्रुप के अनुसार, 2026 में वैश्विक



बोतलबंद पानी बाजार 311.2 अरब डॉलर का है। भारत में आईबीईएफ की मार्च 2026 की रिपोर्ट संगठित पैकेज्ड वाटर बाजार का आकार 32,040 करोड़ रुपये बताती है, जिसके 2032 तक 57,850 करोड़ रुपये पहुंचने का अनुमान है। असंगठित और प्रीमियम बाजार जोड़ने पर इसका आकार लगभग 77,600 करोड़ रुपये आंका गया है, किंतु वर्तमान में पैकेज्ड वाटर उद्योग में भूजल निकासी को लेकर संसदीय समितियों और जल विशेषज्ञों ने चिंता जताई है। वस्तुत- कई क्षेत्रों में औद्योगिक दोहन से स्थानीय जलस्तर प्रभावित होने की शिकायतें सामने आई हैं। प्रकृति से प्राप्त पानी को निकालकर, फिल्टर करके और प्लास्टिक की बोतल में भरकर उसी समाज को बेचना जल संसाधनों के न्यायपूर्ण उपयोग पर सवाल खड़ा करता है। वहीं, बोतलबंद पानी की सुरक्षा का प्रश्न रासायनिक प्रदूषण तक सीमित नहीं है। कोलंबिया विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में प्रति लीटर बोतलबंद पानी में औसतन लगभग 2.40 लाख प्लास्टिक कण पाए गए, जिनमें बड़ी संख्या नैनोप्लास्टिक की थी। इनके मानव शरीर पर दीर्घकालिक प्रभावों को लेकर वैज्ञानिक अनुसंधान जारी है।

भारत की भीषण गर्मी में खुले ट्रकों और दुकानों के बाहर धूप में रखी प्लास्टिक की बोतलों के भंडारण पर भी सवाल उठते हैं। तापमान और भंडारण की परिस्थितियां प्लास्टिक से कुछ रसायनों के पानी में पहुंचने की आशंका बढ़ा सकती हैं, इसलिए बोतलों के निर्माण, परिवहन और भंडारण के मानकों का कड़ाई से पालन आवश्यक है।

विडंबना यह है कि आम आदमी जिस भूजल से बचने के लिए बोतलबंद पानी खरीदता है, वह भी कई क्षेत्रों में सुरक्षित नहीं है। केंद्रीय भूजल बोर्ड की रिपोर्टों में आर्सेनिक, फ्लोराइड और यूरेनियम जैसे तत्वों से प्रभावित भूजल की जानकारी मिलती रही है। पंजाब के मालवा क्षेत्र में दूषित पानी और कैंसर के मामलों को लेकर लंबे समय से चिंता व्यक्त की जाती रही है। यानी एक तरफ प्रदूषित भूजल का संकट है और दूसरी तरफ बोतलबंद पानी की गुणवत्ता पर सवाल। नागरिक अपनी जेब से पैसा खर्च करने के बाद भी सुरक्षित पानी की गारंटी नहीं पा रहा। यह स्थिति सार्वजनिक स्वास्थ्य और पेयजल व्यवस्था की गंभीर चुनौती है। लौटना होगा अपनी जल संस्कृति की ओर भारतीय परंपरा में कुएं, तालाब, बावड़ियां और सरोवर बनवाना पुण्य का कार्य माना गया। हमारे पूर्वज जानते थे कि पानी बनाया नहीं जा सकता, उसे संचित और संरक्षित ही किया जा सकता है। बुंदेलखंड के जखनी गांव को जल संरक्षण के माध्यम से नई पहचान दिलाने वाले पद्मश्री उमाशंकर पांडेय का सूत्र खेत पर मेड़ और मेड़ पर पेड़% इसी पारंपरिक वैज्ञानिक समझ का उदाहरण है।

आज आवश्यकता है कि वर्षा जल संचयन अनिवार्य हो, पारंपरिक जल स्रोतों का पुनर्जीवन किया जाए और भूजल दोहन पर प्रभावी नियंत्रण लगे। एफएसएसएआई तथा बीआईएस को बड़े ब्रांडों से लेकर स्थानीय संयंत्रों तक नियमित गुणवत्ता जांच करनी चाहिए। जांच रिपोर्ट सार्वजनिक हों और मानकों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई हो। नागरिक भी घर से निकलते समय स्टील, तांबे या कांच की पुनः उपयोग योग्य बोतल साथ रखने की आदत अपनाएं। दूसरी ओर कहना यह भी होगा कि बोतलबंद पानी उद्योग रोजगार देता है और यात्रा तथा आपात परिस्थितियों में उपयोगी भी है, इसलिए आवश्यकता पूरे उद्योग को खारिज करने की नहीं, उसकी जवाबदेही सुनिश्चित करने की है। मुनाफे की दौड़ में मानव स्वास्थ्य और प्राकृतिक जल संसाधनों की अनदेखी स्वीकार नहीं की जा सकती। वस्तुतः आज बिसलेरी के नमूने से जुड़ा यह मामला एक चेतावनी है कि शुद्धता का दावा करने वाले हर ब्रांड को कठोर वैज्ञानिक जांच और सार्वजनिक जवाबदेही से गुजरना चाहिए। आखिर सवाल उस मां के भरोसे का है, जो अपने बच्चे को यह सोचकर पानी पिलाती है कि उसने उसके लिए सुरक्षित पानी खरीदा है। यदि यही भरोसा टूट गया तो संकट सिर्फ एक उद्योग का नहीं, पूरी पेयजल व्यवस्था का होगा। पहले पानी के संकट को बाजार बनाया गया और अब बाजार के पानी की शुद्धता पर सवाल है। समय रहते नहीं चेते तो आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे महंगा सुरक्षित जीवन होगा। आनेवाले वक्त में जल से होनेवाले रोगों एवं कैंसर रोगियों के लिए आईसीयू और अस्पतालों के सामान्य वार्ड भी कम पड़ जाएंगे!

बेटी के लिए सुरक्षित भविष्य की तलाश और दहेज की सौदेबाजी

डॉ. सत्यवान सौरभ

भारतीय समाज में विवाह को दो व्यक्तियों के बीच जीवनभर के साथ, विश्वास और जिम्मेदारियों का संबंध माना गया है। लेकिन बदलते सामाजिक परिवेश में विवाह की पवित्रता पर बाजारवाद की ऐसी छाया पड़ी है कि रिश्तों का मूल्यांकन अब व्यक्ति के संस्कार, विचार, व्यवहार और मानवीय गुणों से अधिक उसकी नौकरी, वेतन, पद और आर्थिक हैसियत से होने लगा है। विवाह के लिए लड़के की तलाश करते समय लड़की पक्ष की पहली प्राथमिकताओं में सरकारी नौकरी, अच्छा वेतन, अपना मकान, जमीन-जायदाद और सामाजिक प्रतिष्ठा शामिल हो जाती हैं। सरकारी नौकरी वाला दामाद मिल जाए तो परिवार स्वयं को भाग्यशाली समझता है। लेकिन इसी मानसिकता के भीतर एक ऐसा विरोधाभास छिपा है, जिस पर समाज खुलकर चर्चा करने से बचता है। यदि लड़की पक्ष सरकारी नौकरी वाले दामाद को प्राथमिकता देता है और लड़के वाला पक्ष बदले में ब्रेजा, ऑडी या महँगी गाड़ी की माँग रख देता है तो क्या इसे केवल उसकी व्यक्तिगत पसंद कहकर स्वीकार कर लिया जाना चाहिए? क्या विवाह वास्तव में दो परिवारों का मिलन है या योग्यताओं और संपत्तियों की नीलामी का कोई मंच? यह सवाल किसी एक परिवार, जाति, वर्ग या क्षेत्र तक सीमित नहीं है। यह उस सामाजिक मानसिकता पर चोट करता है, जिसमें विवाह को धीरे-धीरे आर्थिक लेन-देन का माध्यम बना दिया गया है। विडंबना देखिए कि लड़की के माता-पिता अपनी बेटी के लिए सरकारी कर्मचारी दामाद इसलिए चाहते हैं कि उसका भविष्य सुरक्षित रहे, उसे आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े और समाज में उसे सम्मान मिले। उनकी यह इच्छा अपने आप में अनुचित नहीं है। प्रत्येक माता-पिता अपनी संतान के सुखद भविष्य की कामना करते हैं। लेकिन समस्या तब शुरू होती है, जब इसी सुरक्षा की तलाश में वे लड़के की नौकरी को उसके संपूर्ण व्यक्तित्व का प्रमाणपत्र मान लेते हैं। सरकारी नौकरी मिलते ही लड़के का सामाजिक मूल्य बढ़ जाता है और विवाह के बाजार में उसकी कथित कीमत भी निर्धारित होने लगती है। यहीं से दहेज की मानसिकता को खाद-पानी मिलता है। लड़के के परिवार को लगता है कि उनके बेटे ने प्रतियोगी परीक्षाएँ पास की हैं, वर्षों मेहनत की है इसलिए विवाह में महँगी गाड़ी, नकदी, जमीन, फर्नीचर और अन्य सुविधाएँ माँगना उनका अधिकार है। दूसरी ओर लड़की का परिवार भी अपनी सामाजिक हैसियत और प्रतिष्ठा बचाने के लिए इन माँगों को पूरा करने की कोशिश करता है। कोई ब्रेजा को प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लेता है तो किसी की निगाह ऑडी पर टिक जाती है। माँग पूरी न होने पर रिश्ते टूट जाते हैं और कई बार लड़की के माता-पिता अपनी आर्थिक क्षमता से बाहर जाकर कर्ज तक उठा लेते हैं। सवाल यह है कि जिस सरकारी नौकरी को बेटी के सुरक्षित भविष्य की गारंटी समझा गया था, क्या उसी नौकरी के नाम पर उसके माता-पिता को आर्थिक बोझ तले दबाना उचित है?

दहेज की समस्या को केवल लड़के वालों के लालच तक सीमित करके देखने से भी सामाजिक तस्वीर अधूरी रह जाती है। लड़की पक्ष की वह मानसिकता भी आत्ममंथन की माँग करती है, जो अच्छे संस्कारों, शिक्षा, चरित्र और पारिवारिक व्यवहार की अपेक्षा सरकारी नौकरी और आर्थिक संपन्नता को सर्वोच्च स्थान देती है। जब हम स्वयं किसी व्यक्ति को उसकी नौकरी और वेतन के आधार पर सामाजिक प्रतिष्ठा देते हैं, तब अनजाने में उसी व्यवस्था को मजबूत करते हैं, जिसमें विवाह के नाम पर आर्थिक अपेक्षाएँ पैदा होती हैं। हालांकि इसका अर्थ



यह बिल्कुल नहीं है कि लड़की पक्ष की प्राथमिकता के कारण लड़के वालों की दहेज माँग जायज हो जाती है। माँग करने वाला ही अपने आचरण के लिए जिम्मेदार है।

किसी की पसंद या अपेक्षा दूसरे व्यक्ति के शोषण का अधिकार नहीं बन सकती। वास्तविकता यह भी है कि सरकारी नौकरी की चमक के पीछे कई बार व्यक्ति के वास्तविक चरित्र को देखने की कोशिश ही नहीं की जाती। लड़का कितना जिम्मेदार है, उसका व्यवहार कैसा है, वह महिलाओं के प्रति कितना सम्मान रखता है, परिवार में निर्णय लेने की उसकी सोच क्या है, वह जीवनसाथी की स्वतंत्रता और आकांक्षाओं को कितना महत्व देगा, इन प्रश्नों को अक्सर गौण कर दिया जाता है। परिणामस्वरूप नौकरी और वेतन देखकर किए गए विवाह बाद में मानसिक उत्पीड़न, घरेलू कलह और आर्थिक दबाव का कारण बन जाते हैं। एक लड़की को केवल इसलिए अच्छा जीवन नहीं मिल सकता कि उसका पति सरकारी कर्मचारी है। अच्छा जीवन सम्मान, समानता, संवेदनशीलता और आपसी विश्वास से बनता है। यहाँ एक और कड़वी सच्चाई को समझना जरूरी है। विवाह के बाद यदि बहू से यह अपेक्षा की जाती है कि वह घर की जिम्मेदारियाँ निभाए, परिवार की प्रतिष्ठा बनाए रखे और हर परिस्थिति में समझौता करे तो दामाद से भी उतनी ही जिम्मेदारी और संवेदनशीलता की अपेक्षा होनी चाहिए। विवाह कोई ऐसा अनुबंध नहीं है, जिसमें एक पक्ष अपनी नौकरी और पद के आधार पर विशेषाधिकार प्राप्त कर ले और दूसरा पक्ष अपनी आर्थिक तथा सामाजिक क्षमता से अधिक देने के लिए बाध्य हो जाए। यदि लड़की पढ़ी-लिखी है, आत्मनिर्भर है और परिवार की जिम्मेदारियों में योगदान देने में सक्षम है, तो उसकी योग्यता का सम्मान भी उतना ही जरूरी है जितना लड़के की नौकरी का।

भारतीय कानून भी इस मानसिकता को स्वीकार नहीं करता। दहेज निषेध अधिनियम, 1961 के अंतर्गत दहेज लेना, देना और माँगना दंडनीय अपराध है। विवाह में स्वेच्छा से दिए गए उपहारों और दबाव, शर्त अथवा माँग के तहत लिए गए दहेज के बीच स्पष्ट अंतर है। कानून का उद्देश्य केवल अपराध होने के बाद कार्रवाई करना नहीं बल्कि समाज में ऐसी कुप्रथा को रोकना भी है। लेकिन कानून तभी प्रभावी होगा, जब परिवार स्वयं दहेज के विरुद्ध खड़े होंगे। केवल मंचों पर दहेज विरोधी भाषण देने और निजी जीवन में महँगी गाड़ियों तथा नकदी की अपेक्षा रखने से सामाजिक परिवर्तन नहीं आएगा। माता-पिता को भी अपनी सोच बदलनी होगी। बेटी के लिए सरकारी नौकरी वाला दामाद खोजने से पहले ऐसे इंसान की तलाश करनी चाहिए, जो बेटी को बराबरी का दर्जा दे सके। लड़के वालों को भी समझना होगा कि बेटे की नौकरी उसकी मेहनत का परिणाम है, कोई ऐसी व्यावसायिक पूँजी नहीं, जिसे विवाह के बाजार में बेचकर कार या संपत्ति हासिल की जाए। यदि किसी परिवार को बेटे की शादी में गाड़ी चाहिए, तो उसे अपनी कमाई से खरीदने का साहस भी रखना चाहिए। बेटी के पिता की जेब को बेटे की उपलब्धियों का पुरस्कार समझना शर्मनाक सामाजिक सोच है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672
For News : samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

खबरें एक नजर में

जनगणना की तैयारियों को लेकर कोटेदारों के साथ एसडीएम ने की बैठक



मौदहा (हमीरपुर)। आगामी जनगणना की तैयारियों को लेकर मंगलवार को एसडीएम कर्णवीर सिंह ने तहसील सभागार में मौदहा और मुस्करा ब्लॉक के कोटेदारों के साथ बैठक की। उन्होंने जनगणना के महत्व की जानकारी देते हुए सभी से सहयोग करने की अपील की। एसडीएम ने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है। इसके लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के प्रत्येक परिवार तक सही जानकारी पहुंचाना जरूरी है। कोटेदार अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को जनगणना के प्रति जागरूक करें और प्रशासन को आवश्यक सहयोग दें। बैठक में जनगणना की प्रक्रिया, सूचनाओं के आदान-प्रदान और जिम्मेदारियों पर चर्चा की गई। एसडीएम ने सभी को गंभीरता से दायित्व निभाने के निर्देश दिए, ताकि जनगणना का कार्य सुचारु रूप से पूरा हो सके।

इको कार-बाइक की आमने-सामने भिड़ंत, दो युवकों की मौत

सरीला (हमीरपुर)। जलालपुर थाना क्षेत्र में राठ-जलालपुर मार्ग पर मंगलवार दोपहर इको कार और बाइक की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को सीएचसी सरीला पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। विवार थाना क्षेत्र के लोदीपुर निवादा गांव निवासी अजय कुमार (25) पुत्र काशीप्रसाद और दीपक सिंह (26) पुत्र अतबल सिंह चिकासी थाना क्षेत्र के जिगनी गांव स्थित मौरंग खदान में काम करते थे। मंगलवार दोपहर करीब 12:30 बजे दोनों बाइक से अपने गांव जा रहे थे। ममना और रहंटिया गांव के बीच जलालपुर की ओर से आ रही इको कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ग्रामीणों ने इको कार को रोक लिया। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी रवि कुमार ने पुलिस बल के साथ वाहन कब्जे में लिया और एंबुलेंस से दोनों को सीएचसी पहुंचाया। मृतकों के अविवाहित होने की जानकारी है। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पंचायतनामा और पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई होगी।

विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने भोजला मंडी का किया निरीक्षण



झांसी। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की तैयारियों के दृष्टिगत जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी ने भोजला मंडी का निरीक्षण किया। उन्होंने पोलिंग पार्टियों की रवानगी एवं वापसी, मतगणना और ईवीएम के लिए बनाए जाने वाले स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए खिड़की-दरवाजे बंद रखने, सीसीटीवी कैमरों को 24 घंटे संचालित रखने तथा पर्याप्त बैरिकेडिंग और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पेयजल, शौचालय, सफाई एवं कैंटीन की व्यवस्थाओं को भी देखा। उन्होंने पोलिंग पार्टियों की आवाजाही के लिए तैयार रोडमैप का परीक्षण करते हुए वाहनों की सुचारु व्यवस्था और ईवीएम की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पल्लवी मिश्रा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन एके गुप्ता, एसपी ग्रामीण डॉ. अरविंद कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

डीएम ने मौदहा छात्रावास व रीवन में निर्माणाधीन सीएम कंपोजिट विद्यालय का किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।



जिलाधिकारी अशोक कुमार ने मंगलवार को राजकीय महिला छात्रावास मौदहा और ग्राम रीवन में निर्माणाधीन सीएम कंपोजिट विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। छात्रावास का संचालन शुरू न होने पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने आवश्यक व्यवस्थाएं जल्द पूरी कराकर संचालन शुरू कराने के निर्देश दिए। डीएम ने छात्रावास परिसर में साफ-सफाई, खरपतवार हटाने, बाउंड्रीवाल दुरुस्त कराने, क्षतिग्रस्त दरवाजे बदलने और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। जिला विद्यालय निरीक्षक को वार्डन, रसोइया और चौकीदार की नियुक्ति प्रक्रिया जल्द पूरी कराने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने रीवन में यूपीपीसीएल द्वारा बनाए जा रहे सीएम कंपोजिट विद्यालय और मिनी स्टेडियम का निरीक्षण किया। कार्यदायी संस्था को दिसंबर तक निर्माण कार्य पूरा कर विद्यालय बेसिक शिक्षा विभाग को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए। साथ ही पहुंच मार्ग, जल निकासी, टाइलिंग और प्रकाश व्यवस्था के शेष कार्य गुणवत्ता के साथ पूरे कराने को कहा। निरीक्षण के दौरान एसडीएम मौदहा कर्णवीर सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक महेश कुमार गुप्ता, बीएसए मुकेश खरवार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

12 दिसंबर की लोक अदालत के प्रचार को रवाना किया वाहन

जनपद न्यायाधीश ने दिखाई हरी झंडी, कल संविधान दिवस और 28 नवंबर को स्पेशल लोक अदालत



हमीरपुर। संविधान दिवस, स्पेशल लोक अदालत एवं राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए मंगलवार को जनपद न्यायालय परिसर से जागरूकता वाहन रवाना किया गया। जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष राम प्यारे ने हरी झंडी दिखाकर वाहन को रवाना किया। वाहन के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में लोगों को 26 नवंबर को संविधान दिवस, 28 नवंबर को स्पेशल लोक अदालत तथा 12 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति जागरूक किया जाएगा। लोगों को बताया जाएगा कि लोक अदालत में आपसी सुलह-समझौते से सुलह योग्य वादों का निःशुल्क और त्वरित निस्तारण कराया जा सकता है। इससे समय और धन दोनों की बचत होती है। इस दौरान जनपद न्यायाधीश ने लोगों से लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम में अपर जनपद न्यायाधीश अफशां, रणवीर सिंह, राजीव कुमार द्वितीय, संजय कुमार गोंड, अनिल कुमार खरवार, लवी यादव, निजेंदर कुमार, सिविल जज अभिषेक त्रिपाठी, वंदना अग्रवाल सहित न्यायिक अधिकारी एवं अधिवक्ता मौजूद रहे।

बरात में जा रही कार की बाइक से भिड़ंत, हंगामा कर कार तोड़ी



सुमेरपुर। कस्बे के बांदा मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग के समीप बरात में जा रही कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मामूली रूप से घायल हो गया। इसके बाद मौके पर जुटे कुछ लोगों ने कार सवार बरातियों के साथ मारपीट कर कार में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। कस्बा निवासी आशीष साहू परिवार के साथ कार से बरात में जा रहे थे। रेलवे क्रॉसिंग के समीप उनकी कार की टक्कर बांदा जनपद के नरैनी निवासी लवलेश (22) की बाइक से हो गई। हादसे में लवलेश सड़क पर गिरकर घायल हो गया। आशीष उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। इसी दौरान मौके पर एकत्र हुए कुछ लोगों ने कार सवारों के साथ अभद्रता और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं, कार में भी तोड़फोड़ कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया,सूचना पर पहुंची पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया। आशीष साहू ने धर्मेश्वर बाबा मोहल्ले के कुछ लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है, जबकि बाइक सवार की ओर से कोई शिकायत नहीं की गई है। थानाध्यक्ष राममोहन राय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

कार्तिक पूर्णिमा पर काने पीर बाबा के स्थान पर लगा मेला, दिवारी नृत्य ने मोहा मन

समृद्धि न्यूज़, कुरारा (हमीरपुर)।

पतारा गांव में बेतवा नदी किनारे स्थित काने पीर बाबा के स्थान पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मेला लगा। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया और दिवारी नृत्य का आनंद लिया। मेले में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। पतारा के अलावा क्योटरा, नेठी, हरेहटा और कंडोर गांवों के लोगों ने मेले में सहभागिता की। श्रद्धालुओं ने पान, बताशा, नारियल, धूप-बत्ती और तेल चढ़ाकर पूजा की। स्थानीय मान्यता के अनुसार यहां चढ़ाया गया तेल कान में लगाने से कान के रोग दूर होते हैं। मेले में महिलाओं और बच्चों ने दुकानों से खरीदारी की। दिनभर दिवारी नृत्य का आयोजन हुआ। सुरक्षा के लिए पुलिस भी मौजूद रही। इसी तरह सिकरोड़ी गांव के खेरापति बाबा मंदिर परिसर में तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया गया। यहां पूजा-अर्चना के साथ दिवारी नृत्य और भजन-कीर्तन हुए। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हनुमान ने बताया कि रात में रामलीला का मंचन होगा। मेले में आसपास के गांवों के लोगों ने भी भाग लिया।

श्रद्धा के साथ मनी कार्तिक पूर्णिमा, हुआ भंडारा



सुमेरपुर। कार्तिक पूर्णिमा का पर्व क्षेत्र में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। यमुना बेतवा संगम स्थित मां अम्बे मंदिर में विशाल भंडारा संपन्न हुआ। यहां दिनभर भजन कीर्तन का दौर चलता रहा। भंडारे में आसपास के एक दर्जन गांवों के लोगों ने हिस्सा लेकर प्रसाद ग्रहण किया। यमुना बेतवा संगम पर स्थित धार्मिक स्थल मां अंबे आश्रम में ब्लॉक प्रमुख जयनारायन सिंह यादव ने विशाल भंडारे का आयोजन कराया। भंडारे में बडा गांव, टिकरौली, कारीमाटी, सिमनौडी, देवगांव, पत्योरा, भमौरा, गहतौली, जलाला, शिवरामपुर, छोटा कछार, बडा कछार आदि गांवों के हजारो लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। यहां पर मशहूर लोक गायिका विद्या विश्वकर्मा ने अपने साथी कलाकारों के साथ कीर्तन भजन की शानदार प्रस्तुति दी। यह क्रम पूरे दिन चलता रहा। जिसका लोगो ने भरपूर आनंद प्राप्त किया।

जहरीला पदार्थ खाने से किराना दुकानदार की मौत, परिवार में कोहराम

कुरारा (हमीरपुर)। थाना क्षेत्र के झलोखर गांव निवासी किराना दुकानदार ने सोमवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे कानपुर ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। झलोखर निवासी वीरेश शिवहरे (45) पुत्र स्व. हरिशंकर गांव में किराना की दुकान चलाते थे। सोमवार रात अज्ञात कारणों से उन्होंने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजन उन्हें उपचार के लिए कानपुर ले गए, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। कानपुर में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मृतक के दो पुत्र हैं। बड़ा बेटा शिवा (23) विवाहित है, जबकि छोटा बेटा हरी (17) है। घटना से परिवार में शोक व्याप्त है।

कार्तिक पूर्णिमा पर अजेय कालिंजर दुर्ग में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

- दुर्ग स्थित तालाबों में डुबकी लगा नीलकंठ के किए दर्शन
- पांच दिवसीय कालिंजर महोत्सव मेले का हुआ आगाज

समृद्धि न्यूज़, बांदा।





बुंदेलखंड के मशहूर मेलों में शामिल पांच दिवसीय कार्तिक पूर्णिमा मेला का ऐतिहासिक कालिंजर दुर्ग में आगाज हो गया। पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की आमद रही। मेले में बड़ी संख्या में सीमावर्ती मध्य प्रदेश के श्रद्धालु भी शामिल रहे। श्रद्धालुओं ने दुर्ग स्थित बुड्ढा-बुड्ढी, रामकटोरा और कोटितीर्थ तालाबों में डुबकी लगाकर भगवान नीलकंठ के दर्शन किए। अजेय दुर्ग कालिंजर में कार्तिक पूर्णिमा मेला महोत्सव के पहले दिन मंगलवार को भारी भीड़ रही। सीमावर्ती राज्य मध्य प्रदेश से सटे होने के कारण यहां जनपद समेत पन्ना, छतरपुर, अजयगढ़, चंदला, चित्रकूट समेत आसपास के अन्य जिलों से श्रद्धालु कालिंजर दुर्ग पहुंचे। प्राचीन कालिंजर दुर्ग में यह मेला भगवान शंकर के पुत्र कार्तिकेय के जन्मोत्सव पर लगता चला आ रहा है। पुरानी परंपरा के तहत इस मेले पर यह महोत्सव जिला प्रशासन द्वारा बीते कई वर्षों से आयोजित किया जा रहा है। मेला कमेटी के अध्यक्ष दयाराम सोनकर ने बताया मेले में सभी व्यवस्थाएं पहले ही पूरी कर ली गई थीं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पन्ना रोड, सतना रोड, चित्रकूट रोड एवं किला रोड पर बैरियर लगाए गए हैं। मेला परिसर में तकरीबन 2 किलोमीटर दूरी से सुरक्षा के व्यापक पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जगह-जगह पर पुलिस फोर्स तैनात है। आस्थावानों ने दुर्ग स्थित बुड्ढा-बुड्ढी, रामकटोरा और कोटितीर्थ तालाबों में डुबकी लगाकर भगवान नीलकंठ के दर्शन किए। बता दें कि चंदेलकालीन परंपरा से जुड़ा यह मेला भगवान नीलकंठ के पुत्र कार्तिकेय के जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित होता है। सदियों पुरानी इस परंपरा के तहत आज भी कार्तिक पूर्णिमा पर कालिंजर दुर्ग में मेला लगता है, जिसमें आसपास के जनपदों सहित दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंचते हैं। मेले में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए बांदा स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय की ओर से शिविर लगाया गया। चिकित्सक डॉ.आरबी मिश्रा और डॉ.साधना पटेल ने श्रद्धालुओं को निःशुल्क आयुर्वेदिक दवाएं वितरित कीं। मेले में पहुंची क्षेत्रीय विधायक ओममणि वर्मा ने सभी का आभार जताया।

गरौठा विधायक जवाहर राजपूत के प्रयासों को मिली बड़ी सफलता

धनौरा-प्रतापपुरा-देवरी मार्ग के लिए 42.15 करोड़ रुपये स्वीकृत

समृद्धि न्यूज़, झांसी।

- निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए शासन ने जारी किए 4.21 करोड़ रुपये, 12.600 किलोमीटर मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का जल्द होगा शिलान्यास भूमि पूजन

गरौठा विधानसभा क्षेत्र के विकास को लेकर विधायक जवाहर लाल राजपूत के प्रयासों को बड़ी सफलता मिली है। उनके प्रयासों के बाद शासन ने धनौरा-प्रतापपुरा-देवरी मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के लिए 42 करोड़ 15 लाख 8 हजार रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके साथ ही निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के लिए 4 करोड़ 21 लाख 51 हजार रुपये की धनराशि भी अवमुक्त कर दी गई है।

12.600 किलोमीटर लंबाई वाले इस महत्वपूर्ण मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए विधायक जवाहर लाल राजपूत ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से अनुरोध किया था। उन्होंने क्षेत्र की जनता की आवागमन संबंधी समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए विधानसभा सदन में भी इस मार्ग के निर्माण का प्रस्ताव रखा था।विधायक के निरंतर प्रयासों के बाद लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी शासनादेश के माध्यम से इस परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग की ओर से जारी स्वीकृति के अनुसार परियोजना में पांच वर्ष का अनुरक्षण कार्य भी शामिल है। इस मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण से क्षेत्र के ग्रामीणों, किसानों और राहगीरों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। साथ ही आसपास के गांवों का संपर्क बेहतर होगा और क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी और क्षेत्र के कई गांव सीधे मुख्यालय से कनेक्ट हो जाएंगे। गरौठा विधायक ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास भूमि पूजन जल्द ही ही कराते हुए कार्य प्रारंभ कराया जाएगा।विधायक जवाहर लाल राजपूत ने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गरौठा विधानसभा क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए उनके प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। जनता की समस्याओं का समाधान और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। विधायक ने कहा कि अभी कुछ और सड़कों के निर्माण की वित्तीय स्वीकृति मिल सकती है जिनके निर्माण के लिए उनके द्वारा प्रस्ताव दिए जा चुके हैं।

5051 कलशों के साथ निकलेगी कलश यात्रा, कल से झांसी में गूंजेगी श्रीराम कथा



झांसी। धर्मनगरी झांसी में श्रीराम कथा के भव्य आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। आगामी 26 नवंबर से 2 दिसंबर तक राजा गंगाधर राव मुक्ताकाशी मंच पर सात दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। बुंदेलखंड में पहली बार निरंजनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 आचार्य डॉ. स्वामी कैलाशानंद गिरि महाराज श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा का रसपान कराएंगे। प्रतिदिन दोपहर एक बजे से प्रभु इच्छा तक कथा होगी। आयोजन का शुभारंभ 26 नवंबर, गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। इस यात्रा की विशेषता यह होगी कि इसमें 5051 कलश लेकर महिलाएं शामिल होंगी। सुबह 10 बजे श्री मुरली मनोहर मंदिर, बड़ा बाजार से कलश यात्रा प्रारंभ होगी। यात्रा मालिनों का चौराहा, सिंधी तिराहा, पंचकुइयां और रानी लक्ष्मीबाई पार्क होते हुए राजा गंगाधर राव मुक्ताकाशी मंच पहुंचेगी, जहां इसका समापन होगा। कथा के दौरान 28 नवंबर, शनिवार को सुबह 11 बजे बुंदेलखंड की सुप्रसिद्ध गायिका कविता शर्मा भजनों की प्रस्तुति देंगी। वहीं, आयोजन के अंतिम दिन 2 दिसंबर, बुधवार को दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में आयोजन से जुड़े एडवोकेट अनूप कुमार शिवहरे देहाती सहित आचार्य हरिओम पाठक, पुरुषोत्तम स्वामी, महंत विष्णु दत्त स्वामी,ज्योतिषाचार्य पं. मनोज थापक, आचार्य वसंत गोलवलकर, आचार्य लल्लन महाराज, आचार्य विनोद चतुर्वेदी, संदीप राय,रघुराज सिंह पारीछा, बृजेश शिवहरे सहित अन्य लोग तैयारियों में जुटे हैं।

उत्साह व अनुशासन के साथ मनाया गया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का वार्षिकोत्सव

समृद्धि न्यूज़, जालौन।



जालौन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का वार्षिकोत्सव सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में उत्साह एवं अनुशासन के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने संगठन की कार्यपद्धति, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका पर विचार रखे। इस दौरान संघ की शाखा के माध्यम से व्यक्ति निर्माण और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य शिक्षक आनंद ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उद्देश्य व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण करना है। शाखा केवल शारीरिक अभ्यास का केंद्र नहीं, बल्कि अनुशासन, संस्कार, संगठन और सामाजिक समरसता का माध्यम है। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों को अपने आचरण और व्यवहार से समाज के सामने आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए। समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाते हुए जरूरतमंदों की सहायता, सामाजिक एकता और राष्ट्रहित के कार्यों में सदैव तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की मजबूती केवल शासन या व्यवस्था से नहीं, बल्कि जागरूक, संस्कारवान और जिम्मेदार नागरिकों से होती है। इसलिए प्रत्येक स्वयंसेवक को अपने दैनिक जीवन में सेवा, समर्पण और अनुशासन के मूल्यों को अपनाते हुए समाज को संगठित करने का प्रयास करना चाहिए। इस दौरान शाखा कार्यवाह शशांक शेखर, बस्ती प्रमुख विनय निगम सहित अन्य स्वयंसेवक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र और समाज के प्रति अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के संकल्प के साथ हुआ।

गर्भवती के पेट पर लात मारने से शिशु की मौत

- ऑपरेशन कर निकाला गया मृत शिशु

महोबा। महोबा में अजनर थाना क्षेत्र के रमपुरा गांव में सोमवार शाम एक गर्भवती महिला के पेट में लात मारने से उसके गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई। महिला के पति ने अजनर थाने में शिकायत की है। तहरीरकेमुताबिक, ममता पटेल (22) पत्नी सोहित पटेल शाम को अपने घर के दरवाजे पर खड़ी थीं। तभी पड़ोस में रहनेवाले मर्दन पटेल और उनकी पत्नी राधा पड़ोस में रहने वाले मर्दन पटेल और उनकी पत्नी राधा वहां पहुंचे। दोनों ने ममता से गाली-गलौज की। ममता के मना करने पर राधा ने उन्हें पकड़ लिया और मर्दन ने उनके पेट में लात मारी। ममता गिर गईं। सोहित घायल पत्नी को लेकर अजनर थाने पहुंचे। पुलिस ने उन्हें तुरंत इलाज कराने की सलाह दी। सोहित ममता को झांसी ले गए। वहां डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर नौ महीने के मृत शिशु को बाहर निकाला। पुलिस ने शिशु का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए महोबा भेजा। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उचित धाराओं में केस दर्ज किया जाएगा।



किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

पनवाड़ी (महोबा)। महोबकंठ थाना क्षेत्र के रिवई गांव में सोमवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में 17 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई। परिजन उसे बेसुध हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। रिवई गांव निवासी कमलेश प्रजापति ने बताया कि उनकी बेटी निर्जला अपनी वाकी बहनों के साथ घर में मूंगफली साफ कर रही थी तभी अचानक बेहोश हो गई थी। परिजन आनन फानन में उसे पनवाड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आए उस समय वह खेत पर काम कर रहे थे। बेटी की तबीयत बिगड़ने की जानकारी मिलने पर वह अस्पताल पहुंचे। हालांकि किशोरी की हालत अचानक कैसे बिगड़ी और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी जानकारी नहीं हो सकी है। परिजनों के मुताबिक निर्जला पांच बहनों काजल अंजली आसमी संध्या में दूसरे नंबर पर थी। किशोरी की मौत से परिवार में मातम छा गया। सूचना पर सीएचसी पहुंचे इंचार्ज एसआई कन्हैया लाल और महिला एसआई दीक्षा ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

धूमधाम से मनाया गया गुरुनानक देव का 557वां प्रकाश पर्व

समृद्धि न्यूज़, बांदा।



जगतगुरु श्री गुरु नानक देव का 557वां पावन प्रकाश पर्व मंगलवार को श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सिंधी समुदाय के लोगों ने सुबह से ही गुरुद्वारा परिसर की भव्य सजवाट की और सत्संग व कीर्तन के साथ माहौल को भक्तिमय बनाया। भजनों की धुन पर सिंधी समुदाय के लोगों ने जमकर ठुमके भी लगाए। श्री गुरुनानक सेवा समिति, बांदा के तत्वावधान में शहर के पीली कोठी स्थित सिंधी गुरुद्वारा भवन में गुरमत समागम की शुरुआत सत्संग व कीर्तन भजन के साथ हुई। सत्संगकर्ता भगत अमरलाल ने श्रीगुरु ग्रंथ साहिब की अमृतवाणी की महिमा का गुणगान करते हुए भावपूर्ण शबद कीर्तन प्रस्तुत किया, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। उन्होंने संगत को संबोधित करते हुए गुरु नानक देव के जीवन दर्शन, नाम जपने, पाप रहित धंधा करके और वंड छकने (मिल-बांटकर खाने) की अनमोल परंपराओं पर विस्तार से प्रकाश डाला और सभी से मानवता, प्रेम और भाईचारे के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। गरुग्रंथ साहिब की अमृत वाणी के पाठ का भोग साहिब और महाजन्मोत्सव आनंद का भव्य आयोजन किया गया। श्याम आरेजा ने गुरुनानक देव की महिमा का बखान करते हुए मोहक भजनों की प्रस्तुति की। भजनों की धुन पर पंडाल में मौजूद सभी श्रद्धालु झूम उठे और जयकारों के साथ एक-दूसरे को प्रकाश पर्व की बधाइयां देत रहे। समागम के समापन अवसर पर गुरु साहिब के चरणों में सामूहिक अरदास की गई, जिसमें समस्त साध संगत, नगरवासियों और विश्व कल्याण की सुख-शांति, समृद्धि तथा आपसी भाईचारे की कामना की गई।

भाजपा जिलाध्यक्ष की पुत्री के विवाह समारोह में पहुंचे डिप्टी सीएम

- व्यस्तता के चलते विवाह से एक दिन पहले पहुंचे उपमुख्यमंत्री

समृद्धि न्यूज़, उरई, जालौन।



उत्तर प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित की पुत्री के शादी समारोह में शिरकत कर आशीर्वाद दिया। शादी समारोह 25 नवंबर को होना है, लेकिन व्यस्तता के चलते उप-मुख्यमंत्री एक दिन पूर्व ही आशीर्वाद देने पहुंचे। कार्यक्रम सकुशल और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। उप-मुख्यमंत्री के आगमन और कार्यक्रम को देखते हुए जिलाधिकारी समीर एवं पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत के कुशल निर्देशन में सुरक्षा के व्यापक और चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे। कार्यक्रम स्थल से लेकर पूरे भ्रमण मार्ग तक पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। आमजन की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात प्रबंधन, रूट डायवर्जन, निर्धारित पार्किंग, मजबूत बैरिकेडिंग और प्रभावी भीड़ नियंत्रण के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरों के जरिए लगातार निगरानी की गई। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा और अधिकारियों को ड्यूटी के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे। पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी और बेहतर समन्वय के चलते पूरे भ्रमण कार्यक्रम के दौरान कहीं भी किसी अप्रिय घटना या यातायात व्यवधान की सूचना नहीं मिली। उप-मुख्यमंत्री के काफ्लि के आवागमन के दौरान मार्गों को अस्थायी रूप से डायवर्ट किया गया, जिससे आम यातायात प्रभावित नहीं हुआ। कार्यक्रम के सफल समापन के बाद डीएम व एसपी ने ड्यूटी में मुस्तैद रहे। यातायात पुलिस ने भी अपनी भूमिका बखूबी निभाई और सीसीटीवी कंट्रोल रूम से भी पूरे कार्यक्रम की निगरानी होती रही। इस अवसर पर सभी विधायक जिलाध्यक्ष सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम TEESAM S/O ABDUL KHALIF था जो कि दिनांक 23/11/2026 को मैने अपना नाम बदलकर TEESAM KHAN S/O ABDUL KHALIF रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए। **निवासी ग्राम झिरझिरवा पोस्ट भगवानपुर , भैंसाही, जनपद श्रावस्ती, यूपी।**

संक्षिप्त खबरें

जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव हर वर्ग तक पहुंच रहा: विधायक



समृद्धि न्यूज़ महराजगंज, सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने भिटौली उत्तरी मंडल के भिटौली एवं बासपार नूतन शक्ति केंद्रों पर आयोजित जन चौपाल में कहा कि केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार समाज के सभी वर्गों के उत्थान एवं विकास के लिए कार्य कर रही है। सरकार की योजनाओं में जाति, धर्म और वर्ग का भेद नहीं, बल्कि पात्र जरूरतमंदों तक लाभ पहुंचाने की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, शौचालय निर्माण और राशन वितरण जैसी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को बिना भेदभाव मिल रहा है। पिछली सरकारों पर तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र के साथ काम कर रही है। जन चौपाल में जिला मंत्री ठाकुर रौनियार, जिला कोषाध्यक्ष आकाश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष हेमंत गुप्ता, बूथ अध्यक्ष अवधेश प्रजापति सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने नदियों में लगायी आस्था की डुबकी, संगम तटो पर लगे मेले

समृद्धि न्यूज़ महराजगंज, कार्तिक पूर्णिमा एवं देव दीपावली के अवसर पर त्रिमुहानी घाट ,चानकी घाट, बैकुंठी घाट सहित पड़ोसी मुल्क के त्रिवेणी धाम में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और नदी तट पर बछिया छूने ,अनाज ,पैसा दान करने का कार्य किया। इस अवसर पर नदियों के संगम स्थल पर लगे मेला में श्रद्धालु स्त्री ,पुरुष, बच्चे बच्चियों स्नान, पूजा ,दान से निवृत्त होने के बाद मेले में मिट्टी के बर्तन एवं खाद्य वस्तुओं की खरीददारी करते हुए विचरण करते दिखे। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर नदियों के त्रिवेणी पर आयोजित स्नान, मेले में जुटी भीड़ की व्यवस्था की देखरेख में अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारीगण, सामान्य प्रशासन सहित संबंधित कोतवाली, चौकी के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भ्रमणशील रहे। तड़के सुबह से नदियों के संगम स्थल पर हर हर गंगे ,हर हर महादेव आदि नारों के बीच स्नान का क्रम शुरू हुआ जो पूरे दिन चलता रहा।

कार्तिक पूर्णिमा पर उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब, लाखों ने लगाई गंगा में आस्था की डुबकी

डलमऊ रायबरेली समृद्धि न्यूज़। धर्म और आस्था के पावन पर्व कार्तिक पूर्णिमा पर मंगलवार को जिले के पौराणिक एवं ऐतिहासिक डलमऊ गंगा घाट पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। ब्रह्म मुहूर्त से ही हर-हर गंगे और मां गंगा के जयकारों के साथ श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। गंगा तट पर सुबह से ही भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत नजारा देखने को मिला। दूर-दराज के क्षेत्रों से पहुंचे लाखों श्रद्धालुओं ने पतित पावनी मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया तथा परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। गंगा घाटों पर मंत्रोच्चार, पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों के चलते पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद विधि-विधान से मां गंगा की पूजा की और दान-पुण्य किया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। घाटों पर पुलिस बल की तैनाती के साथ ही श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर डलमऊ का गंगा तट श्रद्धा, आस्था और सनातन परंपरा का जीवंत केंद्र बना रहा।

बर्थडे पार्टी के नाम पर युवकों का हुड़दंग, स्कॉर्पियो की छत पर बैठकर सड़क पर निकले



रायबरेली समृद्धि न्यूज़। जिले में बर्थडे पार्टी के नाम पर युवकों की दबंगई और हुड़दंग का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में कुछ युवक स्कॉर्पियो गाड़ी की छत पर बैठकर रायबरेली-गदागंज मार्ग पर फर्राटा भरते नजर आ रहे हैं। इस दौरान युवकों ने यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाईं। युवकों की इस हरकत से सड़क पर चलने वाले अन्य राहगीरों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। चलती गाड़ी की छत पर बैठकर सफर करना न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है, बल्कि किसी बड़े सड़क हादसे को भी न्योता दे सकता है। बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो भदोखर थाना क्षेत्र का है। वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में इस घटना की चर्चा तेज हो गई है। अब देखना यह होगा कि पुलिस वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर संबंधित युवकों और वाहन के खिलाफ क्या कार्रवाई करती है।

बंदर के आतंक से लोग परेशान एटीएम में घुसकर मचाया उत्पात

लालगंज, रायबरेली समृद्धि न्यूज़। कस्बे में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। जिससे स्थानीय लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। ताजा मामला कस्बे के एक एटीएम का है। जहां अचानक एक बंदर घुस गया। बंदर को एटीएम के अंदर देखकर वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और लोग डर के चलते इधर-उधर भागने लगे। बताया जा रहा है कि दो दिन पहले भी एक बंदर बैंक के अंदर घुस गया था और वहां जमकर उत्पात मचाया था। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से बैंक और एटीएम आने वाले लोगों में दहशत बनी हुई है। घटना की सूचना वन विभाग को दी गई। जिसके बाद मौके पर पहुंची टीम ने बंदर को पकड़ने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।

शादी ब्याह के सीजन में मिलावट खोरों के हौसले बुलंद

रायबरेली समृद्धि न्यूज़। रायबरेली जिले में मिलावटी खाद्य पदार्थों के कारोबार का मामला सामने आया है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (FSDA) की टीम ने अघौरा इलाके में चल रही पनीर बनाने की एक फैक्ट्री पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पनीर निर्माण में कपड़ों को सफेद और चमकदार बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले केमिकल का प्रयोग किए जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री में तैयार किए जा रहे पनीर को सफेद दिखाने के लिए इस केमिकल का इस्तेमाल किया जा रहा था। मामले का वीडियो वायरल होने के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग हरकत में आया। खाद्य सुरक्षा सहायक आयुक्त मानिकचंद सिंह की छापेमारी में कथित नकली पनीर फैक्ट्री का खुलासा हुआ। उन्होंने वीडियो वायरल होने के बाद फैक्ट्री में पनीर निर्माण और उसमें टीनोपाल के इस्तेमाल की जानकारी सामने आने की बात बताई। इस कार्रवाई के बाद खाद्य पदार्थों में मिलावट को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर डीएम सख्त

समृद्धि न्यूज़



महराजगंज। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही और खराब प्रदर्शन को लेकर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कड़ा रुख अपनाया है। 50 प्रतिशत से कम संतुष्टि प्रतिशत वाले कार्यालयों की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक में बिना पूर्व सूचना अनुपस्थित अधिकारियों पर नाराजगी जताते हुए उनका एक दिन का वेतन रोकने का निर्देश दिया। डीएम ने स्पष्ट किया कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही निस्तारण का आधार होनी चाहिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने कम संतुष्टि प्रतिशत वाले कार्यालयों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में सीएमओ, अधिशासी अभियंता नलकूप, जिला गन्ना अधिकारी, डीआईओएस, एलडीएम, बीडीओ परतावल, बीईओ परतावल, निचलौल एवं मिठौरा, अधिशासी अधिकारी नौतनवा एवं सोनौली, एडीओ पंचायत नौतनवा एवं महराजगंज, पशुचिकित्साधिकारी निचलौल, चकबंदी अधिकारी नौतनवा, अधिशासी अभियंता सिंचाई तथा अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड अनुपस्थित रहे।

महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक से अधिकारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए डीएम ने कहा कि जनशिकायतों के प्रति अधिकारियों की उदासीनता किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने अनुपस्थित अधिकारियों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए तथा सभी अधिकारियों को जनशिकायतों के निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा। और उन्होंने ने निर्देश दिया कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत में संबंधित अधिकारी शिकायतकर्ता से शत-प्रतिशत संपर्क स्थापित करें और उसकी समस्या को गंभीरता से सुनें। आवश्यकता पड़ने पर अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करें तथा वास्तविक स्थिति का सत्यापन कर शिकायत का समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि केवल औपचारिकता निभाने या कागजी निस्तारण करने से शिकायतों का समाधान नहीं होगा, बल्कि ऐसा प्रभावी कदम उठाया जाए जिससे शिकायतकर्ता वास्तव में संतुष्ट हो। इसके साथ ही शिकायतों के निस्तारण में निर्धारित समयसीमा का कड़ाई से पालन करने, प्रकरणों को अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखने तथा प्रत्येक शिकायत का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और तथ्यों पर आधारित करने के निर्देश दिए। और कहा कि निस्तारण से पूर्व संबंधित अभिलेखों एवं साक्ष्यों का परीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए। विशेष रूप से असंतुष्ट शिकायतकर्ताओं के मामलों की समीक्षा कर निस्तारण में रही कमियों को दूर किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस आयुक्त ने जारी किए निर्देश

समृद्धि न्यूज़

प्रयागराज। विद्यालय खुलने और छुट्टी होने के समय लगने वाले जाम, अव्यवस्थित पार्किंग तथा बच्चों की सुरक्षा को लेकर प्रयागराज के पुलिस आयुक्त पीयूष मोर्डिया ने शहर के विद्यालयों के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पुलिस आयुक्त ने विद्यालय प्रबंधन से बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की है। जारी पत्र में कहा गया है कि विद्यालय के बाहर स्कूल बस, निजी वैन, टेम्पो, ई-रिक्शा, ऑटो रिक्शा और अभिभावकों के वाहनों के एक साथ एकत्रित होने से यातायात प्रभावित होता है। इसके मद्देनजर स्कूल प्रबंधन को बच्चों के आने-जाने और वाहनों के संचालन की बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस आयुक्त ने कहा कि देर से आने के कारण किसी भी बच्चे को विद्यालय में प्रवेश से वंचित न किया जाए। अनुशासनात्मक या प्रशासनिक कार्रवाई प्रवेश देने के बाद की जा सकती है। बच्चों को विद्यालय परिसर से बाहर या गेट पर बिना निगरानी के नहीं छोड़ा जाए। स्कूल खुलने और छुट्टी के समय पर्याप्त सुरक्षा गार्ड एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए हैं। विद्यालयों को स्कूल बस, निजी वैन, टेम्पो, ई-रिक्शा और ऑटो रिक्शा का पूरा विवरण सुरक्षित रखने को कहा गया है। वाहनों के पंजीकरण नंबर, चालक का नाम, पता, मोबाइल नंबर, ड्राइविंग लाइसेंस, पहचान पत्र तथा वाहन स्वामी और परिचालक का विवरण विद्यालय में उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने और असुरक्षित परिवहन पर रोक लगाने को कहा गया है। बच्चे को सड़क या घर के बाहर केवल माता-पिता अथवा अधिकृत वयस्क अभिभावक को व्यक्तिगत रूप से सौंपने तथा अभिभावक के उपलब्ध न होने पर बच्चे को अकेला न छोड़ने के निर्देश भी दिए गए हैं। विद्यालयों को बच्चों को छोड़ने और लेने के लिए निर्धारित स्थान चिन्हित करने, बसों एवं अन्य वाहनों की व्यवस्थित पार्किंग सुनिश्चित करने तथा दोहरी पार्किंग और सड़क पर अनावश्यक वाहन खड़े करने पर रोक लगाने को कहा गया है।

कार्तिक पूर्णिमा पर फूलों से सजे बड़े हनुमान जी वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मंगला आरती हुई, दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालु

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली के पावन पर्व पर मंगलवार को संगम नगरी प्रयागराज के बंधवा स्थित बड़े हनुमान जी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर बड़े हनुमान जी का कई तरह के सुगंधित और रंग-बिरंगे फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया। मंदिर के महंत बलबीर गिरी महाराज ने अपने सानिध्य में हनुमान जी का विशेष पुष्प श्रृंगार कराया। श्रृंगार के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से मंगला आरती की गई। इस दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से गूंज उठा।

आरती के दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं ने बजरंगबली के चरणों में शीश नवाकर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना की।

शांति व्यवस्था भंग के आरोप में नौ लोगों को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय

समृद्धि न्यूज



महराजगंज, जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में थाना सिन्दुरिया पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 170, 126 एवं 135 बीएनएसएस के तहत चालान कर अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए न्यायालय भेज दिया।

पुलिस अधीक्षक महराजगंज शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में थाना सिन्दुरिया पुलिस ने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत कार्रवाई की। गिरफ्तार किए गए लोगों में सुधीर सैनी निवासी बौलिया बाबू, मंगेश निवासी हरिहरपुर टोला मोतीपुर, आकाश साहनी एवं करन साहनी निवासी विशुनपुर भडेहर, मन्नू साहनी निवासी बिचौआपुर थाना कैम्पियरगंज जनपद गोरखपुर, श्यामू निवासी पिपराकल्याण, स्वामीनाथ यादव निवासी हरखोड़ा, हरीनाथ यादव निवासी हरतोड़वा तथा शिलदेव उर्फ शिल्लू मिश्रा निवासी बसन्तपुर खुर्द शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार सभी आरोपियों के विरुद्ध शांति व्यवस्था भंग करने की आशंका के दृष्टिगत निरोधात्मक कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियों को आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय भेजा गया।इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक सौरभ पटेल, उपनिरीक्षक रामानुज सिंह यादव तथा उपनिरीक्षक संजय कुमार सिंह सहित थाना सिन्दुरिया पुलिस टीम के जवान शामिल रहे।

भाजपा नेता राजेंद्र पटेल ने विभिन्न गांवों में पहुंचकर जाना लोगों का हाल, जनता के स्नेह और विश्वास को बताया अपनी ताकत

समृद्धि न्यूज़



महराजगंज,सिसवा विधानसभा क्षेत्र में क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान भाजपा नेता राजेंद्र पटेल ने जहदा, निचलौल, ओड़वलिया, हनुमानगंज, डिगही, इटहिया और अमड़ी चौराहा सहित विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उनका कुशलक्षेम जाना और क्षेत्र के लोगों से मिले स्नेह, विश्वास एवं आशीर्वाद के प्रति आभार व्यक्त किया।

क्षेत्र भ्रमण के दौरान भाजपा नेता ने कहा कि जनता का स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। क्षेत्र के लोगों से मिलने वाला अपनापन उन्हें जनसेवा के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं, जरूरतों और सुझावों को सुनना जनप्रतिनिधि के दायित्व का महत्वपूर्ण हिस्सा है।इसी क्रम में श्री पटेल ने ग्रामसभा भगवानपुर उर्फ भुलना पहुंचे, जहां भागीरथी पटेल के नाती के मुंडन संस्कार कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर बच्चे को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों और शुभचिंतकों से भी आत्मीय संवाद किया।क्षेत्र भ्रमण के दौरान विभिन्न स्थानों पर लोगों ने भाजपा नेता का स्वागत किया और उनसे मुलाकात कर अपनी बात रखी। इस दौरान उन्होंने लोगों के साथ आत्मीयता से संवाद करते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता के साथ उनका संबंध केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि पारिवारिक और भावनात्मक भी है। जनता के सुख-दुख में सहभागी बनना और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास करना उनकी प्राथमिकता है।

इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों, समर्थकों एवं शुभचिंतकों की मौजूदगी रही।

स्व. ठाकुर धुन्नी सिंह की 39वीं पुण्यतिथि पर सपा नेत्री पूनम सिंह ने अर्पित की श्रद्धांजलि

- निःशुल्क नेत्र शिविर में सैकड़ों मरीजों को मिला स्वास्थ्य लाभ

समृद्धि न्यूज़

रायबरेली। रायबरेली के जनप्रिय व्यक्तित्व स्वर्गीय ठाकुर धुन्नी सिंह जी की 39वीं पुण्यतिथि पर समाजवादी पार्टी की नेत्री पूनम सिंह ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सुपर मार्केट, रायबरेली स्थित उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। आयोजित श्रद्धांजलि सभा में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, वरिष्ठजनों, शुभचिंतकों एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने पहुंचकर स्व. ठाकुर धुन्नी सिंह जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि सभा के उपरांत उनकी पावन स्मृति में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही स्व. ठाकुर धुन्नी सिंह जी के सेवा और जनकल्याण के विचारों को आगे बढ़ाते हुए ग्राम एवं पोस्ट सिधौना स्थित पंचायत भवन, ब्लॉक अमावां में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन कराया गया।

नेत्र शिविर में सैकड़ों मरीजों ने उठाया लाभ

निःशुल्क नेत्र शिविर में सैकड़ों की संख्या में मरीजों एवं ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच कराई। कानपुर साई आई अस्पताल के अनुभवी नेत्र सर्जनों एवं चिकित्सकीय टीम ने मरीजों का परीक्षण किया। जांच के बाद जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयां एवं चश्मे वितरित किए गए। वहीं, जिन मरीजों को ऑपरेशन की आवश्यकता पाई गई, उनके लिए भी पूर्णतः निःशुल्क ऑपरेशन की व्यवस्था की गई। इस पहल से क्षेत्र के ग्रामीणों को अपने ही क्षेत्र में बेहतर नेत्र चिकित्सा सुविधा मिली और आर्थिक रूप से कमजोर जरूरतमंद मरीजों को बड़ी राहत मिली।

कार्तिक पूर्णिमा : घाटों पर पसरा रहा सन्नाटा

- पांच लाख श्रद्धालुओं का आकड़ा महज एक लाख में सिमटा
- तीर्थ पुरोहितों ने प्रशासन एवं अव्यवस्थाओं को ठहराया जिम्मेदार

समृद्धि न्यूज़



डलमऊ, रायबरेली। छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध ऐतिहासिक नगरी डलमऊ के प्रांतीय कार्तिक पूर्णिमा मेले में इस बार अपेक्षा से काफी कम श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। प्रांतीय मेले में इस बार श्रद्धालुओं की भीड़ प्रशासन के अनुमान से काफी कम रही। प्रशासन द्वारा कार्तिक पूर्णिमा मेले में पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद थी। प्रशासन की शक्ति और अव्यवस्थाओं के चलते डलमऊ के गंगा घाटों से लेकर प्रमुख मार्गो एवं मुख्य चौराहों पर सन्नाटा पसरा रहा। कभी सात से आठ लाख श्रद्धालुओं की आस्था और भीड़ से गुलजार रहने वाले डलमऊ के गंगा घाट इस बार अपेक्षाकृत सूने नजर आए। प्रदेश भर में प्रसिद्ध रहने वाले डलमऊ का कार्तिक पूर्णिमा मेला इस बार प्रत्येक मास की सामान्य सी पूर्णिमा जैसी रही। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर डलमऊ के ऐतिहासिक स्नान पर्व से श्रद्धालुओं का आकर्षण क्यों कम हो रहा है? क्या मेले की व्यवस्था, प्रशासन या फिर पुलिस द्वारा श्रद्धालुओं के प्रति कठोरता? कभी प्रदेश के विभिन्न जनपदों से लाखों श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए डलमऊ पहुंचते थे, लेकिन अब श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार हो रही गिरावट आम लोगों से लेकर सोशल मीडिया तक चर्चा का विषय बनती जा रही है।

राजकीय मेला: मुख्यमंत्री ने भी किया है इसका जिक्र

राजकीय मेला घोषित होने के बाद भी श्रद्धालुओं की संख्या में अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं होना कई सवाल खड़े कर रहा है। मेले की तैयारियों और व्यवस्थाओं पर लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं, अधिकारियों द्वारा लगातार बैठकें एवं निरीक्षण किए जाते हैं श्रद्धालुओं की सुरक्षा से लेकर सुविधाओं तक के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं। इसके बावजूद यदि श्रद्धालुओं का आकर्षण कम हो रहा है तो इन तैयारियों की उपयोगिता पर सवाल उठना लाजिमी है। तीर्थ पुरोहितों ने भी श्रद्धालुओं की कम होती संख्या पर चिंता जताई है पुरोहित जतन पाठक ने बताया कि डलमऊ के शमशान घाट एवं तराई घाट पर सबसे ज्यादा श्रद्धालुओं की संख्या रहती थी कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व शमशान घाट सबसे प्रमुख घाट है श्मशान घाट पर महिलाओं के लिए वस्त्र परिवर्तन करने के लिए कोई भी व्यवस्था नहीं थी अपने परिवार के साथ आए श श्रद्धालुओं में पुरुषों ने तो किसी तरह स्नान कर लिया लेकिन वहीं महिलाओं ने घाट पर फेल या व्यवस्थाओं को कोसते हुए बगैर स्नान किए हुए गंगाजल छिड़क कर वापस अपने घर लौट गई पुरोहितों का कहना है कि यदि ऐसा ही रहा तो डलमऊ की धार्मिक पहचान प्रभावित होगी और कार्तिक पूर्णिमा मेला एक औपचारिक मेल बनकर रह जाएगा।

गुरुद्वारा अलोपीबाग में श्रद्धा, आस्था, विश्वास से साहिब श्री गुरु नानक देव महाराज जी का प्रकाशउत्सव मनाया गया

- अलोपीबाग गुरुद्वारा के 50 वर्ष स्थापना के अवसर पर संगत में खुशी की लहर

समृद्धि न्यूज़

प्रयागराज। गुरुद्वारा अलोपीबाग में श्रद्धा, आस्था, विश्वास से साहिब श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाशउत्सव गुरु का अटूट लंगर वितरण कर मनाया गया। गुरुद्वारा प्रांगण को विभिन्न देशी-विदेशी फूल मालाओं, रंग बिरंगी झालरों, दिए दियाली से सजाया गया। भोर बेला से ही संगतो ने गुरु घर पहुंचकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के आगे माथा टेक कर पंक्तिबद्ध बैठकर कीर्तन, कथा, गुरु इतिहास का श्रवण किया।

गुरु घर प्रधान परमजीत सिंह बग्गा ने कहा कि सर्वप्रथम प्रयागराज की संगत को लख-लख बधाई अलोपीबाग गुरुद्वारा के 50 वर्ष स्थापना के पूरे होने पर। उन्होंने आगे कहा कि साहिब श्री गुरु नानक देव जी हमेशा कुरीतियों, आंडबरो, रूढ़ीवादी परंपराओं के दलदल से बाहर निकलने और सबका भला करने की शिक्षाएं देते हैं 1 उन्होंने ही दुनिया को पांच प्रमुख विकारों सत्ता, धन, रूप, जाति और जवानी से बचने की शिक्षा दी है। साहिब श्री गुरु नानक देव जी ने सभी धर्म और जाति को एक समान समझने की शिक्षा दी1

सुविख्यात समाजसेवी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविन्दर सिंह ने कहा धन के लालची लोगों को समझाने के लिए गुरु जी कहते हैं कि धन को जेब तक ही सीमित रखना चाहिए उसे अपने हृदय में स्थान नहीं बनाने देना चाहिए और किसी भी तरह के लोभ-लालच को त्याग कर हाथों से मेहनत कर और न्यायोचित तरीके से धन अर्जित करना चाहिए इंसानियत और नैतिकता की राह चलने की शिक्षाओं का अनुसरण करना ही गुरुओं संतों की सच्ची भक्ति है1 मनोहर कथा, कीर्तन, काव्य पाठ करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। श्रद्धा-आस्था से मनोहर शब्द कीर्तन, कथा,गुरवाणी पाठ,अरदास, हुकुमनामा के पश्चात गुरु का अटूट लंगर वितरित हुआ। इस अवसर पर गुरुदीप सिंह सरना, परमजीत सिंह, सरदार पतविंदर सिंह, कुलदीप सिंह बग्गा, जसविंदर सिंह नीटू, मनु चावला, बलजीत सिंह, लखविंदर सिंह, राजेंद्र सिंह ग्रोवर, गुरबख्श सिंह,जसवीर सिंह, मनप्रीत कौर, हरजीत सिंह कथुरिया, त्रिलोचन सिंह बग्गा, मनजीत सिंह खालसा,सतेंद्र सिंह पूरी, हरजिंदर सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होकर तन मन धन से सेवा की।

शिवाकांत शर्मा सोशल मीडिया काशी क्षेत्र के सदस्य मनोनीत

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। भाजपा कार्यकर्ता शिवाकांत शर्मा को भाजपा काशी क्षेत्र सोशल मीडिया का सदस्य मनोनीत किया गया है। सोशल मीडिया और नमो ऐप पर अपनी सशक्त पकड़ व सक्रियता के लिए पहचाने जाने वाले तेज तर्रार युवा कार्यकर्ता शिवाकांत शर्मा को काशी क्षेत्र सोशल मीडिया विभाग में काशी क्षेत्र सदस्य नियुक्त किया गया है। विशेष बात यह है कि महानगर से इस महत्वपूर्ण पद पर केवल शिवाकांत शर्मा का ही मनोनयन किया गया है, जिसे लेकर कार्यकर्ताओं व समर्थकों में हर्ष का माहौल है। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, डिजिटल माध्यमों पर प्रभावी संवाद और जनहित से जुड़े मुद्दों को मजबूती से रखने की कार्यशैली को देखते हुए उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है। उनके मनोनयन से काशी क्षेत्र में सोशल मीडिया के माध्यम से संगठन की गतिविधियों व योजनाओं के प्रचार-प्रसार को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

दलित छात्रा के कपड़े फाड़े, मारपीट

- छात्र ने कॉलेज के अंदर बाल पकड़कर घसीटा, बोली- प्रॉक्टर-प्रोफेसर तमाशा देखते रहे

समृद्धि न्यूज़

प्रयागराज। बीए सेकेंड ईयर की एक दलित छात्रा से छात्र ने छेड़छाड़ की। विरोध करने पर उसे जमीन पर गिराकर लात-घूंसों से मारा। उसके बाल पकड़कर घसीटते हुए कॉलेज कैंपस के अंदर ले गया। उसके कपड़े फाड़ दिए। शोर मचाने पर उसकी सहेलियां मौके पर पहुंची और उसे बचाया। छात्रा की तहीरर पर पर पुलिस ने आरोपी अंकुर सिंह के खिलाफ FIR दर्ज की है। घटना कर्नलगंज थाना क्षेत्र की है।

छात्रा ने पुलिस को बताया कि मैं सोमवार दोपहर करीब 12 बजे अपने डिपार्टमेंट जा रही थी। कॉलेज गेट के सामने प्रॉक्टर और कई प्रोफेसर मौजूद थे। वहां अंकुर सिंह, विशाल, लकी और हर्षित समेत कुछ अन्य लोग भी खड़े थे। मुझे देखते ही अंकुर सिंह और उसके साथियों ने जातिसूचक गालियां देना शुरू कर दिया। आवाज देकर मुझे पास बुलाया। मैंने गाली देने का विरोध किया तो बहस करने लगे। मैंने वहां मौजूद प्रॉक्टर से हस्तक्षेप कर उन्हें रोकने के लिए कहा। लेकिन प्रॉक्टर ने उल्टा मुझे ही डांटना शुरू कर दिया। मैंने वहां मौजूद प्रॉक्टर से हस्तक्षेप कर उन्हें रोकने के लिए कहा। लेकिन प्रॉक्टर ने उल्टा मुझे ही डांटना शुरू कर दिया। फिर अंकुर सिंह ने मेरा हाथ पकड़ लिया। मेरे साथ अभद्रता शुरू कर दी। छेड़छाड़ करने लगे, मैंने विरोध किया तो अंकुर सिंह ने मेरे बाल पकड़ लिए। फिर मुझे जमीन पर गिरा दिया और मुझे पीटने लगा। फिर वह मुझे खींचते हुए कॉलेज परिसर के अंदर ले जाने लगा। इस दौरान मेरे साथ मारपीट की गई। मेरे कपड़े भी फाड़ दिए। मुझे न्यूड करने की कोशिश की गई। मैंने शोर मचाया तो मेरी सहेलियां मौके पर पहुंच गईं।

संक्षिप्त खबरें

तेज आवाज वाले बुलेट बाइक साइलेंसर से लोग परेशान, कार्रवाई की मांग

गुरसहायगंज। क्षेत्र में इन दिनों कुछ बुलेट बाइक चालकों की मनमानी से आम नागरिक परेशान हैं। कुछ बाइक चालक अपनी बुलेट में तेज आवाज वाले मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर सड़कों पर तेज रफ्तार से बाइक दौड़ाते हैं। इन साइलेंसरों से पटाखे फूटने जैसी तेज आवाज निकलती है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों, राहगीरों और बुजुर्गों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। तेज और हानिकारक ध्वनि से लोगों का सुकून प्रभावित हो रहा है। अचानक पटाखे जैसी आवाज होने से राहगीर और वाहन चालक भी घबरा जाते हैं। वहीं बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को भी इस तेज आवाज से दिक्कत होती है। नगर के लोगों ने जिम्मेदार अधिकारियों और यातायात पुलिस से मांग की है कि ऐसे बाइक चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाए। तेज आवाज वाले अवैध साइलेंसर लगे दोपहिया वाहनों की जांच कर उनके चालकों के चालान काटे जाएं तथा नियमों के विरुद्ध लगे साइलेंसरों को हटवाकर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए, जिससे नगरवासियों को अनावश्यक शोर से राहत मिल सके।

सदर तहसील में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई गुरु नानक जयंती

कन्नौज। सदर तहसील परिसर में गुरु नानक जयंती श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने सिख धर्म के प्रथम गुरु गुरु नानक देव जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। साथ ही उनके बताए सत्य, प्रेम, समानता, सेवा और भाईचारे के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बंटी शर्मा, यादवेंद्र किशोर यादव, अमित यादव, प्रताप सिंह, यश कटियार, सुभाष नेता, आलोक प्रजापति, विपिन और महेंद्र सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। वक्ताओं ने गुरु नानक देव के जीवन दर्शन और उनकी शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने समाज को मानवता, सेवा, सद्भाव और आपसी एकता का संदेश दिया। उनकी शिक्षाएं आज भी समाज को सही दिशा दिखाने के साथ लोगों को आपसी प्रेम और समानता के साथ रहने की प्रेरणा देती हैं। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने गुरु नानक देव के आदर्शों को जीवन में अपनाने और उनके बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

जरारी में महाविराट दंगल का हुआ आयोजन



गुरसहायगंज कन्नौज। ग्राम जरारी में आयोजित महाविराट दंगल में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी ने फीता काटकर शुभारंभ किया, इस अवसर पर वरिष्ठ समाजवादी नेता जेपी सिंह वर्मा लोधी और सपा नेता शेख फुरकान अहमद ने पहुंचकर पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। दंगल कमेटी के सदस्यों द्वारा अतिथियों का फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत एवं सम्मान किया गया, अतिथियों ने बैठकर दंगल का आनंद लिया और पहलवानों के शानदार दांव पेंच एवं कुश्ती कला की सराहना की, दंगल में दूर दराज से आए पहलवानों ने अपनी कुश्ती कला का प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि आपसी भाईचारे, खेल भावना और ग्रामीण परंपराओं को जीवंत रखने वाले ऐसे आयोजनों की सराहना करता हूं, उन्होंने सभी आयोजकों एवं दंगल कमेटी का हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। इस दौरान सुम्मन लालू सिद्दीकी, मुबीन सिद्दीकी, मोहम्मद मसी सिद्दीकी सहित कमेटी के सदस्य एवं क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

बाइक सवार दो अज्ञात युवकों ने युवक का मोबाइल छीना

छिबरामऊ, कन्नौज। नगर में बाइक सवार दो अज्ञात युवकों ने एक युवक का मोबाइल फोन छीन लिया और फरार हो गए। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। सुभाष नगर निवासी विशाल पुत्र मनोज ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती रात करीब आठ बजे वह नवीन मंडी के रास्ते अपने घर जा रहा था। तभी पीछे से बाइक पर सवार होकर आए दो अज्ञात युवकों ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया और मौके से भाग निकले। छीना गया मोबाइल सैमसंग गैलेक्सी ए16 5जी है। पीड़ित ने मोबाइल नंबर और दोनों आईएमईआई नंबर पुलिस को उपलब्ध कराते हुए मोबाइल बरामद कराने की मांग की है।

विधायक को दिया खाटू श्याम निशान यात्रा का आमंत्रण



छिबरामऊ, कन्नौज। श्री खाटू श्याम सेवा समिति के पदाधिकारियों ने विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय को खाटू श्याम निशान यात्रा का आमंत्रण देकर इस विशाल कार्यक्रम में सहयोग की अपील की। श्री खाटू श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता, अमित भारतीय, दीपू गुप्ता, रामदत्त गुप्ता, पिंकी पांडेय, विनोद गुप्ता, पल्ली पांडेय, अवधेश मिश्रा छोटे, कल्लू गुप्ता ने अंग वस्त्र पहनाकर एवं खाटू श्याम का प्रतीक चिन्ह भेंट करके विधायक अर्चना पांडेय को सम्मानित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने कहा नगर में 29 नवंबर रविवार को बाबा खाटू श्याम की भव्य निशान शोभायात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। बाबा के सभी भक्त 29 नवंबर को सुबह 10 बजे सौरिख रोड स्थित सिद्धपीठ मां कालिका देवी मंदिर पर एकत्र होंगे। यहां पर माता के दरबार में पूजा के बाद रथ पर विराजमान बाबा खाटू श्याम की पूजा होगी और फिर 11100 निशान के साथ भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हो जाएगी। इसका समापन विशुनगढ़ रोड स्थित रामलीला मैदान में होगा। यात्रा में शामिल सभी श्याम भक्तों के लिए वहां पर भंडारा प्रसाद की व्यवस्था की जाएगी।

घर के सामने अंडे की दुकान से फैल रही दुर्गंध

छिबरामऊ, कन्नौज। नगर के मुख्य मार्ग पर सराय के पास घरों के सामने अंडे और आमलेट की ठेली दुकान संचालित होने से परेशान लोगों ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। उनका आरोप है कि दुकान पर अंडे और आमलेट बनाने के कारण आसपास दुर्गंध फैलती है। इससे उनके परिवार व बीमार पत्नी को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल सर्राफा कमेटी के अध्यक्ष अनुपम कुमार वर्मा ने बताया कि सराय के ठीक सामने उनकी अनुपम ज्वेलर्स के नाम से दुकान है और वही ऊपर उनका परिवार रहता है। उनका कहना है कि करीब पांच-छह दिन पहले से एक व्यक्ति ने उनके घर के सामने अंडे और आमलेट बेचने का काम शुरू कर दिया। उससे निकलने वाली दुर्गंध घर तक पहुंचती है। दुर्गंध से उनकी बीमार पत्नी की तबीयत और ज्यादा बिगड़ जाती है। साथ ही गंदगी फैलने से परिवार के सदस्यों और बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है, जिसको लेकर उन्होंने दुकानदार से दुकान हटाने और दूसरी जगह कारोबार करने को कहा, लेकिन उसने उनकी बात नहीं मानी। आरोप है कि विरोध करने पर दुकानदार ने गाली-गलौज करते हुए पूरे परिवार को धमकी दी।

गुजरात से आईं विस्तारक मुक्तिबेंन जोशी ने चुनावी तैयारियों का लिया जायजा

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। विधानसभा चुनाव भले ही अगले वर्ष होने हैं, लेकिन भाजपा की जमीनी स्तर पर तैयारी अभी से शुरू हो गई है। केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर गुजरात की प्रदेश संगठन मंत्री मुक्तिबेंन एम. जोशी को 196 विधानसभा क्षेत्रों में विस्तारक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने छिबरामऊ आकर कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोली और चुनावी तैयारियों का गहन जायजा लिया।

सूत्रों के अनुसार गुजरात से कुल 40 महिला विस्तारकों को उत्तर प्रदेश भेजा गया है। ये अगले तीन महीने तक प्रदेश के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में रहकर चुनावी तैयारियां कराएंगी। कन्नौज, तिर्वा और छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्रों के लिए तीन महिला विस्तारक भेजी गई हैं। मुक्तिबेंन जोशी ने बताया कि हर मंडल में नौ बिंदुओं पर कार्य करना है। मंगलवार को डॉ. के.के. वर्मा के निवास पर प्रबुद्ध वर्ग की बैठक में उन्होंने आवश्यक जानकारियां लीं। विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों के साथ-साथ अधूरे पड़े या नहीं हुए कार्यों के बारे में भी पूछताछ की। बैठक में बताया गया कि नगर में जाम की गंभीर समस्या है। इससे निपटने के लिए पूर्वी बाईपास पर मेजर जंक्शन और दक्षिण दिशा से नए बाईपास का निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से कराना अति आवश्यक है। इसके बाद मुक्तिबेंन जोशी ने महिला लाभार्थियों—प्रिया कश्यप, प्रियंका सिंह, सीमा बानो, आरोही राजपूत, राखी पाल, अंजू सविता और नन्ही देवी आदि से संवाद किया। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार से मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। बाद में ग्राम महमूदपुर खास और कुंवरपुर बनवारी में भी लाभार्थियों से मुलाकात की।

इस दौरान महिला मोर्चा की जिला महामंत्री संध्या त्रिपाठी, जिला मंत्री उषा उपाध्याय, मीरा वर्मा, वर्षा भदौरिया, सरोज गुप्ता, डॉ. रवि वर्मा, नगर महामंत्री पंकज दुबे और नगर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता मौजूद रहे।

कन्नौज दौरे पर पहुंचे पुलिस उपमहानिरीक्षक ने कोतवाली कन्नौज में ई-मालखाना एवं डाक कार्यालय का किया गया उद्घाटन

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। अपने कन्नौज दौरे पर पहुंचे डीआईजी यमुना प्रसाद ने सदर कोतवाली कन्नौज में नवनिर्मित ई-मालखाना एवं डाक कार्यालय का उद्घाटन किया गया।

बताते चलें कि मंगलवार को सुबह 11 बजे के करीब कन्नौज सदर कोतवाली पहुंचे डीआईजी ने एसपी विनोद कुमार के साथ नवनिर्मित ई-मालखाना/डाक कार्यालय का फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस दौरान डीआईजी ने कहा कि, उपरोक्त व्यवस्था के माध्यम से माल मुकदमाती के रखरखाव, अभिलेखों के प्रबंधन एवं निगरानी की प्रक्रिया को अधिक सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं तकनीक आधारित बनाया जा सकेगा। वहीं, डाक कार्यालय के माध्यम से विभागीय पत्राचार एवं डाक सम्बन्धी कार्यों के समयबद्ध एवं सुचारु निस्तारण में सुविधा प्राप्त होगी।

इस अवसर पर पुलिस उपमहानिरीक्षक ने पुलिस कार्यप्रणाली में आधुनिक तकनीक के अधिकाधिक उपयोग, अभिलेखों के व्यवस्थित रखरखाव एवं विभागीय कार्यों को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से सम्पादित करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

आगे कहा कि,कन्नौज पुलिस द्वारा पुलिस व्यवस्था को आधुनिक, पारदर्शी एवं तकनीक आधारित बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान विभागीय कर्मी मौजूद रहे।

मेडिकल कॉलेज गेट पर मिला अधेड़ व्यक्ति का शव

कन्नौज। तिर्वा मेडिकल कॉलेज के मुख्य गेट पर मंगलवार को एक अधेड़ व्यक्ति का शव सड़क किनारे मिलने की सूचना पर हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक मंगलवार की सुबह मेडिकल कॉलेज के मेन गेट पर आवागमन कर रहे लोगों ने सड़क किनारे एक अधेड़ व्यक्ति का शव पड़ा हुआ देखा। मामले की सूचना पुलिस को दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने व्यक्ति के शव को मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवा दिया। व्यक्ति की पहचान नहीं होने पर पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों से भी जानकारी की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। आसपास के लोगों ने बताया कि जिस व्यक्ति का शव मिला है वह लावारिश हालत में घूमता रहता था और मानसिक रूप से भी विछिप्त हालत में मालूम पड़ता था। मामले में कोतवाली प्रभारी संजय शुक्ला ने बताया कि, जिस व्यक्ति का शव मिला है फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो सकी है। मृतक की पहचान के लिए जांच पड़ताल का सिलसिला जारी है। पहचान होने के बाद जल्द ही आगे की कार्यवाही की जाएगी।

पुलिस उप महानिरीक्षक ने मेंहदी घाट का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया गया जायजा

- मामला कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर डीआईजी के निरीक्षण का।

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। अपने कन्नौज दौरे पर पहुंचे डीआईजी ने पुलिस अधिकारियों के साथ कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर कन्नौज स्थित मेंहदी घाट का निरीक्षण किया गया। मंगलवार को कन्नौज पहुंचे डीआईजी यमुना प्रसाद ने एसपी विनोद कुमार और अन्य विभागीय पुलिस कर्मियों के साथ निरीक्षण के दौरान घाट पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सम्बन्धित अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मेंहदी घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन के दृष्टिगत पुलिस बल को सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने, भीड़ को सुव्यवस्थित रखने, आवागमन सुचारू बनाए रखने तथा घाट पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को प्रभावी ढंग से बनाए रखने के निर्देश दिए गए। डीआईजी ने बताया कि,कन्नौज पुलिस द्वारा कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा हेतु सतर्कता के साथ ड्यूटी कर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का 16 तक मौका

- 28 और 29 नवंबर को सभी बूथों पर चलेगा विशेष अभियान।
- 18-19 आयु वर्ग के 2728 युवाओं ने किया आवेदन।

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर)-2027 के तहत जिले में आलेख्य मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। सूची में नाम शामिल कराने, अपात्र मतदाताओं के नाम हटवाने और विवरण में संशोधन के लिए 16 दिसंबर तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। इसके लिए 28 और 29 नवंबर को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान चलाया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार, जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 10,78,718 मतदाता दर्ज हैं। इनमें छिबरामऊ में 3,85,386, तिर्वा में 3,66,031 और कन्नौज में 3,27,301 मतदाता शामिल हैं। 17 से 22 नवंबर तक जिले में नाम जुड़वाने के लिए 12,951 फार्म-6 प्राप्त हुए हैं। इनमें 18-19 वर्ष आयु वर्ग के 2728 युवा शामिल हैं। इसके अलावा नाम हटाने के लिए 20 फार्म-7 और विवरण में संशोधन के लिए 22 फार्म-8 प्राप्त हुए हैं। निर्वाचन विभाग का विशेष जोर युवा और महिला मतदाताओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण कराने पर है। 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले पात्र नागरिक फार्म-6 भरकर मतदाता सूची में नाम दर्ज करा सकते हैं। वहीं फार्म-7 से नाम हटाने और फार्म-8 से संशोधन कराया जा सकता है।

विशेष अभियान दिवसों पर बीएलओ बूथों पर मतदाता सूची और पर्याप्त आवेदन फार्मों के साथ मौजूद रहेंगे। नागरिक voters.eci.gov.in पोर्टल या ईसीआईनेट एप से भी आवेदन कर सकते हैं। दावे-आपत्तियों के निस्तारण के बाद अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन चार जनवरी 2027 को होगा।

श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन, पूर्व खनन मंत्री अर्चना पांडे ने आरती उतारकर ग्रहण किया प्रसाद

समृद्धि न्यूज



गुरसहायगंज कन्नौज। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व खनन मंत्री अर्चना पांडे ने ग्राम जुनेदपुर, बनियानी, रसूलपुर में श्रीमद् भागवत कथा के समापन में प्रतिभाग किया और आयोजित भंडारे में आरती उतारकर प्रसाद ग्रहण किया, कथा के समापन पर पूरे गांव में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला।

इस मौके पर विधायक अर्चना पांडे ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों को लगातार बढ़ावा मिल रहा है, ऐसे आयोजन समाज में संस्कार, एकता और भाईचारा बढ़ाते हैं, उन्होंने कहा कि भागवत कथा से लोगों को जीवन में सत्य, धर्म और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है, मुख्यमंत्री का ध्यान है कि गांव गांव में इस तरह के धार्मिक आयोजन शांतिपूर्ण और भव्य तरीके से हों और हर व्यक्ति को इनसे जुड़ने का अवसर मिले।

इस अवसर पर पूर्व भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष दीपू शर्मा, ग्राम प्रधान ऊंचा अनिल कुमार सिसोदिया सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे, सभी ने कथा का श्रवण किया और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, गंभीर हालत में कानपुर रेफर

समृद्धि न्यूज

कन्नौज। सरायमीरा में जीटी रोड पर मंगलवार दोपहर तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे कानपुर रेफर कर दिया। उधर, हादसे के बाद कार चालक क्षतिग्रस्त वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।

हादसा सरायमीरा चौकी क्षेत्र में पूर्वी बाईपास स्थित अर्शी हॉस्पिटल के सामने हुआ। ठेकेदार गली निवासी शिवा गुप्ता (35) पुत्र कल्लू मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे बाइक से दूध लेने बाईपास की ओर जा रहे थे। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक और कार दोनों क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।

स्थानीय लोगों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। जानकारी मिलने पर परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गए।

बताया गया कि शिवा सरायमीरा में रेलवे रोड से जिला पंचायत के बीच सीजन के हिसाब से दुकान लगाते हैं। वह कभी जूस तो कभी सजावटी सामान और मूर्तियां बेचते हैं। हादसे में उनका मोबाइल भी टूट गया।

सरायमीरा में तिर्वा क्रॉसिंग से जिला अस्पताल तक जीटी रोड के दोनों ओर अतिक्रमण की समस्या गंभीर बनी हुई है। फुटपाथ पर बिल्डिंग मैटीरियल बेचने वाले गिट्टी और मौरंग के ढेर लगा देते हैं। वहीं, कार मरम्मत करने वाले दुकानदार वाहनों को सड़क किनारे खड़ा कर देते हैं। इससे पैदल चलने वालों के साथ वाहन चालकों को भी परेशानी होती है।

सर्दी का मौसम शुरू होते ही सड़क के दोनों ओर गर्म कपड़ों की अस्थायी दुकानें भी सजने लगती हैं। फुटपाथ पर कब्जे के कारण पैदल निकलना मुश्किल हो जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यातायात माह चलने के बावजूद अतिक्रमण और सड़क किनारे खड़े वाहनों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं दिख रही है। लोगों ने प्रशासन से अतिक्रमण हटवाने और यातायात व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है।

व्यापारियों की सुरक्षा को दिलाए जाएं शस्त्र लाइसेंस

छिबरामऊ, कन्नौज। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन भाजपा विधायक अर्चना पांडे को सौंपकर प्रदेश के व्यापारियों के हित में पांच महत्वपूर्ण मांगें रखीं। ज्ञापन में प्रदेश के व्यापारियों को 10 लाख रुपये तक कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने, मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना की राशि को मौजूदा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने, दुकान जलने, नष्ट होने या क्षतिग्रस्त होने पर पंजीकरण की अनिवार्यता के बिना तुरंत सरकारी सहायता उपलब्ध कराने, विधान परिषद में स्नातक एवं शिक्षक क्षेत्र की सीटों पर व्यापारियों के प्रतिनिधि भेजने और व्यापारियों को प्राथमिकता के आधार पर शस्त्र लाइसेंस जारी करने की बात कही गई। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री अनिल कुमार गुप्ता, कानपुर-बुंदेलखंड प्रभारी राजीव दुबे, जिलाध्यक्ष नरेश वर्मा, जिला महामंत्री रामानन्द वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष मामन गुप्ता, बृजेश गुप्ता, नवनीत वर्मा, नगर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता तथा नगर महामंत्री विनीत वर्मा सिंपल सहित मंडल के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

संविधान दिवस पर सेंट जेवियर्स में तीन हजार से अधिक लोग करेंगे प्रस्तावना का सामूहिक वाचन

- 'एक स्वर, एक संविधान' कार्यक्रम के लिए विद्यालय का चयन।
- 26 नवंबर को सुबह नौ बजे होगा आयोजन।

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर को जिले में 'एक स्वर, एक संविधान' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत शहर के सेंट जेवियर्स इंटर कॉलेज में तीन हजार से अधिक विद्यार्थी, शिक्षक, न्यायिक अधिकारी और कर्मचारी एक साथ संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन करेंगे।

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर 'संविधान संवाद' योजना-2026 के तहत आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के लिए सेंट जेवियर्स इंटर कॉलेज को जनपद स्तरीय केंद्र नामित किया गया है। कार्यक्रम सुबह नौ बजे शुरू होगा।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ने इस महत्वपूर्ण आयोजन की जिम्मेदारी सौंपे जाने पर शासन और प्रशासन का आभार जताया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को सफल और यादगार बनाने के लिए विद्यालय स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। विद्यार्थियों, शिक्षकों और अन्य प्रतिभागियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और आमजन में संविधान के प्रति जागरूकता, सम्मान और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। सामूहिक प्रस्तावना वाचन के माध्यम से लोगों को संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता के मूल्यों से जोड़ने का प्रयास किया जा

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी ने फीता काटकर किया यूनिवर्सल पैथ लैब का उद्घाटन

समृद्धि न्यूज



गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर के अहसान मार्केट, जीटी रोड गुरसहायगंज में यूनिवर्सल पैथ लैब का उद्घाटन पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी ने फीता काटकर किया, इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आधुनिक जांच सुविधाओं के मिलने से क्षेत्र के लोगों को जांच के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें उचित शुल्क पर सटीक रिपोर्ट मिल सकेगी।

इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी ने कहा कि स्वास्थ्य जांच हर व्यक्ति की बुनियादी जरूरत है, गुरसहायगंज जैसे कस्बे में आधुनिक मशीनों से युक्त पैथ लैब खुलना क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है, उन्होंने कहा कि सटीक जांच से ही सही इलाज संभव है और इस लैब से गरीब एवं आम लोगों को बड़ी राहत मिलेगी, उन्होंने लैब संचालक को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जांच में गुणवत्ता और ईमानदारी ही इस प्रतिष्ठान की पहचान बनेगी। लैब में सभी प्रकार की रक्त जांच की सुविधा उपलब्ध है, जिसमें सीबीसी, शुगर एवं थायराइड जांच, लिवर एवं किडनी जांच, यूरिन जांच, लिपिड प्रोफाइल एवं अन्य पैथोलॉजी जांच प्रमुख रूप से शामिल हैं, लैब में अनुभवी एवं प्रशिक्षित स्टाफ द्वारा आधुनिक मशीनों से जांच की जाती है, जिससे मरीजों को सटीक एवं विश्वसनीय रिपोर्ट समय पर प्राप्त हो सके।

इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य पिंटू यादव, पूर्व सभासद अयूब सिद्दीकी, शिल्पी यादव, पैथोलॉजी के प्रोपराइटर अखिलेश सिंह यादव, प्रधान मेघनाथ सिंह यादव, राजेश यादव, नीलू यादव, अंकित यादव, प्रधानाचार्य सुरेश यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे। जांच से संबंधित जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9793145112 पर संपर्क किया जा सकता है।





अज्ञात वाहन की टक्कर से बिजली लाइनमैन की मौत

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज-मंझना मार्ग पर मंगलवार सुबह एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो भाइयों को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में बिजली विभाग के लाइनमैन की मौत हो गई, जबकि उनका छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है।



मृतक का फाइल फोटो

जानकारी के अनुसार कस्बा के मोहल्ला बरतल निवासी प्रदीप कुमार (40) बिजली विभाग में लाइनमैन के पद पर तैनात थे। कुछ दिन पहले ही उनकी बहन राधा की आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। मंगलवार सुबह करीब पांच बजे प्रदीप अपने छोटे भाई कुलदीप (30) के साथ बाइक से शमशाबाद स्थित गंगा घाट पर बहन की याद में दीपक जलाने जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक गांव जानकीपुर के पास पहुंची, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों भाई सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजन दोनों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज ले गए, जहां चिकित्सकों ने प्रदीप कुमार को मृत घोषित कर दिया।



गुमशुम खड़े मृतक के परिजन

वहीं, गंभीर रूप से घायल कुलदीप को प्राथमिक उपचार के बाद डॉ0 राममनोहर लोहिया अस्पताल रेफर किया गया, जहां से नाजुक हालत देखते हुए उसे कानपुर भेज दिया गया। प्रदीप की असमय मौत से पिता रूपराम सक्सेना, मां ओमवती, पत्नी सरोजनी देवी तथा बच्चों विनय, निशु, वैष्णवी और एक वर्षीय मासूम हिमांशी का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उपनिरीक्षक अभिलाख सिंह ने सीएचसी पहुंचकर शव का पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया, साथ ही क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन की पहचान के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

छोटा भाई गंभीर रूप से घायल

कायमगंज के 114 बीएलओ को नोटिस जारी, मांगा स्पष्टीकरण

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 192-कायमगंज में चल रहे निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान कार्य में लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है।

17 नवंबर से 22 नवंबर के मध्य पुनरीक्षण कार्य न करने और नए मतदाताओं के पंजीकरण हेतु फॉर्म-6 की फीडिंग शून्य रखने वाले कुल 114 बूथ लेवल अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 192-कायमगंज अभिषेक वर्मा ने यह कार्रवाई करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं है।

संबंधित सभी 114 बीएलओ को तत्काल अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने को कहा गया है। सभी बीएलओ को प्रतिदिन फॉर्म-6 की फीडिंग सुनिश्चित करते हुए कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारी ने चेतावनी दी है कि संतोषजनक स्पष्टीकरण प्राप्त न होने अथवा कार्य में सुधार न होने की स्थिति में संबंधित कार्मिकों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर विभागीय व अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

यंग स्टार क्लब व फतेहगढ़ इलेवन ने मारी बाजी

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

फर्रुखाबाद जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में जारी फर्रुखाबाद क्रिकेट लीग-16वीं के अंतर्गत मंगलवार को रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहला मैच यंग स्टार क्लब बनाम जयहिंद क्लब के बीच खेला गया। यंग स्टार क्लब के कप्तान निखिल मिश्रा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 20 ओवरों के मैच में यंग स्टार क्लब की टीम 14 ओवर ही खेल सकी और 88 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से ओम तिवारी ने 15, उजैर अली ने 11 और रोनी गुप्ता ने 16 रनों का योगदान दिया। जयहिंद क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए शुभम तिवारी ने 4 विकेट चटकाए, जबकि आरिफ ने 1 और प्रिंस गहरवार ने 2 विकेट हासिल किए। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए शुभम तिवारी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी वसीम एडवोकेट ने प्रदान किया। दूसरा मैच गायत्री स्कूल बनाम फतेहगढ़ इलेवन के बीच खेला गया। दिन के दूसरे मैच में गायत्री स्कूल के कप्तान गुलजार अली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने



विजेता को ट्राफी देते वसीम

का फैसला किया, जो गलत साबित हुआ। पूरी टीम 16 ओवर में महज 58 रन बनाकर पवेलियन लौट गई। गायत्री स्कूल के लिए अर्पित राठौर ने 30 और गुलजार अली ने 9 रन बनाए। फतेहगढ़ इलेवन के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नितिन कुमार ने 3, जबकि शिव प्रताप और संकल्प ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी फतेहगढ़ इलेवन ने 5 विकेट खोकर मुकाबला जीत लिया। टीम की ओर से प्रियांशु यादव ने 18, शिव प्रताप ने 17 और देवांश शर्मा ने 4 रन बनाए। गायत्री स्कूल के गेंदबाज आलोक और अर्पित ने 2-2 विकेट चटकाए। मुकाबलों में अंपायर की भूमिका धीरेंद्र कुमार व कुणाल राजपूत ने निभाई, जबकि स्कोरर सुहानी रहीं।

भागवत कथा के षष्ठम दिवस पर श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का किया वर्णन

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

कादरीगेट कृष्णा नगर कॉलोनी में श्रीमद् भागवत कथा सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के षष्ठम दिवस पर कथा स्थल दुल्हन की तरह सजाया गया। कथा व्यास अविचल महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मिणी के दिव्य विवाह की मनोहारी कथा सुनाई।

कथा व्यास ने कहा कि रुक्मिणी जी ने भगवान श्रीकृष्ण को पत्र लिखकर अपनी व्यथा बताई थी। भगवान ने भक्त की पुकार सुनकर रुक्मिणी जी का हरण किया और विधि-विधान से विवाह किया। उन्होंने कहा कि भगवान अपने सच्चे भक्त की पुकार अवश्य सुनते हैं। जो व्यक्ति सच्चे मन से भगवान को पुकारता है,



कथा का श्रवण कराते आचार्य

भगवान स्वयं उसके जीवन में आकर उसे अपना लेते हैं। विवाह प्रसंग के दौरान पूरा पंडाल जय श्रीकृष्ण, जय रुक्मिणी के जयकारों से गूंज उठा। भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी की भव्य झांकी सजाई गई।

श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर, नाच-गाकर विवाहोत्सव मनाया।



पाण्डाल में मौजूद श्रद्धालु

महिलाओं ने मंगल गीत गाए और विवाह का प्रसाद वितरित किया गया। जगदाचार्य उपेन्द्रानंद महाराज एवं दंडी स्वामी रामानंद सरस्वती महाराज का आगमन हुआ। समिति के सदस्यों ने दोनों संतों का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। महाराज ने व्यास पीठ को नमन किया और कहा कि भागवत कथा कलियुग में जीव के कल्याण का सबसे बड़ा साधन है। उनके दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। षष्ठम दिवस की कथा में भी परीक्षित के रूप में ऊषा त्रिवेदी एवं अमर नाथ त्रिवेदी रहे। उन्होंने व्यास पीठ की पूजा-अर्चना कर कथा श्रवण किया और सभी श्रद्धालुओं के कल्याण की कामना की।

इस मौके पर जितेंद्र कुमार मिश्रा, नरेंद्र शुक्ला, सुआलाल मिश्रा, आनंद मिश्रा, वरुण पाण्डेय, सर्वेश दीक्षित, सुमित मिश्रा, जितेंद्र सिंह, प्रदीप मिश्रा, रोहित दीक्षित, प्रेम प्रकाश मिश्रा, आशीष शुक्ला, सत्यम दीक्षित, राजेश मिश्रा, शिवेंद्र मोहन मिश्रा, प्रियंका, शिवम् त्रिपाठी, अनमोल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा के उपरांत भव्य आरती हुई और प्रसाद वितरण किया गया।

चालक को दौरा पड़ने से कार घर में घुसी, महिला की मौत, चार घायल

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

नवाबगंज-अचरा मार्ग स्थित ग्राम सलेमपुर में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। कार चलाते समय अचानक चालक को दौरा पड़ने से अर्टिगा कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े लोगों को टक्कर मारते हुए एक मकान में जा घुसी।

इस भीषण हादसे में गंभीर रूप से घायल एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग घायल हुए हैं। थाना क्षेत्र के मोहल्ला नया गनीपुर निवासी सगीर खान अपनी अर्टिगा कार से अपने दो छोटे बच्चों के साथ पैतृक गांव कुरार जा रहे थे। नवाबगंज-अचरा मार्ग पर ग्राम सलेमपुर पहुंचते ही चालक सगीर खान को अचानक दौरा पड़ गया, जिससे कार पूरी तरह अनियंत्रित हो गई। बेकाबू कार ने पैदल जा रहीं सलेमपुर निवासी संतोषी (42) पत्नी चंद्रभान उर्फसंजू और उनकी विवाहित पुत्री रोजी (22) सड़क किनारे बाइक लेकर खड़े ग्राम बासूंडाडा निवासी राजीव कुमार, सलेमपुर निवासी अजय और घर के बाहर खड़े सोनू देवेश को जोरदार टक्कर मार दी। इसके बाद कार विपरीत दिशा में स्थित रामनिवास के मकान का दरवाजा और दीवार तोड़ते हुए अंदर जा घुसी। टक्कर की तेज आवाज सुनकर मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। गुस्साए ग्रामीणों ने कार पर ईंट-पत्थर बरसाए और कार चालक सगीर खान को पकड़कर जमकर पीट दिया। साथ ही आक्रोशित लोगों ने मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही नवाबगंज



मृतका की फाइल फोटो

थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। पुलिस ने बेहोशी की हालत में चालक को हिरासत में लेकर मेडिकल परीक्षण व इलाज के लिए सीएचसी नवाबगंज भेजा, जबकि कार में सवार दोनों बच्चों को सुरक्षित उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल संतोषी, देवेश और राजीव को नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से डॉक्टरों ने तीनों की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं, संतोषी की पुत्री रोजी का इलाज



जांच पड़ताल करती पुलिस

नवाबगंज के एक निजी चिकित्सक के यहां चल रहा है।

लोहिया अस्पताल में इलाज के दौरान 42 वर्षीय संतोषी की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतका के पति चंद्रभान उर्फ संजू, पुत्री रोजी, मानसी (14), हिमांशी (11) और पुत्र वीआईपी (20) व अनिकेत (18) आदि का रो-रोकर बुरा हाल है।

पॉक्सो एक्ट मामले में दोषी को 20 वर्ष का कारावास

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर सत्र न्यायाधीश रितिका त्यागी की अदालत ने मंगलवार को महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए वर्ष 2022 के पॉक्सो एक्ट और अपहरण के मामले में दोषसिद्ध अभियुक्त को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने दोषी पर कुल 60,000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अमृतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुम्हरौर निवासी सुदामा पुत्र स्व0 रामसेवक उर्फ सेवक भाट के विरुद्ध वर्ष 2022 में भारतीय दंड संहिता की धारा 363 और पॉक्सो एक्ट की धारा 5/6 के तहत मामला दर्ज किया गया था। सुनवाई पूरी होने के बाद न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी करार दिया। पॉक्सो एक्ट की धारा 5/6 के तहत दोषी सुदामा को 20 वर्ष के कठोर कारावास और 50,000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है। अर्थदंड अदा न करने पर उसे दो वर्ष का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। धारा 363 के तहत अभियुक्त को 5 वर्ष के कठोर कारावास तथा 10,000 रुपये जुर्माने से दंडित किया गया है। जुर्माना न देने की स्थिति में पांच माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि अभियुक्त द्वारा पूर्व में जिला कारागार में बिताई गई अवधि इस सजा में समाहित की जाएगी और सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

फार्म-6 की कम एवं शून्य प्राप्ति वाले बूथों पर बीएलओ पर होगी कार्रवाई: डीएम

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के अंतर्गत फार्म-6 की कम एवं शून्य प्राप्ति वाले बूथों पर तैनात बूथ लेबिल अधिकारियों (बीएलओ) के कार्यों में अपेक्षित प्रगति न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 17 से 22 नवम्बर तक प्राप्त फार्म-6 की समीक्षा करते हुए निर्धारित समयसीमा में कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन बूथों पर कुल 0 से 9 फार्म-6 प्राप्त हुए हैं, वहां संबंधित बीएलओ को तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी कर उसकी तामील कराई



जानकारी देती जिलाधिकारी

जाए। नोटिस में बूथ संख्या एवं प्राप्त फार्म-6 की कुल संख्या स्पष्ट रूप से अंकित की जाए। साथ ही बीएलओ से पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने के लिए किए गए प्रयासों तथा फार्म-6 की कम अथवा शून्य प्राप्ति के कारणों का अभिलेखीय साक्ष्यों सहित लिखित स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि जिन बूथों पर एक भी फार्म-6 प्राप्त नहीं हुआ है, वहां संबंधित बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ-साथ बुधवार की अभिलेखीय रिपोर्ट एवं नोटिस की प्रति संलग्न करते हुए नियमानुसार वेतन भुगतान रोकने के संबंध में कार्रवाई का प्रस्ताव तत्काल संबंधित मूल विभाग के सक्षम प्राधिकारी को भेजा जाए। उन्होंने सभी ईआरओ को निर्देश दिए कि 24 नवम्बर को कार्यालय समय समाप्त होने तक हस्ताक्षरित अनुपालन रिपोर्ट जिला निर्वाचन कार्यालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए।

रिपोर्ट में बूथ संख्या, संबंधित बीएलओ का नाम, मूल विभाग, प्राप्त फार्म-6 की कुल संख्या, नोटिस का पत्रांक एवं उसकी तामील की स्थिति स्पष्ट रूप से अंकित की जाए। जिन बूथों पर फार्म-6 शून्य प्राप्त हुए हैं, उनके संबंध में मूल विभाग को भेजे गए कार्रवाई के प्रस्ताव का पत्रांक एवं उसकी प्राप्ति का विवरण भी उपलब्ध कराया जाए।

डीएम ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समयसीमा में कार्रवाई एवं अनुपालन रिपोर्ट उपलब्ध कराने की व्यक्तिगत जिम्मेदारी संबंधित ईआरओ की होगी। कार्यों में विलंब अथवा शिथिलता पाए जाने पर संबंधित ईआरओ से स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने के लिए प्रभावी प्रयास सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे।

एनएकेपी पीजी कॉलेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान आयोजित

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

एनएकेपी पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना और एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम, पोस्टर प्रतियोगिता और जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना था। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सड़क सुरक्षा से जुड़े आकर्षक और संदेशपरक पोस्टर तैयार किए। पोस्टर प्रतियोगिता के उपरांत महाविद्यालय परिसर से एक सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें स्वयंसेवकों, कैडेट्स और छात्राओं ने शामिल होकर



रैली में भाग लेते एनसीसी कैडेट्स व विद्यालय स्टाफ

आम लोगों को यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया। प्राचार्या एवं एनसीसी प्रभारी प्रो0 पारुल मिश्रा ने कहा कि कैडेट्स में अनुशासन और राष्ट्र सेवा की भावना निहित होती है। सड़क सुरक्षा अभियान में कैडेट्स की सक्रिय भागीदारी से आमजन के बीच जागरूकता का संदेश अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचा है। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन करते रहने के लिए प्रेरित किया। सड़क सुरक्षा क्लब प्रभारी डॉ0 शिल्पी मिश्रा ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए यातायात नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है, क्योंकि एक छोटी सी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन सकती है। उन्होंने सभी से स्वयं नियमों का पालन करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ0 श्रुति गुप्ता उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों में समाज सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है। सड़क सुरक्षा जैसे गंभीर विषयों पर आयोजित कार्यक्रम विद्यार्थियों को एक जिम्मेदार नागरिक बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं। पोस्टर प्रतियोगिता के प्रतिभागी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण, स्वयंसेवक, एनसीसी कैडेट्स और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पोस्टर प्रतियोगिता और रैली के जरिए दिया यातायात नियमों के पालन का संदेश

कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा में लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर मंगलवार को जनपद के विभिन्न गंगा घाटों पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। तड़के सुबह से ही पांचाल घाट, शृंगीरामपुर घाट और ढाई घाट सहित अन्य घाटों पर गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, घाटों पर आस्था का सैलाब बढ़ता चला गया और पूरा वातावरण हर-हर गंगे व जय मां गंगा के जयकारों से गूंज उठा। पांचाल घाट पर स्थानीय ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा दूर-दराज के जनपदों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर सूर्यदेव को अर्घ्य दिया और परिवार



गंगा स्नान करते श्रद्धालु

की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। स्नान के बाद लोगों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और जरूरतमंदों को दान-पुण्य किया। शृंगीरामपुर घाट पर भोर से ही स्नान शुरू हो गया था। एटा, मैनपुरी, कन्नौज और आसपास के जिलों से श्रद्धालु ट्रैक्टर-ट्रॉली व अन्य वाहनों से पहुंचे। अनुमान के मुताबिक, यहां 40 से 45 हजार श्रद्धालुओं ने स्नान किया। महिलाओं ने घाट पर दीपदान किया, वहीं शाम को भव्य देव दीपावली मनाई गयी।

ढाई घाट शमसाबाद पर यहां कार्तिक पूर्णिमा के मुख्य स्नान पर श्रद्धालुओं ने स्नान किया। बरेली, शाहजहांपुर, लखीमपुर, बदायूं, एटा और मैनपुरी से श्रद्धालु सोमवार की शाम से ही पहुंचने लगे थे। 27 नवंबर तक चलने वाले इस मेले में पारंपरिक पशु मेला भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

घाटों पर उमड़ी भीड़ को देखते हुए पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पांचाल घाट पर पुलिस बल, गोताखोरों और स्वास्थ्य विभाग की टीमें मुस्तैद रहीं। पुलिसकर्मी लगातार भीड़ की निगरानी करते हुए श्रद्धालुओं को व्यवस्थित स्नान के लिए दिशा-निर्देश देते रहे।

नाबालिग से दुष्कर्म में बाल अपचारी को 20 वर्ष का कारावास

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

बालक न्यायालय/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट-01 मेराज अहमद की अदालत ने वर्ष 2022 के एक गंभीर मामले में फैसला सुनाते हुए नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के दोषसिद्ध बाल अपचारी घटना के समय किशोर को 20 वर्ष के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर कुल 16,000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है, जिसमें से 80 प्रतिशत धनराशि पीड़िता को प्रतिकर मुआवजे के रूप में देने का आदेश दिया गया है।

शमसाबाद थाना क्षेत्र निवासी वादी मुकदमा 19 मई 2022 की रात अपनी पत्नी के गुर्दे का इलाज कराने अस्पताल गए थे। इसी दौरान रात करीब 9 बजे उनकी लगभग 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री को पड़ोसी का भतीजा बाल अपचारी निवासी कुल्हापुर खुर्द थाना जैथरा जिला एटा बहला-फुसलाकर घर से भगा ले गया। पिता की तहरीर पर 4 जुलाई 2022 को थाना शमसाबाद में मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान पुलिस ने 27 अगस्त 2022 को बाल अपचारी को गिरफ्तार किया और पीड़िता को बरामद कर उसके बयान व मेडिकल परीक्षण कराए। घटना के समय बाल अपचारी की उम्र लगभग 16 वर्ष होने के कारण किशोर न्याय बोर्ड द्वारा उसका विचारण वयस्कों की तरह करने हेतु पत्रावली इस विशेष न्यायालय को प्रेषित की गई थी। विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो एक्ट प्रदीप सिंह की पैरवी और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने अभियुक्त को दोषी पाते हुए पॉक्सो एक्ट की धारा 4(2) के तहत 20 वर्ष का साधारण कारावास और 10,000 रुपये जुर्माना। अर्थदंड अदा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। धारा 366 के तहत 5 वर्ष का साधारण कारावास और 5,000 रुपये जुर्माना। जुर्माना न देने पर 15 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। धारा 363 के तहत 3 वर्ष का साधारण कारावास और 1,000 रुपये जुर्माना। जुर्माना न देने की स्थिति में 10 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। बाल सुधार गृह/जेल में बिताई गई पूर्व अवधि इस सजा में समायोजित की जाएगी। जमा की जाने वाली जुर्माने की 80 प्रतिशत राशि पीड़िता को दी जाएगी।

सुदामा चरित्र का मार्मिक प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

जहानगंज क्षेत्र के गांव कुंदनगनेशपुर में धनपाल सिंह राजपूत के आवास पर चल रही कथा के अंतिम दिवस पर कथा व्यास पं0 रामजी मिश्र ने अपने मुखारबिंद से भगवान की बाललीलाओं के साथ, पट रानियों रुक्मिणी, सत्या, जामवंती, सत्यभामा, कालिंदी सहित सोलह हजार एक सौ आठ भगवान के विवाह करवाते हुए सुदामा चरित्र को बहुत ही मार्मिक प्रसंग में खचाखच भरे कथा पांडाल में भक्तों को सुनाया। जिसमें बाल सखा सुदामा की ग़रीबी द्रश्य पर श्रोतागण भावविभोर हो गये। जिससे महिलाओं सहित भक्तों की आंखें छलक आई,

श्रीमद्भागवत कथा ने पाया विराम



कथा का श्रवण कराते कथाव्यास

कथाव्यास ने बताया कि जिसने गरीबी को देखा है वह गरीबों का उपहास नहीं करेगा। उन्होंने आगे बताया कि सुदामा विरक्त व प्रशांत आत्मा थे, उन्हें यह मालूम होते हुए भी कि हमारे बाल सखा कन्हैया कोई साधारण नहीं, अपितु जगतपति द्वरिकाधीश हैं फिर भी अहसान नहीं जताते, धर्म पत्नी



-मौजूद भक्तगण

सुशीला के बहुत आग्रह पर चार घरों से चावलों को मांगकर ले गये, मित्र द्वारिकाधीश के यहां पहुंचने पर जैसे ही द्वारपालों ने बताया कि कोई सुदामा नाम का विप्र द्वार पर खड़ा है, सुनते ही भगवान नंगे पांव दौडकर अपने मित्र को गले लगाया और अपने ही सिंहासन पर बैठाकर अपने सखा की दीन दशा पर करुणा करके करुणानिधि बहुत रोए।

सभी रानियों ने भी बहुत आदर सत्कार किया। मित्र सुदामा द्वारा भेंटस्वरुप लाए चावल की पोटली छीनकर भगवान ने मुट्ठी चावल खाए, सुदामा जी वापस घर आकर देखते हैं कि भगवान द्वारिकाधीश की कृपा से झोपड़ी की जगह सुन्दर महल बना है। व्यास जी कहते हैं जीवन में कितना भी सुख आये तो इतराना नहीं चाहिए, हमेशा भगवान की ही कृपा समझना चाहिए। भगवान को याद रखोगे तो कितना भी दुख आयेगा मालूम ही नहीं पड़ेगा, श्रीमद भागवत कथा को सुनने से परीक्षित को मृत्यु का डर खत्म हो चुका था और परीक्षित जी मोक्ष को प्राप्त हुए।

भागवत कथा परीक्षित रामनाथ राजपूत, यज्ञहवन करवाने वाले अनुज पांडे, नीलू मिश्रा, संगीत वादक आर्गन राम-लखन राजपूत, ढोलक पप्पू, ओमजी रहे। प्रमुख व्यवस्थापक अरविन्द राजपूत, विनोद राजपूत, ज्ञान सिंह, कुलदीप सिंह, अनुराग सिंह, राजपाल सिंह, महात्मा लज्जाराम, उदयराज सिंह, साकेत कुमार राजपूत, उदयवीर, लाल्ता प्रसाद, मूलचंद, हेतराम, अबधेश सिंह, नरेंद्र सिंह, पूरनलाल राजपूत आदि रहे।

अपर पुलिस अधीक्षक ने किया ढाई घाट का निरीक्षण



कंट्रोल रूम से मेले की निगरानी करते एएसपी

शमसाबाद, समृद्धि न्यूज। कार्तिक पूर्णिमा मेले के मद्देनजर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं को पुख्ता करने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना शमसाबाद क्षेत्र अंतर्गत ढाई घाट का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मेला परिसर, स्नान घाट और पुलिस कंट्रोल रूम की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एएसपी ने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाने के लिए समीक्षा की। पुलिस कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए गए। भीड़भाड़ से बचने के लिए सुचारु यातायात प्रबंधन और वाहनों के लिए व्यवस्थित पार्किंग सुनिश्चित करने को कहा गया। घाट व मेला परिसर में साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था लाइटिंग और पेयजल की उपलब्धता की जांच की गई। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को अलर्ट मोड पर रखने के निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक ने मौके पर मौजूद संबंधित पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण करने और ड्यूटी के दौरान पूरी सतर्कता बरतने के कड़े निर्देश दिए।

गाली देने से मना करने पर चचेरे भाइयों ने मासूम का फोड़ा सिर

समृद्धि न्यूज,कायमगंज।

ग्राम पंचायत निजामुद्दीनपुर में घर पर अकेले रह रहे 11 वर्षीय मासूम आर्यन को उसके ही चचेरे भाइयों ने गाली-गलौज का विरोध करने पर ईंट मारकर लहूलुहान कर दिया। गंभीर रूप से घायल बच्चा रोता-बिलखता खुद पैदल ही थाने जा पहुंचा और पुलिस से न्याय की गुहार लगाई।

जानकारी के अनुसार ग्राम निजामुद्दीनपुर निवासी भूपाल पेंटर का काम करते हैं। उनके 11 वर्षीय पुत्र आर्यन ने बताया कि उसकी मां करीब दो महीने पहले उसके भाई-बहनों को साथ लेकर कहीं चली गई थी, जिसके बाद से वह घर पर अकेला ही रह रहा



जानकारी देता पीड़ित बच्चा

है। बताया जा रहा है कि आर्यन घर पर अकेला था, तभी उसके चचेरे भाइयों ने किसी बात को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। इस पर 11 वर्षीय आर्यन ने हिम्मत दिखाते हुए उन्हें गाली देने से मना किया। मासूम का यह विरोध चचेरे भाइयों को इतना नागवार गुजरा कि उन्होंने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान एक भाई ने पास पड़ी ईंट उठाकर आर्यन के सिर पर दे मारी, जिससे उसका सिर फट गया और खून बहने लगा। सिर से बहते खून और दर्द के बीच मासूम आर्यन ने गजब का साहस दिखाया। वह पैदल चलकर कोतवाली पहुंचा और पुलिसकर्मियों के सामने अपनी पीड़ा बयां करते हुए कहा साहब, मुझे मारा है। लहूलुहान हालत में अकेले थाने पहुंचे मासूम की हिम्मत और स्थिति देखकर वहां मौजूद हर व्यक्ति स्तब्ध रह गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल संज्ञान लिया और घायल बच्चे को चिकित्सीय परीक्षण व उपचार के लिए सीएचसी कायमगंज भिजवाया। थानाध्यक्ष नितिन चौधरी ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जांच के आधार पर दोषियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कार्तिक पूर्णिमा मेले में दुकानदारों से अवैध वसूली का आरोप



जानकारी देते दुकानदार

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

बिना रसीद वसूले जा रहे रुपये

थाना क्षेत्र के ग्राम कक्योली स्थित रामताल आश्रम में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित मेले में दुकानदारों से कथित अवैध वसूली का मामला सामने आया है। मेले में दुकान लगाने वाले छोटे दुकानदारों ने इस अव्यवस्था और वसूली पर कड़े सवाल उठाए हैं। आरोप है कि मेले में अपनी दुकान लगाने वाले प्रत्येक दुकानदार से 100 रुपये की मांग की जा रही है और उनसे 50 रुपये तक वसूले जा रहे हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि रुपये लेने के बाद दुकानदारों को किसी भी प्रकार की कोई रसीद नहीं दी जा रही है।

बिना रसीद के की जा रही इस वसूली को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं कि आखिर किसके आदेश पर यह राशि ली जा रही है और वसूली गई रकम किसके पास जा रही है। छोटे दुकानदारों में इस व्यवस्था को लेकर रोष है। अब क्षेत्रवासियों और दुकानदारों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि प्रशासन इस पूरे मामले की जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ क्या कार्रवाई करता है।

घायल अवस्था में इलाज के लिए भटक रहा अधेड़

सीएचसी में इलाज न मिलने का आरोप, आगरा का रहने वाला



सीएचसी में मौजूद अधेड़

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के कस्बा स्थित चौराहे पर बीती रात एक अज्ञात अधेड़ घायल और बदहवास हालत में भटकता हुआ पहुंच गया। स्थानीय लोगों ने मानवता दिखाते हुए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज पहुंचाया, लेकिन आरोप है कि वहां कोई चिकित्सक मौजूद न होने के कारण उसे इलाज नहीं मिल सका। कस्बा नवाबगंज चौराहे पर घायल अवस्था में पहुंचे अधेड़ की स्थिति देखकर मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल उसे सीएचसी में भर्ती कराया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अस्पताल पहुंचने पर वहां कोई डॉक्टर नहीं मिला, जिससे घायल युवक बिना इलाज के ही अस्पताल परिसर में बैठा रहा। युवक की बातचीत और व्यवहार से वह मानसिक रूप से कुछ अस्वस्थ भी प्रतीत हो रहा था। लोगों द्वारा नाम और पता पूछे जाने पर युवक ने अपना नाम महेंद्र सिंह पुत्र सामान्य निवासी ग्राम चंद्रशोरा थाना जगनेर जनपद आगरा बताया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी नवाबगंज थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मौके पर पहुंचे और घायल युवक से पूछताछ की। युवक द्वारा बताए गए पते की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी ने आगरा के संबंधित थाना जगनेर के प्रभारी निरीक्षक से फोन पर संपर्क साधा और युवक के परिजनों तक उसके नवाबगंज में होने की सूचना पहुंचाने को कहा।

खबरें एक नजर में

महोबा में निर्माणाधीन लाइन से 3760 मीटर तार चोरी

महोबा। महोबा के खन्ना थाना क्षेत्र में ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर PKG-06 परियोजना की निर्माणाधीन लाइन से करीब 3760 मीटर बिजली का तार चोरी हो गया। कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया है। उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड की 220 केवी मल्होत्रा-बांदा बिजली लाइन का निर्माण 220 केवी महोबा-बांदा बिजली लाइन का निर्माण अमारा राजा इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड कर रही है। यह काम भारत सरकार की ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर परियोजना के तहत हो रहा है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने मंगलवार सुबह 9 बजे बताया कि शिकायत के आधार पर बीएनएस की धारा 303(2) के तहत केस दर्ज किया गया है।

मंगेतर से फोन पर हुआ विवाद, किशोरी फांसी पर झूली

बांदा। मंगेतर से फोन पर हुई बात से नाराज होकर किशोरी ने कमरे के अंदर पंखे की हुक पर साड़ी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बता दें कि शहर कोतवाली क्षेत्र के गायत्री नगर निवासी शिवानी (17) पुत्री मनोज गुप्ता ने सोमवार की दोपहर कमरे के अंदर पंखा की हुक पर साड़ी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। काफी देर बाद घर लौटी मां ने फंदे पर शव लटकता देखा तो चीख पड़ी। शोर गुल सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। मृतका के पिता ने बताया कि शिवानी की शादी तय हो गई थी। मंगेतर से उसकी फोन पर बातचीत होती रहती थी। दोनों में बातचीत के दौरान विवाद हो गया, जिससे नाराज होकर उसने घटना को अंजाम दिया है। बताया कि घटना के समय वह काम पर चला गया था।

बैंक कर्मचारियों की हड़ताल आज

बांदा। आईडीआईबी बैंक को विदेशी हाथों में बेंचने के सरकार के निर्णय के विरोध में आल इंडिया बैंक एम्प्लाइज एसोसिएशन और बैंकिंग क्षेत्र के अन्य अनुशांगिक संगठनों की आगामी 3 दिसंबर को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की घोषणा के समर्थन में बुधवार को देश के अन्य शहरों की तरह आईडीआईबी बैंक की बांदा शाखा के सामने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। यूपी बैंक एम्प्लाइज यूनियन के जिला मंत्री एवं प्रदर्शन के संयोजक रावेन्द्र कुमार शुक्ला ने बताया कि शहर के तमाम बैंकों में कार्यरत स्टाफ इस प्रदर्शन में भाग लेंगे।

युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

बांदा। बदौसा थाना क्षेत्र के हड़हा माफी गांव निवासी गुड्डू (38) पुत्र चंदू ने कमरे के अंदर बास की बल्ली में रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। सुबह होने पर जब वह देर तक कमरे से बाहर नही निकला तो मौके पर पहुंची मां सुमित्रा ने दरवाजा की कुंडी खटखटाई लेकिन अंदर से कोई हरकत नही हुई। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। किसी तरह पड़ोसी दरवाजा खोल कर अंदर पहुंचे देखा तो गुड्डू फंदे पर लटक रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पड़ोसी रामबाबू ने बताया कि गुड्डू गांव में सफाई कर्मी था। उसकी पत्नी रीतू करीब पंद्रह वर्ष पहले उसे छोड़ कर चली गई थी।

आयुक्त ने आवास पर आने वाले अमूल दूध का भराया सैंपल

बांदा। दूध की मिलावट अब आम लोगों के अलावा अफसरों को भी भारी पड़ रही है। मंडलायुक्त अजीत कुमार के आवास पर कई दिनों से आ रहे अमूल कंपनी का पैक्ड दूध में मिलावट का संदेह होने पर उसकी जांच कराई गई। मंडलायुक्त ने तुरंत खाद्य विभाग की टीम बुलाकर मौके पर ही दूध का नमूना भराया। बताया गया है कि आयुक्त अजीत कुमार के आवास पर कई दिनों से अमूल का पैक्ड दूध आ रहा था। आयुक्त के अनुसार दूध के स्वाद में अंतर आने पर उन्हें संदेह हुआ कि दूध खराब है। ऐसे में उन्होंने खाद्य विभाग की टीम को अपने आवास बुलाया। सहायक खाद्य आयुक्त ने दूध के दो नमूने भरे।

पूर्णिमा पर डीआईजी ने पांचाल घाट पर परखी सुरक्षा व्यवस्था

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व पर आयोजित गंगा स्नान मेले के दृष्टिगत पुलिस उपमहानिरीक्षक डीआईजी कानपुर परिक्षेत्र यमुना प्रसाद और पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने थाना कादरी गेट क्षेत्र स्थित पांचाल घाट का स्थलीय निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने मेला क्षेत्र व स्नान घाटों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए गए इंतजामों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान डीआईजी और एसपी ने मेला परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। स्नान घाटों पर श्रद्धालुओं



पांचाल घाट का निरीक्षण करते डीआईजी मौजूद एसपी

की सुरक्षा के लिए मजबूत बैरिकेडिंग की गई है। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए जल में फ्लड कंपनी पीएसी और गोताखोरों की तैनाती की गई है। मेला क्षेत्र में जाम की स्थिति से बचने के लिए यातायात नियंत्रण और निर्धारित पार्किंग स्थलों की व्यवस्था की समीक्षा की गई। घाट व मेला परिसर में साफ-सफाई, प्रकाश विद्युत व्यवस्था, शुद्ध पेयजल और स्वास्थ्य शिविरों की तैयारियों का जायजा लिया गया।

मीडिया से बातचीत करते हुए डीआईजी कानपुर परिक्षेत्र यमुना प्रसाद ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, औरैया और इटावा सहित परिक्षेत्र के सभी जनपदों में गंगा स्नान का कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में सभी पुलिस टीमें सक्रिय रूप से तैनात हैं। श्रद्धालुओं को सकुशल स्नान कराने के लिए पुलिस बल कल से ही दिन-रात मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी कर रहा है, ताकि पूरा आयोजन पूरी तरह शांतिपूर्ण और किसी भी अप्रिय घटना से रहित संपन्न हो सके।

गुरु नानक देव के उपदेशों में निहित है विश्व कल्याण का मार्ग

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। राष्ट्रीय प्रगतिशील फोरम के तत्वावधान में गुरु नानक देव जयंती पर कृष्णा प्रेस परिसर में विचार गोष्ठी एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने गुरु नानक देव के जीवन दर्शन, एकेश्वरवाद और सामाजिक समरसता के संदेशों पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर रामबाबू मिश्र ने कहा कि गुरु नानक देव ने एकेश्वरवाद और सर्व धर्म सद्भाव का उपदेश दिया, जिससे वे सही मायने में विश्व गुरु हैं। उन्होंने सनातन वैदिक धर्म के सिद्धांतों को अमली जामा पहनाया। उन्होंने गुरुद्वारों की संगत, पंगत, अरदास और सेवा भाव को सबके लिए खुला बताते हुए कहा कि आज का मनुष्य अकाल पुरुष परमेश्वर को भूलने के कारण ही दुखी है। गीतकार पवन बाथम ने कहा कि गुरबाणी मानव मात्र को परमेश्वर से जोड़ने का माध्यम है। गुरु नानक देव ने लोक भाषा में अपनी बात कही, जिसका जनमानस पर जादू की तरह असर हुआ और वे भारत की आत्मा के शाश्वत रूप हैं। पूर्व प्रधानाचार्य अहिवरन सिंह गौर ने वर्तमान समय के हिंसा और उन्माद के दौर में गुरुवाणी को ही सही दिशा दिखाने में सक्षम बताया। आचार्य शिवकांत शुक्ला ने गुरु नानक देव द्वारा परिश्रम और सच्चाई के मार्ग पर चलने की सीख को रेखांकित किया, वहीं शिक्षक अनुपम मिश्रा ने कहा कि गुरु ग्रंथ साहिब की वाणी दिल और दिमाग को आलोकित करती है। डॉ0 सुनील सिद्धार्थ ने कहा कि गुरु नानक देव के उपदेशों से समाज की दबी-कुचली जातियों को सिख पंथ में गौरव और सम्मान प्राप्त हुआ। छात्र कवि यशवर्धन ने अपनी पंक्तियों गुरुद्वारों से आ रही है पवित्र आवाज, भवसागर तारण तरण नानक नाम जहाज के माध्यम से गुरु नानक देव जी के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस अवसर पर वीएस तिवारी, जेपी दुबे, शिवकुमार दुबे, मंजू मिश्रा, कीर्ति दुबे मौजूद रहे।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष का दौरा आज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र पंकज सिंह बुधवार को जनपद के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे जिले में आयोजित विभिन्न संगठनात्मक बैठकों में शिरकत करेंगे। मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी ने बताया प्रवास के दौरान प्रस्तावित बैठकों प्रेम पुष्प गेस्ट हाउस कमालगंज में बैठक आयोजित की जाएगी। पार्टी कार्यालय आवास विकास में बैठक संपन्न होगी। इन बैठकों में भोजपुर, अमृतपुर और फर्रुखाबाद सदर विधानसभा क्षेत्र के संगठनात्मक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रमुख रूप से सम्मिलित होंगे।

प्राचीन महाभारत कालीन पाण्डवेश्वर नाथ मंदिर में भव्य देव दीपोत्सव सम्पन्न

भक्तों ने बनाई रंगोली, जलाए दीपक, छप्पन भोग एवं महाआरती के बाद हुआ प्रसाद वितरण

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

पाण्डवेश्वर नाथ द्वादश ज्योतिर्लिंग मठ रेलवे रोड पर इस वर्ष देव दीपोत्सव बड़े ही भव्य एवं दिव्य रूप में मनाया गया।

मंदिर जीर्णोद्धार कमेटी एवं श्री महाकाल सामाजिक सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शुभारंभ भक्तों द्वारा बनाई गई सुंदर रंगोली एवं दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। मंदिर परिसर में सैकड़ों दीपों की रोशनी से पूरा मंदिर परिसर जगमगा उठा। इसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर के पुजारी पंडित उमेश शर्मा ने बताया कि देव दीपोत्सव देवताओं की दीपावली के रूप में मनाया जाता है। इस दिन काशी की तर्ज पर फर्रुखाबाद में भी पाण्डवेश्वर नाथ मंदिर में दीपों की भव्य श्रृंखला सजाई गई। मंदिर को फूलों एवं विद्युत झालरों से विशेष रूप से सजाया गया। मंदिर के पुजारी पंडित राजेश शर्मा एवं पंडित गोपाल शर्मा ने बताया कि देव दीपावली हर साल कार्तिक पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है, क्योंकि पौराणिक मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर नामक राक्षस और उसके तीनों नगरों का संहार कर देवताओं को अत्याचार से मुक्त किया था।

इस विजय की खुशी में देवता स्वर्ग से काशी आए और गंगा के घाटों पर दीप जलाकर उत्सव मनाया, इसलिए इसे देव दीपावली या त्रिपुरारी पूर्णिमा कहा जाता है।



पूजा अर्चन करते भक्तगण



महिलाओं द्वारा बनायी गई रंगोली

मिशन शक्ति के तहत पुलिस ने स्कूल-कॉलेजों में चलाया जागरूकता अभियान

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

उत्तर प्रदेश शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन अभियान के तहत पुलिस प्रशासन द्वारा स्कूल, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर वृहद स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को आत्मरक्षा, कानूनी अधिकारों और सरकारी हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस टीमों ने छात्राओं और महिलाओं को संकट की स्थिति में तत्काल सहायता पाने के लिए शासन द्वारा जारी प्रमुख आपातकालीन नंबरों के उपयोग के बारे में जागरूक किया। इनमें 1090 वूमेन पावर लाइन 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102/108 स्वास्थ्य एवं एम्बुलेंस सेवा और 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन प्रमुख रूप से शामिल हैं।



छात्राओं को जागरुक करती पुलिस

महिलाओं को थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र और महिला हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली के बारे में बताया गया, ताकि वे बिना किसी झिझक या भय के अपनी शिकायत दर्ज करा सकें और त्वरित न्याय पा सकें। अभियान के दौरान पुलिस ने स्कूल-कॉलेजों के आसपास और भीड़भाड़ वाले इलाकों में अनावश्यक रूप से घूम रहे संदिग्ध युवकों और मनचलों को कड़ी चेतावनी दी, जिससे छात्राओं और महिलाओं में सुरक्षा का अहसास मजबूत हो सके। पुलिस प्रशासन का उद्देश्य जनपद की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना है। अधिकारियों के अनुसार महिलाओं और बालिकाओं के मन से पुलिस के प्रति झिझक समाप्त करने और उनमें आत्मविश्वास जगाने के लिए इस तरह के जागरूकता अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

दहेज में बाइक न मिलने पर विवाहिता को पीटा

जान बचाकर थाने पहुंची पीड़िता

समृद्धि न्यूज,कायमगंज।

विकास खंड कायमगंज की ग्राम पंचायत इकलहरा में दहेज की मांग पूरी न होने पर एक विवाहिता को बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। पीड़िता विवाहिता ने कंपिल थाने में तहरीर देकर अपने पति के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। कंपिल पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में 24 वर्षीय पीड़िता मौसमीं ने बताया कि उसके पिता कयूम ने मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार अपनी हैसियत से बढ़कर दान-दहेज देते हुए गांव के ही जमालुद्दीन पुत्र अलाउद्दीन के साथ उसका निकाह किया था। आरोप है कि निकाह के बाद से ही पति जमालुद्दीन अतिरिक्त दहेज में बाइक की मांग करने लगा और आए दिन ताने, गाली-गलौज व मारपीट कर उसे प्रताड़ित करने लगा।



जानकारी देती पीड़िता

पीड़िता के अनुसार बीते दिन पति से कहा कि उसके पिता गरीब हैं और उन्होंने अपनी सामर्थ्य के अनुसार सब कुछ दे दिया है, अब उनके पास देने के लिए कुछ नहीं बचा है। इतना सुनते ही पति जमालुद्दीन आगबबूला हो गया और उसने मौसमीं पर लात-घूंसों व लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गई। थाने पहुंची पीड़िता ने पुलिस को आपबीती सुनाई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी पति जमालुद्दीन के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और घायल विवाहिता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजकर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

खबरें एक नजर में

48 घंटे में अपहृत युवती सकुशल बरामद

चांदा, सुलतानपुर। चांदा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से अपहृत 23 वर्षीय युवती को पुलिस ने 48 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष तरुण कुमार पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। युवती के अपहरण की सूचना मिलने पर पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की थी। थानाध्यक्ष के निर्देशन में उपनिरीक्षक विवेक कुमार, महिला कांस्टेबल वैशाली और कांस्टेबल विनोद कुमार की टीम ने प्रयास कर युवती को बरामद कर लिया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के साथ युवती का मेडिकल परीक्षण कराया और बयान दर्ज किया। युवती की सकुशल बरामदगी से परिजनों ने राहत की सांस ली।

पिकअप की टक्कर से बाइकसवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल

चांदा, सुलतानपुर। चांदा कोतवाली क्षेत्र के पट्टी रोड पर रामनगर गांव के पास सोमवार रात आंवला लदी पिकअप की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।घायलों की पहचान प्रशांत पुत्र संतोष झा निवासी गोसाई का पुरवा, विपिन पुत्र श्यामलाल निवासी बसावनपुर, थाना लंभुआ और अभिषेक वर्मा पुत्र शैलेश निवासी आनापुर नारायणगंज, थाना चांदा के रूप में हुई। तीनों युवक बाइक से चांदा से पट्टी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान रामनगर गांव के पास पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में सड़क पर आंवला भी बिखर गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पिकअप को कब्जे में लेकर कोतवाली पहुंचाया।

विधवा ने जेठ पर लगाया दुष्कर्म का आरोप, एसपी से न्याय की गुहार

चांदा, सुलतानपुर। चांदा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की 35 वर्षीय विधवा महिला ने अपने जेठ पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीड़िता के मुताबिक, 23 अक्टूबर की आधी रात आरोपी जबरन उसके घर में घुस आया और चाकू दिखाकर दुष्कर्म किया। विरोध करने और घटना की जानकारी किसी को देने पर उसे तथा उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। महिला ने चांदा कोतवाली और पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। उसका आरोप है कि कई बार गारवपुर पुलिस चौकी और कोतवाली के चक्कर लगाने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। घटना के बाद से वह और उसके बच्चे भयभीत हैं।नवागत थानाध्यक्ष तरुण कुमार पटेल ने पीड़िता की बात सुनकर निष्पक्ष जांच और आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

संविधान दिवस पर लखनऊ में जुटेंगे सुलतानपुर के कांग्रेसी



सुलतानपुर। राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर लखनऊ में आयोजित होने वाले संविधान मार्च में सुलतानपुर के कांग्रेसी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इसकी तैयारी को लेकर मंगलवार को जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा की अध्यक्षता में जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में लखनऊ पहुंचने और कार्यकर्ताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने की रणनीति बनाई गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के तहत गांव-गांव जाकर लोगों को संविधान, लोकतंत्र और मताधिकार के प्रति जागरूक किया जाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 26 नवंबर को लखनऊ पहुंचकर संविधान मार्च को सफल बनाने की अपील की।उन्होंने कहा कि संविधान और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस पूरी मजबूती से जनता के बीच संघर्ष कर रही है। बैठक में शहर अध्यक्ष शकील अंसारी, हरीश त्रिपाठी, जनेश्वर उपाध्याय, अतहर नवाब, ओमप्रकाश त्रिपाठी, सलाउद्दीन हाशमी सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सीएम योगी की पूज्य माताजी के निधन पर शोक



मिर्जापुर। उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर परमपूज्य महंत योगी आदित्यनाथ जी की पूज्य माताजी के निधन पर पैरियाटोला स्थित निवर्तमान जिला संयोजक हिन्दु युवा वाहिनी अमित श्रीनेत के कार्यालय पर शोकसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूज्य माताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई तथा दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत पुण्यात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा इस अपार दु:ख की घड़ी में आदरणीय योगी आदित्यनाथ जी एवं समस्त शोकाकुल परिवार को धैर्य, शक्ति और संबल प्रदान करें। शोक सभा में उपस्थित शरद कुमार, हरिहर प्रताप सिंह, अंकित सिंह, पवन मालवीय, विवेक सिंह राजपूत, अंशु गुप्ता, विनय मिश्रा, सुरेश गुप्ता, विनोद कसेरा, मनोज पांडे, धीरज साहू, सूर्या प्रकाश मंटू, रितेश मोदनवाल, राजू आदि उपस्थित रहे।

कार्तिक पूर्णिमा पर मां शीतला के दरबार में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, 30 हजार से अधिक भक्तों ने नवाया शीश

हलिया (मिर्जापुर)। हलिया क्षेत्र के प्रसिद्ध गड़बड़ा धाम स्थित मां शीतला मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। मंगलवार की सुबह मंदिर का कपाट खुलते ही मां के दर्शन-पूजन के लिए पुरुषों और महिलाओं की लंबी कतार लग गई। मां शीतला के जयकारों से पूरा धाम भक्तिमय हो उठा। क्षेत्रीय श्रद्धालुओं के साथ पड़ोसी जनपद प्रयागराज से भी बड़ी संख्या में भक्त मां के दरबार में पहुंचे और विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर सुख-समृद्धि की कामना की। कार्तिक पूर्णिमा के विशेष पर्व पर श्रद्धालुओं ने मां को माला-फूल, चुनरी, नारियल तथा हलवा-पूड़ी का प्रसाद अर्पित कर आशीर्वाद लिया। सुबह से देर शाम तक दर्शनार्थियों के आने का सिलसिला जारी रहा। मंदिर परिसर में मेले जैसा माहौल देखने को मिला। श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह के चलते पूरे दिन धाम में चहल-पहल बनी रही। मंदिर परिसर के आसपास गंदगी का अंबार लग रहा। मंदिर के पुजारी रजनीश पाण्डेय, मंगलधारी मिश्र ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मां के दरबार में लगभअव 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने पहुंचकर दर्शन-पूजन किया और अपनी मनोकामनाएं मांगी। थाना प्रभारी हलिया राजीव श्रीवास्तव अपने दलबल के साथ मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए भ्रमण करते रहे।

बोलेरो-पिकअप की भिड़ंत में दो युवकों की मौत, दो गंभीर घायल



प्रतापगढ़। फतनपुर थाना क्षेत्र के बीरापुर-जगनीपुर मार्ग पर कबीर आश्रम बिच्छूर के पास सोमवार देर रात करीब 10:30 बजे बोलेरो और पिकअप की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस भीषण हादसे में बोलेरो सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जौनपुर जिले के सुजानगंज थाना क्षेत्र स्थित रायपुर कला गांव के चार युवक बोलेरो से जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही पिकअप ने उनकी बोलेरो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बीरापुर चौकी प्रभारी आकाश शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौरा पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने बोलेरो चला रहे प्रदीप सरोज (24) और सुंदर सरोज (19) को मृत घोषित कर दिया। दोनों मृतक जौनपुर के रायपुर कला गांव के निवासी थे। वहीं, बोलेरो में सवार वकील सरोज (18) और शिवम सरोज (23) गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। प्रभारी थानाध्यक्ष असलम खान भी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए प्रतापगढ़ मोर्चरी भेज दिया गया है और फरार पिकअप चालक की तलाश जारी है।

महिला मतदाताओं का नाम जुड़वाने पर जोर अधिकारियों ने बूथों का किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।



विधानसभा चुनाव 2027 के मद्देनजर मतदाता सूची में जेंडर रेशियो सुधारने के लिए प्रशासन ने कवायद तेज कर दी है। शुक्रवार को इसौली विधानसभा क्षेत्र के आदमपुर प्राथमिक विद्यालय स्थित बूथ संख्या 54 और 55 का जिला विद्यालय निरीक्षक सूर्य प्रताप सिंह व एसडीएम बल्दीराय प्रभात सिंह ने निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बीएलओ और सुपरवाइजर से पुनरीक्षण कार्य की प्रगति जानी। उन्होंने 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं, पात्र महिलाओं और नवविवाहिताओं का नाम मतदाता सूची में प्राथमिकता से शामिल कराने के निर्देश दिए। इसके लिए घर-घर संपर्क, मुनादी और लाउडस्पीकर से जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। एसडीएम ने ग्रामीणों, ग्राम प्रधानों और सामाजिक संगठनों से सहयोग की अपील की। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत 16 दिसंबर तक दावे और आपत्तियां ली जाएंगी। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद असलम और लेखपाल मोहम्मद सैफ मौजूद रहे।

गुरु नानक जयंती पर गुरुद्वारे पहुंचे डीएम-एसपी, किया नमन

- सत्य, सेवा, समानता और भाईचारे का संदेश अपनाने की अपील

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।



श्री गुरु नानक देव जी की जयंती एवं प्रकाश पर्व के अवसर पर जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह और पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल गुरुद्वारे पहुंचे। यहां दोनों अधिकारियों ने गुरु नानक देव जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया और उनके आदर्शों को याद किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कहा कि गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं पूरी मानवता को सत्य, सेवा, समानता, प्रेम, करुणा और भाईचारे का संदेश देती हैं। उनके विचार आज भी समाज को एकता और सद्भाव के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।दोनों अधिकारियों ने प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं देते हुए लोगों से गुरु नानक देव जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज में शांति, आपसी प्रेम, सामाजिक समरसता और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। प्रकाश पर्व जैसे अवसर मानवता और आपसी भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं।

काकभुशुण्डि ने जातिगत अहंकार को दी चुनौतीः डॉ. सुशील पांडेय

- बाबा सत्यनाथ महोत्सव के दूसरे दिन दलित चेतना के धार्मिक प्रतिनिधि विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

समृद्धि न्यूज़, कादीपुर, सुलतानपुर।



अल्देमऊ नूरपुर स्थित अघोर पीठ बाबा सत्यनाथ मठ में आयोजित बाबा सत्यनाथ महोत्सव के दूसरे दिन राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इससे पूर्व बाबा सत्यनाथ, भगवान दत्तात्रेय, माता हिंगलाज भवानी और श्मशान काली सहित अन्य देवी-देवताओं की विद्वान आचार्यों ने पूजा-अर्चना की। दूसरे सत्र में दलित चेतना के धार्मिक प्रतिनिधि काकभुशुण्डि विषयक संगोष्ठी की अध्यक्षता मठ के पीठाधीश्वर अवधूत उग्र चण्डेश्वर कपाली बाबा ने की। मुख्य वक्ता संत तुलसीदास पीजी कॉलेज के पूर्व संस्कृत विभागाध्यक्ष एवं साहित्यकार डॉ. सुशील कुमार पांडेय ने कहा कि तुलसीदास ने काकभुशुण्डि जैसे उपेक्षित माने जाने वाले पात्र को रामकथा का अधिकारी बनाकर जातिगत अहंकार को चुनौती दी। गरुड़ जैसे पक्षीराज का उनसे ज्ञान प्राप्त करना भारतीय परंपरा में ज्ञान की सर्वोच्चता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ज्ञान और सम्मान किसी जाति, कुल या बाहरी स्वरूप के मोहताज नहीं हैं। अहंकार का त्याग और साधना ही व्यक्ति को श्रेष्ठ बनाते हैं।कार्यक्रम का संचालन आशुकवि मथुरा प्रसाद सिंह जटायु ने किया। इस अवसर पर धर्मेंद्र सिंह बब्लू भपटा, शुभम सिंह, ध्रुव श्याम सिंह, विनोद कुमार सिंह, सुरेंद्र सिंह, राजकुमार भोला, डॉ. मंगला प्रसाद श्रीवास्तव, काली सहाय पाठक, संदीप मिश्रा, राकेश मिश्रा, धीरज उपाध्याय, रवींद्र रावत और ध्यान सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

आप सांसद संजय सिंह समेत 12 आरोपियों को अदालत ने किया दोषमुक्त

- पंचायत चुनाव में आचार संहिता और कोविड गाइडलाइन उल्लंघन का था मामला

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।



आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद एवं वरिष्ठ नेता संजय सिंह को सुल्तानपुर की विशेष एमपी-एमएलए अदालत से बड़ी राहत मिली है। वर्ष 2021 के पंचायत चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता और कोविड गाइडलाइन के उल्लंघन से जुड़े मुकदमे में अदालत ने मंगलवार को संजय सिंह समेत सभी जीवित 12 आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया। फैसले के दौरान सांसद संजय सिंह भी अदालत में मौजूद रहे। मामला 13 अप्रैल 2021 का है। आरोप था कि संजय सिंह ने बंधुआकला थाना क्षेत्र के हसनपुर गांव में जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी सलमा बेगम के समर्थन में बिना अनुमति चुनावी सभा की थी। इस मामले में तत्कालीन थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव की तहरीर पर संजय सिंह समेत कुल 13 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। मुकदमे की सुनवाई के दौरान एक आरोपी की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद शेष 12 आरोपियों के खिलाफ अदालत में सुनवाई जारी रही।बीती 18 नवंबर को अभियोजन पक्ष के चार गवाहों के बयान दर्ज किए गए थे। इसके बाद अभियोजन और बचाव पक्ष की ओर से अंतिम बहस पूरी की गई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता रुद्र प्रताप सिंह मदन तथा अभियोजन पक्ष के विशेष लोक अभियोजक वैभव पांडेय ने अदालत में अपना पक्ष रखा था।विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और उपलब्ध साक्ष्यों का परीक्षण करने के बाद सभी 12 जीवित आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया। करीब पांच वर्ष पुराने इस मुकदमे में अदालत के फैसले से मामले का निस्तारण हो गया।

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर दो हादसों में पांच घायल, एक गंभीर

- नींद आने से ट्रक में घुसी कार, दूसरी कार बिना बॉडी के नए ट्रक से टकराई

कूरेभार, सुलतानपुर। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर मंगलवार को दो अलग-अलग सड़क हादसों में पांच लोग घायल हो गए। इनमें एक की हालत गंभीर बताई गई है। चार घायलों को मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर किया गया। पहली घटना सुबह करीब 7:30 बजे माइलस्टोन 116 पर हुई। जौनपुर जिले के कटरा फूलपुर निवासी मोहम्मद रेहान (22), रिजवान (35), शाकिब शेख (22) और अहमद अंसारी (19) कार से जा रहे थे। इसी दौरान चालक को नींद आने से कार अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक में पीछे से घुस गई। टक्कर में चारों घायल हो गए। कार के एयरबैग खुलने से बड़ा हादसा टल गया। सभी को सीएचसी कूरेभार से मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। दूसरी घटना दोपहर करीब 12:40 बजे सेयूर चामुर्खा गांव के पास हुई। गाजीपुर से लखनऊ जा रही कार आगे चल रहे बिना बॉडी के नए ट्रक से टकरा गई। हादसे में अयोध्या निवासी नाजिर अंसारी (28) गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनके साथ मौजूद तीन लोगों को मामूली चोटें आईं। नाजिर को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जबकि अन्य को उपचार के बाद घर भेज दिया गया।सूचना पर प्रभारी थानाध्यक्ष भरत सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचवाया।

सपा कार्यालय पर मनाई गई अखिलेश व डिम्पल की 27वीं वैवाहिक वर्षगांठ

समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर।



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव जी तथा माननीय सांसद श्रीमती डिंपल यादव जी को 27वीं वैवाहिक वर्षगांठ समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर मनाया गया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने केक काटा और मिठाईया खिलाकर खुशिया मनाई और एक दुसरे को बधाई दी। इस मौके पर कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि मॉ विन्ध्यवासिनी से प्रार्थना करते हैं कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी एवं मैनपुरी की सांसद डिंपल यादव जी का दांपत्य जीवन सदैव सुखमय, मंगलमय एवं खुशियों से परिपूर्ण रहे तथा आप दोनों दीर्घायु हों और सदैव स्वस्थ एवं प्रसन्न रहें और कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता गॉव-गॉव जाकर सरकार में किये गये कार्यो को जन-जन के बीच पहुॅचाने का काम करें। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के नगर के जोन, सेक्टर प्रभारियों की बैठक में जिलाध्यक्ष ने पीडीए स्वाभिमान एप को सक्रिय करे और प्रत्येक बूथ पर 400 लोगो को जोड़ने का काम करें। इस मौके पर सुरेन्द्र सिंह पटेल, राजेश भारती, सुरेश सिंह पटेल, संतोष गोयल, अभय यादव, रत्नेश श्रीवास्तव, आकाश यादव, ओमप्रकाश सोनकर, परवीन बानो, मेवालाल प्रजापति, राममिलन यादव, अनुराग तिवारी, रवि सोनकर, अरशद अली, जहांआरा, सलीम बादशाह, आकांक्षा यादव, ज्योति गुप्ता, रामजी यादव, चिन्तामणि यादव, छविनाथ विश्वकर्मा आदि मौजूद रहें।

वरिष्ठ समाजसेवी श्याम सुन्दर सिंह का निधन



कुड़वार सुल्तानपुर। समाजसेवा में अग्रणी भूमिका निभाने वाले वरिष्ठ समाजसेवी श्याम सुन्दर सिंह ऊर्फ लहूरी सिंह ने सोमवार की रात लखनऊ के निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली।मंगलवार भोर में शव घर पहुंचते ही कोहराम मच गया।अंतिम दर्शन करने वाला का तांता लगा रहा। दोपहर बाद राजघाट कुड़वार पर अंतिम संस्कार हुआ। बता दें कि श्याम सुन्दर सिंह स्थानीय विकास खंड के उतमानपुर गांव निवासी साधारण किसान के घर में पैदा हुए थे।अपने जीवन काल की शुरुआत में ईंट भट्ठे पर नौकरी से जीवन यापन करते हुए करीब 03 दशक पहले निजी भट्ठे के मालिक बने।लगातार कड़ी मेहनत के बदौलत उन्होंने कई ईंट भट्ठों का संचालन शुरू किया।उसके बाद राइस मिल,गोदाम व मोटर साइकिल की एजेंसी खोल दी।लेकिन कुछ दिन बाद ही यह बिजनेश बंद हो गया।जय प्रभु शिक्षण संस्थान खोल कर गरीब बच्चों को शिक्षा का बीड़ा उठाया जो आज भी संचालित है।लगातार समाजसेवा के बदौलत बड़े बेटे वीर भद्र सिंह उर्फ बबलू को 2005 में कुड़वार ब्लॉक का प्रमुख बनाया व छोटा बेटा संतोष सिंह लखनऊ में रहकर निजी व्यापार करता है।समाजसेवा में अग्रणी रहने वाले लहुरी सिंह कभी भी किसी के दुख मुसीबत में पीछे नहीं रहे,हर जगह अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर लोगों की सेवा की।उनकी दिन चर्या भट्ठे से शुरू होकर गौ सेवा के साथ समाजसेवा के रूप में चलती थी।जो अनवरत चलती रही।उनके निधन की खबर सुनते ही हजारों लोग अंतिम दर्शन को उमड़ पड़े।हजारों लोगों के साथ शव यात्रा राजघाट कुड़वार पहुंची।जहां बड़े बेटे वीरभद्र सिंह ने मुखाग्नि देकर पिता को अंतिम यात्रा के लिए विदा किया।

कार्तिक पूर्णिमा पर दो लाख श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई डुबकी

समृद्धि न्यूज़, चुनार (मिर्जापुर)।



कार्तिक पूर्णिमा स्नान दान पर्व के अवसर पर बालू घाट पर दो लाख श्रद्धालुओं ने गंगा नदी में स्नान कर पुण्य के भागी बने। ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों ने गंगा स्नान कर भगवान भाष्कर को जल देकर सुख समृद्ध कि कामना किए।सुबह से ही घाट पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाकर घाट पर मौजूद ब्राह्मण को दान देकर आशीर्वाद लिया।कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर भोर से ही गंगा घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। हर-हर गंगे के जयकारों से पूरा घाट परिसर गूंज उठा। महिलाओं ने दीपदान कर मां गंगा की आरती उतारी। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद दान-पुण्य कर सुख-समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं के सुरक्षा के लिए घाट पर बैरिकेटिंग किया गया था। सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। पुलिस व प्रशासन के अधिकारी लगातार भ्रमण करते रहे। पालिका प्रशासन द्वारा घाट पर खोया-पाया केंद्र स्थापित किया गया था। जिससे अपनों से बिछड़े दर्जनों लोगों को मिलाया गया।इस दौरान पालिका चेयरमैन मंसूर अहमद, अधिशाषी अधिकारी विजय कुमार यादव, एसआई लालमणि यादव, ओएस शैलेश यादव, गौरव पांडेय अपने कर्मचारियों के साथ मौजूद रहे। कैंप कार्यालय पर वकील अहमद, मो. नसीम खान ने एलाउंस कर अपनों से बिछड़े दर्जनों लोगों को मिलाया।अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन राजकुमार मीणा, सीओ गायत्री यादव, कोतवाल अजय सेठ, अपराध निरीक्षक सतेंद्र कुमार यादव, चौकी प्रभारी कस्बा देवेन्द्र राय, उप निरीक्षक रमेश मय पुलिस बल के साथ गंगा घाट से लेकर मेला क्षेत्र में लगातार भ्रमण करते रहे।श्रद्धालुओं ने सुरक्षा व साफ-सफाई की व्यवस्था को सराहा। देर शाम तक घाट पर स्नान व दान का सिलसिला चलता रहा।

मां विंध्यवासिनी सेवा समिति ने श्रद्धालुओं को वितरण किया प्रसाद

चुनार (मिर्जापुर)। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान करने आए श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया। बालूघाट पर विजय उपाध्याय प्रेरणा स्रोत मां विंध्यवासिनी देवी सेवा समिति चुनार द्वारा निषाद राज पार्क में ब्रजनंद कुशवाहा के नेतृत्व में लाखों श्रद्धालुओं में सूजी का हलुआ वितरण किया गया।



सुबह से ही घाट पर पहुंचे श्रद्धालुओं को समिति के सदस्यों ने प्रेमपूर्वक प्रसाद खिलाया। कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान के लिए दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ घाट पर उमड़ पड़ी। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। हलुआ वितरण के लिए घाट पर विशेष व्यवस्था की गई थी। समिति के सदस्य देर तक श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित करते रहे। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर समिति के कार्यो की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के सेवा कार्य पुण्य का काम है और इससे श्रद्धालुओं को काफी सुविधा मिलती है। इस अवसर पर ब्रह्मानंद कुशवाहा, चंद्रहास गुप्ता, सुनील गुप्ता, अनिल शर्मा, रतन साहनी, प्रदीप गुप्ता, रमेश साहनी सहित समिति के सदस्य मौजूद रहे।

कार्तिक पूर्णिमा पर 2 लाख श्रद्धालुओं ने पतित पावनी मां गंगा में लगाई डुबकी

- प्रशासन की सक्रियता से मुख्य स्नान पर्व सकुशल संपन्न

समृद्धि न्यूज़, कुंडा-प्रतापगढ़।



धार्मिक नगरी मानिकपुर स्थित सिद्ध पीठ मां ज्वालामुखी देवी धाम पर लगने वाले पांच दिवसीय कार्तिक पूर्णिमा मेला के अवसर पर लगभग 2 लाख श्रद्धालु स्नानार्थियों ने पतित पावनी मोक्षदायिनी मां गंगा की अविरल व निर्मल धारा में डुबकी लगाई। जहां प्रशासन के कड़े बंदोबस्त किए गए थे। गंगा स्नान के बाद हजारों श्रद्धालु भक्तों ने आदि शक्ति मां जगदंबा ज्वाला देवी धाम पहुंचकर दर्शन पूजन कर माथा टेका तथा मनवांछित फल की कामना की। 3 किलोमीटर क्षेत्र में फैले मेला क्षेत्र में चप्पे-चप्पे पर पुलिस की सक्रियता से मुख्य स्नान पर्व सकुशल संपन्न हो गया। कार्तिक पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर शाहाबाद गंगा स्नान घाट पर लगभग 10 हजार स्नानार्थी श्रद्धालु पहुंच चुके थे। मध्य रात्रि के बाद लगभग 3 बजे हर हर गंगे जय मां गंगे के जयकारे के साथ भक्तों ने मां गंगा की निर्मल धारा में डुबकी लगना शुरू किया। धीरे-धीरे स्नार्थियों की भीड़ बढ़ती गई। सुबह होते होते अमेठी घाट, राम जानकी घाट, सरस्वती घाट व किला घाट भीड़ से खचाखच भर गया। मानिकपुर नगर प्रशासन व पुलिस प्रशासन व जल पुलिस किस सक्रियता से इस वर्ष का मेला विगत मेलों से बेहतर साबित हुआ है। रहमत अली का पुरवा, शाहाबाद व मां ज्वाला देवी धाम तक तीन किलोमीटर क्षेत्र में फैले मेले में उप जिलाधिकारी अजय कुमार यादव, मेला मजिस्ट्रेट प्रमोद यादव, क्षेत्राधिकारी शिवनारायण बैस, प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार राय तथा मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉ विजय यादव भ्रमणशील रहे। जिससे कहीं भी अप्रिय घटना नहीं हो सकी।

मेले में लगा भूला भटका शिविर: शाहाबाद घाट पर नगर प्रशासन तथा जलन देवी मंदिर पर ट्रस्ट प्रशासन ने लगाया भूला भटका शिविर जहां पर दर्जनों की संख्या में परिजनों से बिछड़े लोगों को मिलाया गया। मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉ विजय यादव ने बताया कि मंदिर पर आयोजित भूला भटका शिविर में 27 बिछड़े लोगों को उनके परिजनों से मिलाया गया।

स्नान घाट व मंदिर पर लगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर: मेला क्षेत्र में आए हुए श्रद्धालु भक्तों के लिए शाहाबाद घाट वी ज्वाला देवी मंदिर पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाया गया था। जहां पर अस्वस्थ श्रद्धालुओं का इलाज किया गया।

मेले में रोडवेज की लगी 45 बसें 3.90 लाख का राजस्व लाभ: कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए राज्य सड़क परिवहन निगम ने रहमत अली के पुरवा मानिकपुर में 2 दिन के लिए अस्थाई रोडवेज बस स्टेशन बनाया गया था। जहां जहां यात्रियों के आवागमन के लिए 45 बसें लगाई गई थी। जिसमें 30 बस लालगंज डिपो तथा 15 बस प्रतापगढ़ डिपो की बसें लगी थी। मेला प्रभारी मोहम्मद आसिफने बताया कि इस वर्ष विभाग को 3.90 लाख रुपए का राजस्व लाभ हुआ है। रोडवेज विभाग के अधिकारी कर्मचारी गदगद है। मुख्य स्नान पर्व कुशल संपन्न होने पर मां ज्वालामुखी देवी मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉ विजय यादव ने जिला प्रशासन प्रशासन नगर प्रशासन व मंदिर ट्रस्ट कमेटी के प्रति धन्यवाद व आभार व्यक्त किया है।



भाजपा युवा मोर्चा की बैठक संपन्न

गोंडा। मंगलवार को गोण्डा भाजपा जिला कार्यालय में भारतीय जनता युवा मोर्चा जिले की बैठक संपन्न हुयी। बैठक में अतिथि के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा, उत्तर प्रदेश के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं गोण्डा जिले के जिला प्रवासी मानस भूषण द्विवेदी उपस्थित रहे। बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा हुयी। बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह, जिला उपाध्यक्ष वीरेन्द्र यादव समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।